✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 106 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 11 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात करते झारखण्ड के पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार राजदेव रंजन हत्याकांड में दोषियों को उम्रकैद

**सीवान(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पत्रकार राजदेव रंजन हत्याकांड में आज सीबीआइ की अदालत ने तीन दोषियों को सजा सुनाई है। सीबीआई कोर्ट ने विजय कुमार गुप्ता, रोहित कुमार सोनी और सोनू कुमार गुप्ता को आजीवन कारावास और 30 हजार आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। 30 अगस्त को अदालत ने सुनवाई पूरी करने के बाद विजय कुमार गुप्ता, रोहित कुमार सोनी और सोनू कुमार गुप्ता को हत्या का दोषी ठहराया था। वहीं, सबूतों के अभाव में लदन मियां, राजेश कुमार और रिशु कुमार जायसवाल को बरी कर दिया था।

### स्कूल जाते समय छात्रा की मौत

**गयाजी (नबिटा ब्यूरो)।** चंदौती थाना क्षेत्र के हनुमान चौकी के पास बुधवार सुबह एक बेकाबू हाईवा ने स्कूल जा रही छात्रा को रौंद दिया। हादसे में उसकी जान चली गई है। मृतका की पहचान इंग्लिश गांव की रहने वाली 9वीं कक्षा की छात्रा प्रियंका कुमारी के रूप में की गयी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही चंदौती थानाध्यक्ष और बीडीओ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने हादसे में शामिल हाईवा को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में प्रसिद्ध लैंडलॉर्ड लापता

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मनेर इलाके के प्रसिद्ध लैंडलॉर्ड और पूर्व पार्षद संजय सिंह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। उनकी कार राजधानी के दीघा घाट के पास लावारिस हालत में मिली है जिससे परिवार और क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम उनकी तलाश में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि वे बुधवार तड़के 3 बजे अपने घर से स्विफ्ट कार लेकर निकले थे। उनके भतीजे से सुबह 4:30 बजे बातचीत हुई थी। इसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिला है।

### रांची के लॉज से संदिग्ध आतंकी धराया

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के पथल कुदवा के पास स्थित जीके मैन्सन नाम के लॉज से बुधवार की सुबह आइएसआइएस के एक संदिग्ध आतंकी को हिरासत में लिया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने यह कार्रवाई की है। संदिग्ध आतंकी का नाम अशहर दानिश बताया गया है। वह मूल रूप से बोकारो जिले के पेटरवार का रहने वाला है। बीते करीब डेढ़ वर्षों से दानिश रांची के इस लॉज में रह रहा था। वह 14 जनवरी 2024 को लॉज में रहने आया था।

बक्सर-भागलपुर हाईस्पीड कॉरिडोर के तहत मोकामा-मुंगेर खंड के निर्माण को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

# 82 किमी लंबी मोकामा-मुंगेर खंड के निर्माण पर खर्च होंगे 4447 करोड़ रुपये : अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार में बक्सर-भागलपुर हाई-स्पीड कॉरिडोर के चार-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस-नियंत्रित मोकामा-मुंगेर खंड के निर्माण को हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर मंजूरी दी है। कुल परियोजना लंबाई 82.4 किलोमीटर है और इसका परिव्यय 4,447.38 करोड़ रुपये है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह बक्सर से भागलपुर तक कॉरिडोर का एक खंड है। इसपर 4,447 करोड़ रुपये खर्च होगा। यह दक्षिणी बिहार की एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इसमें अगर हम बक्सर से पटना जाते हैं तो पहले से ही एक अच्छा नेटवर्क है और आगे पटना से फतुहा और फतुहा से आगे बेगूसराय तक, यह परियोजना लगभग पूरी हो



चुकी है। कुछ छह लेन और कुछ चार लेन की हैं। आज जिस खंड को मंजूरी दी गई है वह मोकामा से मुंगेर तक 82 किलोमीटर और आगे मुंगेर से भागलपुर तक है। श्री वैष्णव ने कहा कि आजादी के बाद रेलवे कार्गो लगातार घट रहा था। 27% के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अब यह बढ़ने लगा है। अब मॉडल शेयर लगभग 29% तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में स्वीकृत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की कुल संख्या लगभग 11 लाख करोड़ रुपये की है और एक बहुत ही महत्वपूर्ण बदलाव हो रहा है। आप क्षेत्र में देख सकते हैं कि कैसे काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। कैसे इसके माध्यम से रोजगार पैदा हो रहा है और कैसे ये परियोजनाएं लोगों के जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव ला रही है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट एकल रेलवे लाइन खंड (177 किलोमीटर) के दोहरीकरण को मंजूरी दी है। इसकी कुल लागत 3,169 करोड़ रुपये है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह तीनों राज्यों को जोड़ने वाली एक बहुत ही महत्वपूर्ण परियोजना भी है। अगर हम इस परियोजना को मानचित्र पर देखें तो यह बिहार से शुरू होकर रामपुरहाट में झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ती है। अभी चलने वाली अधिकतम ट्रेन भागलपुर से मालदा टाउन और रामपुरहाट होते हुए हावड़ा जाती है। इस दोहरीकरण के बाद कई ट्रेनें भागलपुर से दुमका और वहां से सीधे रामपुरहाट जा सकेंगी। कई पैसेंजर ट्रेनें, मेल एक्सप्रेस ट्रेनें इससे होकर जा सकेंगी और यह देवघर के तीर्थ स्थान को भी जोड़ती है। एक तरह से, दक्षिण बिहार को कोलकाता की ओर जिस कनेक्टिविटी की आवश्यकता है, वह इस परियोजना द्वारा प्रदान की जाती है।

## भारतीय प्रशासनिक सेवा के छह अधिकारियों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 6 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। आईएएस नर्मदेश्वर लाल को गन्ना उद्योग विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा बुधवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की गयी है। 2008 बैच के आईएएस बी. कार्तिकेय धनजी को लघु जल संसाधन विभाग का सचिव बनाया गया है। उनका गन्ना उद्योग विभाग से ट्रांसफर किया गया है। इसी तरह पदस्थापना की प्रतीक्षा में रहीं छिरिंग वाई. भूटिया को स्वास्थ्य विभाग में अपर सचिव बनाया गया है। 2014 बैच के आईएएस यशपाल मीणा को भी स्वास्थ्य विभाग में अपर सचिव के पद पर तैनात किया गया है। उनका जल संसाधन विभाग से तबादला किया गया है। वहीं, आईएएस रजनीश कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए निबंधक, सहयोग समितियां, बिहार की जिम्मेदारी दी गई है। अंशुल अग्रवाल को निबंधक, सहयोग समितियां के पद से स्थानांतरित करते हुए मद्य निषेध विभाग में निबंधन महानिरीक्षक सह उत्पाद आयुक्त बनाया गया है। बता दें कि नर्मदेश्वर लाल 1998 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे अभी लघु जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव के पद पर तैनात थे। अब उन्हें गन्ना उद्योग विभाग में भेजा गया है। उनके पास सामान्य प्रशासन विभाग के जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार पूर्ववत रहेगा।

### अनुशासनहीनता के आरोप में सिंहेश्वर थानाध्यक्ष निलंबित

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिंहेश्वर थाना के थानाध्यक्ष रौशन कुमार को अनुशासनहीनता और कर्तव्यहीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उनकी पोस्टिंग के महज आठ दिन बाद की गई है। पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। बता दें कि एक सितंबर 2025 को ही रौशन कुमार की प्रतिनियुक्ति सिंहेश्वर थाने में की गई थी।

## भागलपुर के रास्ते मिजोरम से आनंद विहार तक चलेगी नई राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** भागलपुर जिलावासियों के लिए एक बड़ा तोहफा आने वाला है। मिजोरम की राजधानी आइजोल के पास स्थित एनएफआर रेलवे साइरांग से नई दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल तक एक नई राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन शुरू होने जा रहा है। यह भागलपुर के लिए दूसरी राजधानी और तीसरी वीवीआईपी ट्रेन होगी। रेलवे सूत्रों के अनुसार इस राजधानी एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर रवाना कर सकते हैं। यह ट्रेन भागलपुर और जमालपुर के यात्रियों को पूर्वोत्तर भारत और देश की राजधानी से सीधे जोड़ने में मदद करेगी। पूर्व रेलवे, कोलकाता के सीपीआरओ दीप्तिमोय दत्ता ने बताया कि 13 सितंबर को साइरांग से आनंद विहार के लिए ट्रेन का ट्रायल किया जाएगा। नियमित परिचालन की तारीख की घोषणा शीघ्र की जाएगी। नई राजधानी एक्सप्रेस साइरांग से चलकर न्यू जलपाईगुड़ी, मालदा टाउन, साहिबगंज, भागलपुर, जमालपुर, किऊल, पटना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और कानपुर सेंट्रल होते हुए आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। यह ट्रेन कुल 2510 किलोमीटर की दूरी 42 घंटे 20 मिनट में तय करेगी। इससे यात्रियों का समय बचेगा और उन्हें सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। नई राजधानी एक्सप्रेस न सिर्फ भागलपुर और जमालपुर के यात्रियों के लिए लाभकारी होगी बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा देगी।

मुख्यमंत्री ने एक करोड़ 13 लाख लोगों के खाते में भेजे 1263 करोड़ 95 लाख रुपये

## कोई भी योग्य सामाजिक पेंशनधारी नहीं छूटे : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के एक करोड़ 13 लाख लाभार्थियों के खाते में 1263 करोड़ 95 लाख रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जून माह से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं को हर माह मिलने वाली पेंशन की राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रतिमाह कर दी गयी है। सभी 38 जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि मुख्यमंत्री ने आज डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों को राशि ट्रांसफर कर दी है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में पिछले माह की तुलना में 1 लाख 23 हजार नये लाभुकों को स्वीकृति प्रदान की गई है। जून से अगस्त तक कुल पेंशनधारियों की संख्या में 2.22 लाख की वृद्धि हुई है। नीतीश कुमार ने कहा कि कोई भी योग्य सामाजिक पेंशनधारी छूटे नहीं इसका विशेष ख्याल रखें। आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन



योजना के लाभार्थियों को अगस्त माह की 1100 रुपये की पेंशन राशि उनके खाते में अंतरित की गई है, इसके लिए मुझे बहुत खुशी हो रही है। मैं आप सभी को बधाई देता हूं। समय पर पेंशन की राशि लाभुकों के खाते में पहुंचने से उन्हें सहूलियत होती है। सभी के जीवन को सम्मानजनक तथा बेहतर बनाने के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। बिहार में 6 प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों के खाते में राशि भेजी जा रही है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत 35,38,296 पेंशनधारियों के खाते में आज कुल 389 करोड़ 30 लाख 96 हजार रूपये की राशि अंतरित की गयी है। वहीं मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के तहत 51,98,211 पेंशनधारियों के खाते में 585 करोड़ 86 लाख 97 हजार 900 रूपये, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के अंतर्गत 6,35,719 पेंशनधारियों के खाते में 70 करोड़ 31 लाख 93 हजार 100 रूपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के अन्तर्गत 1,10,319 पेंशनधारियों के खाते में 12 करोड़ 13 लाख 79 हजार 700 रूपये, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 8,81,680 पेंशनधारियों के खाते में 97 करोड़ 97 लाख 82 हजार 700 रूपये एवं बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के तहत 9,78,483 पेंशनधारियों के खाते में 108 करोड़ 33 लाख 2 हजार 300 रूपये की राशि अंतरित की गयी है।

## सीएम ने 1433 करोड़ 77 लाख की लागत वाली योजनाओं का किया शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना जिला अंतर्गत 1433 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से कुल 06 योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने दीदारगंज एवं बाढ़ जाकर आयोजित कार्यक्रम स्थल से विभिन्न योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 1065 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से राज्य उच्च पथ संख्या 106-दीदारगंज-फतुहा-बख्तियारपुर-करजान पथ का 4-लेन में चौड़ीकरण, 9 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत से बाढ़ के उमानाथ मंदिर परिसर के समीप श्मशान घाट का विकास और विद्युत शवदाह गृह के निर्माण कार्य तथा 249 करोड़ 88 लाख रुपये की लागत से बख्तियारपुर-बाढ़-मोकामा पथ के 45.70 किमी अथमलगोला से मोकामा



बाटा चौक तक पथ का चौड़ीकरण कार्य शामिल है। साथ ही 11 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से बख्तियारपुर में हिदायतपुर एवं मंझौली के बीच घोबा नदी पर पुल का निर्माण कार्य, 67 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से बाढ़ के उमानाथ मंदिर परिसर का सौंदर्गीकरण एवं नागरिक सुविधाओं का विकास कार्य तथा 29 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से बाढ़ वाटर ड्रेनेज का निर्माण कार्य शामिल है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि दीदारगंज से करजान तक फोरलेन पथ के चौड़ीकरण हो जाने से यातायात में सुविधा होगी। बख्तियारपुर में एलिवेटेड बाईपास तथा फतुहा में फ्लाईओवर बनने से लोगों का आवागमन और सुगम होगा। मुख्यमंत्री बख्तियारपुर के सीढ़ी घाट भी गये और सीढ़ी घाट पर कराये जा रहे विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने दीदारगंज-फतुहा बख्तियारपुर-करजान पथ के बाईपास का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर के श्री राधे कृष्ण मंदिर एवं बाढ़ के उमानाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुदकलकुट्टी आदि उपस्थित थे।

## निकायों में छह माह के अंदर होगा सशक्त स्थायी समिति का चुनाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के निकायों में छह माह के भीतर सशक्त स्थायी समिति सदस्यों का चुनाव होगा। वोटिंग के जरिए चुनाव अब सीधे पार्षद करेंगे। डीएम की निगरानी में पूरी चुनाव प्रक्रिया संपन्न होगी। नगर विकास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। अभी सभी 264 निकायों की समिति में महापौर या नगरपालिका अध्यक्ष की ओर से मनोनीत सदस्य हैं। नगपालिका अधिनियम की धारा 21 की उपधारा(3) में संशोधन के बाद यह निर्णय लिया गया है। संशोधन को कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। इसके अनुसार कैबिनेट की मंजूरी के छह माह के भीतर चुनाव होना है। इसके अलावा आगे भी समिति में कोई पद रिक्त होने पर दोबारा चुनाव होगा। नए चुने गए सदस्य का कार्यकाल शेष बची अवधि के लिए होगा। इसके लिए धारा-23 की उपधारा (3) में भी संशोधन को मंजूरी दी गयी है। नगर विकास मंत्री जिवेश कुमार ने कहा कि लंबे समय से पार्षदों की मांग थी कि समिति सदस्यों को चुनने का अधिकार मनोनयन न होकर निर्वाचन हो। अब चयन प्रक्रिया के लोकतांत्रिक होने से नगरपालिका के काम में पारदर्शिता आएगी। बैठक में भाग लेने के लिए केंद्रीय मंत्री, केंद्रीय राज्य मंत्री, राज्य सरकार के मंत्री और राज्य मंत्री, सांसद और विधायक अपने प्रतिनिधि को मनोनीत कर बैठक में भेज सकते हैं।

## बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बनाये गये 90712 मतदान केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सभी 38 जिलों में मतदान केंद्रों का निर्धारण कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव में 243 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 90712 मतदान केंद्र निर्धारित हुए हैं। निर्वाचन विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य में सबसे अधिक 14 विधानसभा क्षेत्र वाले पटना जिले में सर्वाधिक 5665 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। वहीं, एकमात्र विधानसभा क्षेत्र वाले शिवहर जिले में मात्र 368 मतदान केंद्र होंगे। निर्वाचन विभाग के मुताबिक पटना सहित आठ जिलों में दस या उससे अधिक विधानसभा क्षेत्र हैं। वहीं, पांच या उससे अधिक और 10 से कम विधानसभा क्षेत्र वाले 17 जिले जबकि पांच से कम विधानसभा क्षेत्र वाले 13 जिले हैं। पटना के बाद मुजफ्फरपुर जिले में सबसे अधिक 4186 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इसके बाद पूर्वी चंपारण, मधुबनी, गया, समस्तीपुर और दरभंगा में सर्वाधिक मतदान केंद्र बने हैं। सबसे कम मतदान केंद्र वाले जिलों में शिवहर, शेखपुरा, अरवल, लखीसराय, जहानाबाद शामिल हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार राज्यभर में 12817 नये मतदान केंद्र जोड़े गये हैं। 1200 से कम मतदाता पर मतदान केंद्र का निर्धारण करने से यह संख्या बढ़ी है। पहले मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम सीमा 1500 थी, जिसे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अधिकतम 1,200 कर दिया गया है। इसके चलते बिहार में मतदान केंद्रों की कुल संख्या पहले 77,895 से बढ़कर 90,712 हो गई। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने इस साल सभी 90712 मतदान केंद्रों पर लाइव वेब-कास्टिंग की व्यवस्था की है।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए अधिसूचना जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। एसटीईटी 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया गुरूवार से शुरू हो जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 19 सितंबर है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को लाइफटाइम के लिए वैद्य प्रमाण पत्र मिलेगा, जो उन्हें आगामी बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने का सीधा मौका देगा। एसटीईटी का आयोजन 4 से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा। परिणाम 1 नवंबर को जारी किया जाएगा। एक पेपर के लिए आवेदन शुल्क जनरल/बीसी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए 960 रुपये जबकि एससी/एसटी/ पीएच के लिए 760 रुपये होगा। जबकि दोनों पेपर के लिए आवेदन शुल्क जनरल/बीसी/ ईडब्ल्यूएस के लिए 1440 रुपये जबकि एससी/एसटी/पीएच के लिए आवेदन शुल्क 1140 रुपये है।

pnb स्वयं सहायता समूह (SHG) एवं लखपति दीदी

स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं को उनका व्यवसाय बढ़ाने के लिए

स्वीकृति पत्र वितरण एवं संवितरण कार्यक्रम

स्थान : राधेश्याम उत्सव हॉल, नबीनगर (औरंगाबाद) | दिनांक : 12 सितंबर 2025 (शुक्रवार)

पीएनबी एनआरएलएम एवं

"पीएनबी श्रेष्ठ योजना"



स्वयं सहायता समूह की ऋण सीमा में 10 लाख एवं 20 लाख तक की स्वीकृति एवं लखपति दीदी "योजना अन्तर्गत" 5.00 लाख तक की स्वीकृति

www.pnbindia.in

पंजाब नैशनल बैंक | punjab national bank ...the name you can BANK upon!

पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय-औरंगाबाद

# महागठबंधन में बाहर दिखावा, अंदर खींचतान और गड़बड़झाला : गिरिराज सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार की राजनीति में एक बार फिर महागठबंधन की अंतर्कलह खुलकर सामने आ गई है। कांग्रेस ने साफ संकेत दे दिया है कि वह राज्य में अब निर्णायक भूमिका में रहने वाली है और कम से कम 70 सीटें अपने हिस्से में चाहती है। कांग्रेस इन सीटों का चयन भी खुद करेगी और केवल ल्लजिताऊ सीटें ही लेगी। उधर, सहनी की वीआइपी पार्टी 60, माले 40 और जेएमएम व रालोजपा (पारस गुट) जैसी पार्टियां भी कम से कम 10 सीटों की मांग कर रही हैं। ऐसे हालात में राजद के हिस्से मुश्किल से 53 सीटें ही बचेंगी। महागठबंधन दरअसल वह ट्रेन है जिसकी हर बोगी इंजन बनने की कोशिश में है। यही वजह है कि इस गठबंधन में एकजुटता कम और गड़बड़झाला ज्यादा है। उक्त बातें केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह ने आज कही। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की आपसी कलह उपराष्ट्रपति चुनाव के दौरान भी देखने को मिली। एक तरफ जहां एनडीए एकजुट दिखी, वहीं इंडी गुट के 14 सांसदों ने उपराष्ट्रपति चुनाव के दौरान एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में अपना मत किया। भाजपा के नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि यह वही राजद है जो बाहर से खुद को विपक्ष का अगुआ दिखाने की कोशिश कर रही है, लेकिन भीतर से उसके सहयोगी ही उसके पैरों तले जमीन खींच रहे हैं। हकीकत यह है कि महागठबंधन में अब फैसला राहुल गांधी और कांग्रेस के हाथ में है और तेजस्वी का कद लगातार बौना होता जा रहा है। मंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी यादव की मजबूरी है कि अब वो बिहार की अस्मिता पर भी चुप्पी साध चुके हैं। वे कांग्रेस के दवाब में उन नेताओं के साथ मंच साझा करते दिखे जो बिहार का अपमान करते आये हैं। कांग्रेस के पीछे घूमने के बावजूद भी तेजस्वी को असल भाव नहीं मिल रहा है। कांग्रेस इस गठबंधन में रहकर सत्ता की चाभी अब अपने हाथ रखना चाहती है और बिहार में रिमोट वाली सरकार बनाने का इरादा रखती है। मंत्री गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि तेजस्वी यादव बार-बार खुद को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बताते हैं, लेकिन राहुल गांधी गोलमोल जवाब देकर सिर्फ इतना कहते हैं कि मजा आ रहा है। उन्होंने कहा कि सच यही है कि कांग्रेस तेजस्वी को मुख्यमंत्री पद का चेहरा स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

## पिछले पांच साल में 50 लाख से अधिक युवाओं को मिली नौकरी-रोजगार : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के नेता सम्राट चौधरी ने आज कहा कि जिस बिहार को कभी पलायन और बेरोजगारी की पीड़ा से पहचाना जाता था, वही बिहार आज रोजगार, आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का साक्षी बन रहा है। राजद के कुशासन और बेरोजगारी के दिनों को पीछे छोड़ते हुए बिहार ने एनडीए के डबल इंजन सरकार के तहत रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण और आर्थिक विकास में देश भर में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि आज बिहार की जीडीपी देश के सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में शुमार है और प्रति व्यक्ति आय में भी लगातार वृद्धि हो रही है। एनडीए सरकार होने के कारण बिहार में 'हर हाथ को काम और हर घर को आमदनी' का सपना हकीकत बन रहा है। भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में 50 लाख युवाओं को रोजगार और सरकारी नौकरी का लक्ष्य पूरा किया गया है और आने वाले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का संकल्प है।

## बिहार की महिलाएं सशक्तिकरण से भर रही नई उड़ान : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रवासी महिला विस्तारक अभियान की बैठक आयोजित की गई। बैठक में देशभर के विभिन्न राज्यों की वरिष्ठ महिला नेता और महिला विस्तारकों ने हिस्सा लिया। बैठक में संगठनात्मक विस्तार एवं सशक्तिकरण को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न विधानसभाओं में 10 सितंबर से 18 सितंबर तक महिला, जीविका, आशा और प्रबुद्ध एवं सामाजिक महिलाओं से संपर्क करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस अभियान का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की महिलाओं से संबंधित योजनाओं को घर-घर पहुंचाना है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने बैठक का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि प्रवासी महिलाओं की सक्रिय सहभागिता एवं संगठन के प्रति समर्पण निस्संदेह पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक विस्तार एवं महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में यह बैठक एक महत्वपूर्ण कदम बनेगा। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि बिहार की महिलाएं के सशक्तिकरण को लेकर नई उड़ान भर रही हैं। केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की नीतीश सरकार कई ऐसी योजनाएं धरातल पर उतारी हैं जिसका प्रतिफल है कि आज सभी क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता देखने को मिल रही है। उन्होंने बिहार का उदाहरण देते हुए कहा कि बिहार में महिलाओं के सशक्तिकरण का ही परिणाम है कि कल जो महिलाएं खुद की सुरक्षा की बात करती थीं, आज वे पुलिस विभाग में भर्ती होकर दूसरों को सुरक्षा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी समाज में बदलाव महिलाओं की भागीदारी के बिना संभव नहीं है।

## मुख्य पार्षद ने डेढ़ करोड़ की लागत से 12 योजनाओं का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** बुधवार को नगर परिषद के वार्ड 10 व 12 में करीब डेढ करोड की लागत से 12 योजनाओं का उदघाटन मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी व सशक्त समिति सदस्य के प्रतिनिधि सह समाजसेवी धीरज कुमार यादव द्वारा नारियल फोड़कर तथा निर्माण स्थल पर लगाये गये शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। मुख्य पार्षद ने कहा कि वार्ड 10 में एक करोड की लागत से 8 योजनाओं का उदघाटन और वार्ड 12 में 50 लाख से 5 योजनओं का उदघाटन किया गया है। उन्होंने कहा सभी वार्डों में पीसीसी सडक , नाला व गली का निर्माण कराया जा रहा है।

## राजस्व महा-अभियान : अब हलकों में लगेंगे अतिरिक्त शिविर

### महादलित टोलों और जन प्रतिनिधियों तक प्राथमिकता देकर पहुंचाई जाएगी जमाबंदी पंजी की प्रति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने चल रहे राजस्व महा-अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अहम निर्णय लिया है। विभाग ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अब किसी भी हलके (पंचायत) में आवश्यकता पड़ने पर दो से अधिक अतिरिक्त शिविर आयोजित किए जा सकते हैं। विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी जिला समाहर्ताओं को पत्र लिखकर कहा है कि अभियान की प्रगति समीक्षा में यह अनुभव हुआ है कि कई हलकों में मात्र दो शिविरों से सभी आवेदकों की समस्याओं का समाधान संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए अंचल अधिकारी अपने स्तर से अतिरिक्त शिविर आयोजित कर सकेंगे। साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि अतिरिक्त शिविरों से अभियान की अन्य गतिविधियां प्रभावित न हों। सचिव ने यह भी निर्देश दिया है कि महादलित टोलों एवं बस्तियों में विशेष ध्यान दिया जाए। वहां तक प्राथमिकता देकर जमाबंदी की प्रति जरूर उपलब्ध कराएं। कई स्थानों पर बंदोबस्त की गई भूमि की जमाबंदी पंजी की प्रति महादलित परिवारों तक समय पर नहीं पहुंच पा रही है। इसलिए अब वितरण दल को प्राथमिकता के आधार पर महादलित बस्तियों में जाकर प्रति एवं आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराने होंगे, ताकि वे शिविरों में उपस्थित होकर त्रुटि-निवारण हेतु आवेदन कर सकें। इसी क्रम में विभाग ने स्पष्ट किया है कि जन प्रतिनिधियों को भी उनके नाम से संबंधित भूमि की जमाबंदी पंजी की प्रति तथा विहित प्रपत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य है। विभाग का मानना है कि रैयतों की तरह जन प्रतिनिधियों को भी यह सुविधा देने से वे अभियान की निगरानी एवं जागरूकता कार्य में और अधिक सक्रिय हो सकेंगे। ज्ञात हो कि 16 अगस्त से शुरू हुआ यह राजस्व महा-अभियान 20 सितम्बर तक चलेगा। इस दौरान ऑनलाइन जमाबंदी पंजी की प्रति एवं विभिन्न प्रपत्रों का घर-घर वितरण, शिविरों में जमाबंदी में त्रुटि सुधार, छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन करने, बंटवारा नामांतरण एवं उत्तराधिकार नामांतरण के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। अतिरिक्त शिविरों की अनुमति मिलने से अधिक से अधिक ग्रामीणों को सुविधा मिलने की संभावना है।

## महाप्रबंधक ने किया पटना-गया तथा गया-सोननगर रेलखंड का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-गया एवं गया-सोननगर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलमार्ग के स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, एफओबी, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक सोन नगर जंक्शन पहुंचे जहां उन्होंने यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना अपने-अपने क्षेत्राधिकार में उपस्थित थे। निरीक्षण जारी है।

## डिजिटल सुशासन के लिए आधार सत्यापन प्रमुख माध्यम : डॉ. सिद्धार्थ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार के विकास आयुक्त डॉ. एस. सिद्धार्थ ने कहा कि सुदृढ़ डिजिटल गवर्नेंस के लिए 'आधार' सबसे प्रमुख माध्यम है। इससे लोगों को न सिर्फ विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा सकता है, बल्कि योग्य लाभार्थियों की सही पहचान सुनिश्चित हो सकती है। डॉ. एस सिद्धार्थ बुधवार को राजधानी पटना में बिहार सरकार के सूचना प्रावैधिकी विभाग द्वारा 'आधार सत्यापन सह सुदृढ़ डिजिटल सुशासन' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधत कर रहे थे। कार्यशाला को बिहार सरकार के सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह के अलावा विभाग के विशेष सचिव, यूआईडीएआई के उप महानिदेशक सहित वरीय अधिकारियों ने संबोधित किया। इस कार्यशाला में बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि आधार सत्यापन के माध्यम से बिहार में कई फर्जी राशन कार्ड की पहचान की गई है और उन्हें रद्द किया गया है। आधार कार्ड का मामला सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के पास आधार के साथ-साथ कई तरह के कार्ड और उसके नंबर उपलब्ध हैं। जैसे आपके आधार का नंबर कुछ है और आपके मतदाता पहचान पत्र, पैन, बैंक खातों में कुछ और नंबर दिए गए हैं जिससे सही व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करने में कई तरह की समस्याएं सामने आती हैं। यदि एक व्यक्ति के पास एक ही पहचान पत्र और एक ही यूनिक नंबर उपलब्ध हो तो सही लाभार्थी की पहचान करना आसान हो जाएगा। इससे डिजिटल सुशासन में भी पार्दर्शिता आएगी। आधार संख्या किसी भी व्यक्ति के लिए आजीवन वैध होती है और इसे विभिन्न पहचान उद्देश्यों के लिए प्रस्तुत किया जा सकता है। विकास आयुक्त ने कहा कि आधार में व्यक्ति की जनसांख्यिकीय जानकारी यानी उसका नाम, पता, जन्मतिथि, लिंग और बायोमेट्रिक जानकारियां जैसे फिंगरप्रिंट, आइरिस स्कैन और फोटो शामिल होते हैं, लेकिन बिहार में आधार से जुड़ी कई चुनौतियां भी हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों मैं शिक्षा विभाग का कामकाज देख रहा था। मैंने पाया कि बिहार में बच्चों का आधार कार्ड बनवाने में कई तरह की विसंगतियां हैं जबकि यदि बच्चों का आधार उनके जन्म के साथ ही बनवा लिया जाए तो इन विसंगतियों को दूर किया जा सकता है।

## पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में आयकर संबंधी सेमिनार, प्राचार्य व बर्सरों को दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की ओर से स्थानीय जेडी वीमेंस कॉलेज में आयकर विभाग के सहयोग से विश्वविद्यालय से जुड़े सभी कॉलेजों के प्राचार्य, बर्सर और सहायकों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलसचिव डॉ. अबू बकर रिजवी, वित्त पदाधिकारी देव प्रकाश, सहायक आयकर आयुक्त राज गौरव और आयकर पदाधिकारी महेश कुमार राव ने संयुक्त रूप से किया। सेमिनार में आयकर अधिकारियों ने विस्तार से बताया कि शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन से आयकर किस प्रकार काटा जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार की ओर से किसी वित्तीय वर्ष में नौ या दस माह का ही वेतन दिया गया हो तो उतने ही वेतन पर टैक्स देना होगा। शेष राशि के भुगतान पर अगले वित्तीय वर्ष में टैक्स देना होगा। इसके लिए फॉर्म 89 भरकर एडवांस टैक्स में छूट ली जा सकती है। एरियर भुगतान के मामले में भी फॉर्म 89 भरना आवश्यक बताया गया। इसके साथ ही यह जानकारी दी गई कि ठेकेदारों अथवा अन्य सेवाओं के भुगतान पर 2 प्रतिशत टीडीएस काटना अनिवार्य है जबकि पैन कार्ड न होने पर यह दर 20 प्रतिशत हो जाएगी। शिक्षकों को समय पर फॉर्म-16 जारी करने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के प्राचार्य, उनके प्रतिनिधि, बर्सर और अकाउंटेंट मौजूद थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा की पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन एवं पोठही शाखा का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बैंक ऑफ बड़ौदा की पाटलीपुत्र रेलवे स्टेशन एवं पोठही शाखा का शुभारंभ किया गया। इन दोनों शाखाओं का उद्घाटन सुब्रत कुमार स्वाईं (महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, पटना अंचल) द्वारा किया गया। इस अवसर पर विजय कुमार झा (उप महाप्रबंधक, पटना अंचल), राकेश रंजन सिंह, (उप महाप्रबंधक पटना अंचल), नलिन कुमार (क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र), संजय कुमार राय (उप क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र) सहित बैंक के अन्य स्टाफ सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्राहकगण उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अंचल प्रमुख ने बैंक ऑफ बड़ौदा पटना अंचल की 316वीं एवं 317वीं शाखा को ग्राहकगण को समर्पित किया एवं आश्वस्त किया कि इन शाखाओं के माध्यम से ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुसार बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से अनुरोध किया है कि वे बैंक से जुड़कर अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करें। शाखा में हर स्तर पर उत्कृष्ट ग्राहक सेवा उपलब्ध कराई जायगी। शुभारंभ के साथ ही बड़ी संख्या में ग्राहकों ने अपने खाते खोले तथा बैंक द्वारा दी जा रही सेवाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया।

## 12 साल बाद पटना का नोट्र डेम एकेडमी फंडाजल से जगमगाएगा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना का नामचीन शैक्षणिक संस्थान नोट्र डेम एकेडमी लंबे 12 साल बाद अपने बहुप्रतीक्षित मेला 'फंडाजल' का आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि छात्रों, अभिभावकों और समाज के लिए मस्ती और सीख का एक अनोखा संगम प्रस्तुत करेगा। इस बार फंडाजल का विषय है- आइए मस्ती के लिए, जाइए खुशी के साथ और खाइए-खेलिए-आनंद लीजिए, सब एक उद्देश्य के लिए। आयोजन की तैयारियां उत्साहपूर्ण अंदाज में शुरू हो चुकी है। रंग-बिरंगे पोस्टर और आकर्षक लघु वीडियो ने पूरे माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया है। शुभारंभ समारोह में स्कूल समुदाय की प्रमुख हस्तियों की मौजूदगी ने इसे और खास बना दिया। इस अवसर पर सिस्टर नमिता (मैनेजर), सिस्टर नेहा (प्रिंसिपल), सिस्टर हेमा (हेडमिस्ट्रेस) और सिस्टर नम्रता ने इस अवसर को अपने आशीर्वाद और प्रोत्साहन से गौरवान्वित किया।

## किसानों के हाथों में अब डिजिटल शक्ति: 'बिहार कृषि' मोबाइल एप

### सरकारी योजनाओं के लिए एकल डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार कृषि के क्षेत्र में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएं सरल और पारदर्शी ढंग से उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा 'बिहार कृषि' मोबाइल एप्लीकेशन की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह एप किसानों के लिए एक बहुउद्देशीय और उपयोगी डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसके माध्यम से किसान सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 6.90 लाख किसान इस मोबाइल एप को डाउनलोड कर पंजीकरण करा चुके हैं, जो इस एप की लोकप्रियता और किसानों के बीच बढ़ते विश्वास को स्पष्ट दर्शाता है। 'बिहार कृषि' एप्लीकेशन को एकल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है जिससे किसान विभिन्न कृषि योजनाओं में आवेदन करने के साथ-साथ अपने आवेदन की स्थिति और स्वीकृति संबंधी जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। इस एप के माध्यम से किसानों को योजना से जुड़ी सभी सूचनाएं और सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस एप में 'किसान पासबुक' की सुविधा जोड़ी गई है। यह पासबुक बैंक पासबुक की तरह कार्य करता है और इसमें किसान द्वारा कृषि विभाग से प्राप्त अनुदान का पूरा ब्यौरा दर्ज होता है। इससे किसानों को यह जानने में सुविधा होगी कि उन्हें किस योजना के तहत कितना लाभ मिला है।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 5 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम के द्वारा विभिन्न शाखा कार्यालय एवं औषधालय सह शाखा कार्यालय में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों का समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया। बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सीजीएचएस/सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दिया गया कि गैर आपातकालीन के मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा में पहले इलाज प्राप्त करें वहां चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज करायें। साथ ही उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को यह आश्वासन भी दिया गया कि उनकी सुविधाओं में उत्तरोत्तर सुधार हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम कार्यवायी कर रहा है।

## सरकारी मदद से किसान कर सकते हैं गेंदा फूल की खेती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अब बिहार सरकार की मदद से किसान गेंदा के फूलों की खेती कर सकते हैं। बिहार सरकार के कृषि विभाग ने गेंदा विकास योजना से किसानों को लाभांवित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगा है। गेंदा फूल की खेती से किसान कम समय में अधिक मुनाफ कमा सकते हैं। एक किसान को न्यूनतम 0.1 हेक्टेयर और अधिकतम 2 हेक्टेयर तक जमीन पर इस योजना का लाभ मिल सकता है। योजना के तहत इसकी खेती पर इकाई लागत दर 80 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर है जिस पर अनुदान की राशि 50 प्रतिशत है। गेंदा फूल की खेती के लिए किसान के पास जमीन होना आवश्यक है। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों के पास एलपीसी तथा जमीन की अद्यतन रसीद होना आवश्यक है जिन किसानों के पास जमीन उपलब्ध नहीं है, वे एकरारनामा के आधार पर योजना का लाभ ले सकते हैं। वहीं यदि आवेदक का नाम भूमि-स्वामित्व/राजस्व रसीद में स्पष्ट नहीं है तो भूमि-स्वामित्व /राजस्व रसीद के साथ वंशावली भी लगाना होगा।

**इसकी खेती करने वाले ले सकेंगे मालवाहक वाहन पर अनुदान**

गेंदा फूल की खेती करने वाले किसान को मालवाहक वाहन योजना का भी लाभ मिलेगा। किसान अपने खेतों में उत्पादित गेंदा फूल बाजार भेज सकें इसके लिए उन्हें मालवाहक वाहन खरीदने के लिए अनुदान दिया जा रहा है। मालवाहक वाहन की अनुमानित लागत 6,50,000 रूपए है जिसका 50 प्रतिशत अर्थात 3,25,000 रुपए या वाहन का वास्तविक मूल्य का 50 प्रतिशत, दोनों में से जो कम हो उस पर अनुदान मिलेगा। इसके लिए आवेदक को खरीद किये जाने वाले वाहन का कोटेशन, जमीन के कागजात तथा गेंदा फूल की खेती से सम्बंधित एकरारनामा, तीनों कागजात को एक साथ कर आवेदन के क्रम में अपलोड करना होगा। इसकी अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग के किसान कॉल सेंटर या नजदीकी कृषि कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## पटना में भोला पासवान शास्त्री स्मृति व्याख्यान

### अनुसूचित जातियों की राजनीतिक दावेदारी पर विचार-विमर्श

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** विधान परिषद के सभागार में आयोजित भोला पासवान शास्त्री स्मृति व्याख्यान में मगध विश्वविद्यालय, बोध गया के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने मुख्य वक्ता के रूप में अनुसूचित जातियों की राजनीतिक दावेदारी पर गहन चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य श्याम प्रसाद, विशिष्ट अतिथि मोहन सिंह क्षत्रिय कार्यवाहक और राणा प्रताप उपस्थित थे। अध्यक्षता डॉक्टर संजय पासवान, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य ने की। प्रोफेसर शाही ने अपने व्याख्यान में 1950 से लेकर वर्तमान तक बिहार की अनुसूचित जातियों की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा 1950 में भारतीय संविधान लागू होने के साथ ही अनुसूचित जातियों को सामाजिक न्याय, समान अवसर और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की संवैधानिक गारंटी मिली। उन्होंने इतिहास का जिक्र करते हुए बताया कि राष्ट्रीयकृत संपत्ति शासन था जहां सदियों से दबे हुए और शोषित समूह को लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर प्रदान किया गया। आरक्षण व्यवस्था, राजनीतिक सीटों का वितरण और मूलभूत अधिकारों ने अनुसूचित जातियों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया। व्याख्यान में प्रोफेसर शाही ने बिहार राज्य पर विशेष जोर दिया जहां अनुसूचित जातियों की राजनीतिक चुनौतियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा बिहार राज्य जो सामाजिक-राजनीतिक आदोलनों का गढ़ रहा है, अनुसूचित जातियों की राजनीतिक चेतना का केंद्र बना।

## खेल समाचार

### सिंधु हॉन्ग-कॉन्ग ओपन में हारीं, डेनमार्क की प्रतिद्वंद्वी से हारकर टूर्नामेंट से बाहर

**हॉन्गकॉन्ग, एजेंसी।** यह सिंधु की 25 वर्षीय क्रिस्टोफरसन के खिलाफ छह मैचों में पहली हार है। उन्हें यह हार ऐसे समय में मिली है जब वह फॉर्म में वापसी का संकेत दे रही थीं। भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु बुधवार को यहां तीन गेम तक चले मैच में डेनमार्क की गैरवरीय



लाइन क्रिस्टोफरसन से हारकर हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। क्रिस्टोफरसन ने सिंधु को 21-15, 16-21, 19-21 से हराया। यह सिंधु की 25 वर्षीय क्रिस्टोफरसन के खिलाफ छह मैचों में पहली हार है। उन्हें यह हार ऐसे समय में मिली है जब वह फॉर्म में वापसी का संकेत दे रही थीं। यह स्टार भारतीय खिलाड़ी इस साल के शुरू में स्विस ओपन और जापान ओपन में शुरुआती दौर में ही बाहर हो गई थी। सिंधु ने पहले गेम में 3-1 की शुरुआती बढ़त बना ली थी, लेकिन डेनमार्क की खिलाड़ी ने 5-5 से बराबरी कर ली। सिंधु ने इसके बाद अपने खेल का स्तर बढ़ाया और लगातार अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी 13-12 से आगे थी, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक गंवा दिए। तीसरे और निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की। इस गेम में दोनों खिलाड़ी एक समय 19-19 की बराबरी पर थे, लेकिन क्रिस्टोफरसन ने लगातार दो अंक बनाकर सिंधु का सफर यहीं पर समाप्त कर दिया। रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा की महिला युगल जोड़ी को राउंड-32 के मैच में हांगकांग की ओई की वेनेसा पांग और सुम याउ वोंग से मात्र 28 मिनट में 17-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। चेन चेंग कुआन और हसू यिन-हुई की चीनी ताइपे की जोड़ी ने ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो को 31 मिनट में 16-21, 11-21 से हराया।

### काव्या मारन की टीम ने किया नए कप्तान का ऐलान, 25 साल के खिलाड़ी को दी बड़ी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका की टी20 लीग एसए20 के चौथे सीजन के लिए जोहानिसबर्ग में ऑक्शन हुआ. इस दौरान रिकॉर्डतोड़ बोली देखने को मिली. वहीं, इस ऑक्शन के बाद सभी टीमों में कई नए खिलाड़ियों की एंट्री हो गई है, जिसमें काव्या मारन की टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप भी शामिल है. सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने ऑक्शन में कई बड़े खिलाड़ियों पर दांव खेला. इसकी के साथ सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने अगले सीजन के लिए नए कप्तान का भी ऐलान कर दिया है.

#### सनराइजर्स ईस्टर्न केप के नए कप्तान का ऐलान

सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 2026 सीजन के लिए स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स को अपना कप्तान बनाने का ऐलान किया है. ट्रिस्टन स्टब्स पहले सीजन से इस टीम का हिस्सा हैं. वह पहले दो बार के चैंपियन कप्तान एडन मार्करम की जगह लेंगे. मार्करम ने सनराइजर्स को 2023 और 2024 में खिताब दिलाया था, हाल ही में हुए एसए20 ऑक्शन में डरबन सुपर जायंट्स में 7 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड राशि के साथ शामिल हो गए हैं. जिसके चलते सनराइजर्स ईस्टर्न केप को नया कप्तान चुनना पड़ा है. 25 साल के ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और शानदार विकेटकीपिंग से सनराइजर्स के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. उन्होंने एसए20 में 140.11 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट के साथ 723 रन बनाए हैं. स्टब्स ने पिछले 3 सीजन में सनराइजर्स के लिए कई मैच जिताऊ पारियां खेलीं थी. जिसके चलते टीम ने उन्हें ये बड़ी जिम्मेदारी दी है. बता दें, सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने ऑक्शन से पहले ट्रिस्टन स्टब्स को रिटेन किया था. वहीं, जॉनी बेयरस्टो को प्री-साइन किया था.

#### ऑक्शन में इन खिलाड़ियों को खरीदा

सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने ऑक्शन में क्विंटन डी कॉक, मैथ्यू ब्रीट्जके, एनरिक नॉर्खिया, सेनुरन मुथुसामी, पैट्रिक क्रूगर, लूथो सिपामला, मिचेल वैन बुरेन, जॉर्डन हरमन, जेम्स कोल्स, क्रिस वुड, लुईस ग्रेगरी, सीजे किंग, जेपी किंग और बेयर्स स्वानेपेल को खरीदा.

#### सनराइजर्स ईस्टर्न केप का स्क्वॉड

ट्रिस्टन स्टब्स (कप्तान), जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर) मैथ्यू ब्रीत्जके, अल्लाह गजनफर, मार्को यानसन, एडम मिल्ने, एनरिक नॉर्खिया, जॉर्डन हरमन, सेनुरान मुथुसामी,, लुईस ग्रेगरी, पैट्रिक क्रूगर, बेयर्स स्वानपोल, लूथो सिपामला, मिचेल वान बुरेन, क्रिस वुड, सीजे किंग और जेपी किंग।

# सतत प्रेरणा देने वाला है मोहन भागवत का पूरा जीवन

**– नरेन्द्र मोदी**



आज 11 सितंबर है। यह दिन अलग-अलग स्मृतियों से जुड़ा है। एक स्मृति 1893 की है, जब स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में विश्वबंधुत्व का संदेश दिया और दूसरी स्मृति है 9/11 का आतंकी हमला, जब विश्व बंधुत्व को सबसे बड़ी चोट पहुंचाई गई। आज के दिन की एक और विशेष बात है। आज एक ऐसे व्यक्तित्व का 75वां जन्मदिवस है जिन्होंने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र पर चलते हुए समाज को संगठित करने, समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। संघ परिवार में जिन्हें परम पूजनीय सरसंघचालक के रूप में श्रद्धाभाव से संबोधित किया जाता है, ऐसे आदरणीय मोहन भागवत जी का आज जन्मदिन है। यह एक सुखद संयोग है कि इसी साल संघ भी अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। मैं भागवत जी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर उन्हें दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। मेरा मोहन भागवत जी के परिवार से बहुत गहरा संबंध रहा है। मुझे उनके पिता, स्वर्गीय मधुकरराव भागवत जी के साथ निकटता से काम करने का सौभाग्य मिला था। मैंने अपनी पुस्तक ज्योतिपुंज में मधुकरराव जी के बारे में विस्तार से लिखा भी है। वकालत के साथ-साथ मधुकरराव जी जीवनभर राष्ट्र निर्माण के कार्य में समर्पित रहे। अपनी युवावस्था में उन्होंने लंबा समय गुजरात में बिताया और संघ कार्य की मजबूत नींव रखी। मधुकरराव जी का राष्ट्र निर्माण के प्रति झुकाव इतना प्रबल था कि अपने पुत्र मोहनराव को भी इस महान कार्य के लिए निरंतर गढ़ते रहे। एक पारसमणि मधुकरराव ने मोहनराव के रूप में एक और पारसमणि तैयार कर दी। **भागवत जी का पूरा जीवन सतत प्रेरणा देने वाला रहा है।** वे 1970 के दशक के मध्य में प्रचारक बने। सामान्य जीवन में प्रचारक शब्द सुनकर ये भ्रम हो जाता है कि कोई प्रचार करने वाला व्यक्ति होगा, लेकिन जो संघ को जानते हैं उनको पता है कि प्रचारक परंपरा संघ कार्य की विशेषता है। गत 100 वर्षों में देशभक्ति की प्रेरणा से भरे हजारों युवक-युवतियों ने अपना घर-परिवार त्याग करके पूरा जीवन संघ परिवार के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया है। भागवत जी भी उस महान परंपरा की मजबूत धुरी हैं। भागवत जी ने उस समय प्रचारक का दायित्व संभाला, जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर इमरजेंसी थोप दी थी। उस दौर में प्रचारक के रूप में भागवत जी ने आपातकाल-विरोधी आंदोलन को निरंतर मजबूती दी। उन्होंने कई वर्षों तक महाराष्ट्र के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों, विशेषकर विदर्भ में काम किया। 1990 के दशक में अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख के रूप में मोहन भागवत जी के कार्यों को आज भी कई स्वयंसेवक स्नेहपूर्वक याद करते हैं। इसी कालखंड में मोहन भागवत जी ने बिहार के गांवों में अपने जीवन के अमूल्य वर्ष बिताए और समाज को सशक्त करने के कार्य में समर्पित रहे। 20वीं सदी के आखिरी पड़ाव पर वे अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख बने।

### सरसंघचालक मोहन भागवत के जन्मदिन पर विशेष

*''समाज कल्याण के लिए संघ की शक्ति के निरंतर उपयोग पर मोहन भागवत जी का विशेष बल रहा है। इसके लिए उन्होंने पंच परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। इसमें स्व बोध, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार, कुटुम्ब प्रबोधन और पर्यावरण के सूत्रों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। देश और समाज के लिए सोचने वाले हर भारतवासी को पंच परिवर्तन के इन सूत्रों से अवश्य प्रेरणा मिलेगी।''*



वर्ष 2000 में वे सरकार्यवाह बने और यहां भी भागवत जी ने अपनी अनोखी कार्यशैली से हर कठिन परिस्थिति को सहजता और सटीकता से संभाला। 2009 में वे सरसंघचालक बने और आज भी अत्यंत ऊर्जा के साथ कार्य कर रहे हैं। भागवत जी ने राष्ट्र प्रथम की मूल विचारधारा को हमेशा सर्वोपरि रखा। सरसंघचालक होना मात्र एक संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं है। यह एक पवित्र विश्वास है, जिसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी दूरदर्शी व्यक्तित्वों ने आगे बढ़ाया है और इस राष्ट्र के नैतिक और सांस्कृतिक पथ को दिशा दी है। असाधारण व्यक्तियों ने इस भूमिका को व्यक्तिगत त्याग, उद्देश्य की स्पष्टता और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण के साथ निभाया है। यह गर्व की बात है कि मोहन भागवत जी ने न केवल इस विशाल जिम्मेदारी के साथ पूर्ण न्याय किया है बल्कि इसमें अपनी व्यक्तिगत शक्ति, बौद्धिक गहराई और सहृदय नेतृत्व भी जोड़ा है। भागवत जी का युवाओं से सहज जुड़ाव है और इसलिए उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को संघ कार्य के लिए प्रेरित किया है। वे लोगों से प्रत्यक्ष संपर्क में रहते हैं और संवाद करते रहते हैं। श्रेष्ठ कार्य पद्धति को अपनाने की इच्छा और बदलते समय के प्रति खुला मन रखना, ये मोहनजी की बहुत बड़ी विशेषता रही है। अगर हम व्यापक संदर्भ में देखते हैं तो संघ की 100 साल की यात्रा में भागवत जी का कार्यकाल संघ में सर्वाधिक परिवर्तन का कालखंड माना जाएगा। चाहे वो गणवेश परिवर्तन हो, संघ शिक्षा वर्गों में बदलाव हो, ऐसे अनेक महत्वपूर्ण परिवर्तन उनके निर्देशन में संपन्न हुए। कोरोना काल में मोहन भागवत जी के प्रयास विशेष रूप से याद आते हैं। उस कठिन समय में उन्होंने स्वयंसेवकों को सुरक्षित रहते हुए समाजसेवा करने की दिशा दी और टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाने पर बल दिया। उनके मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने जरूरतमंदों तक हरसंभव सहायता पहुंचाई, जगह-जगह मेडिकल कैंप लगाए। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों और वैश्विक विचार को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं को विकसित किया। हमें कई स्वयंसेवकों को खोना भी पड़ा लेकिन भागवत जी की प्रेरणा ऐसी थी कि अन्य स्वयंसेवकों की दृढ़ इच्छाशक्ति कमजोर नहीं पड़ी। इस वर्ष की शुरुआत में नागपुर में उनके साथ माधव नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन के दौरान मैंने कहा था कि संघ अक्षयवट की तरह है, जो राष्ट्रीय संस्कृति और चेतना को ऊर्जा देता है। इस अक्षयवट वृक्ष की जड़ें इसके मूल्यों की वजह से बहुत गहरी और मजबूत हैं। इन मूल्यों को आगे बढ़ाने में जिस समर्पण से मोहन भागवत जी जुटे हुए हैं, वो हर किसी को प्रेरणा देता है। समाज कल्याण के लिए संघ की शक्ति के निरंतर उपयोग पर मोहन भागवत जी का विशेष बल रहा है। इसके लिए उन्होंने पंच परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। इसमें स्व बोध, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार, कुटुम्ब प्रबोधन और पर्यावरण के सूत्रों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। देश और समाज के लिए सोचने वाले हर भारतवासी को पंच परिवर्तन के इन सूत्रों से अवश्य प्रेरणा मिलेगी। संघ का हर कार्यकर्ता वैभव संपन्न भारत माता का सपना साकार होते देखना चाहता है। इस सपने को पूरा करने के लिए जिस स्पष्ट विज़न और ठोस एक्शन की जरूरत होती है, मोहन जी इन दोनों गुणों से परिपूर्ण हैं। मोहन जी के स्वभाव की एक और बड़ी विशेषता ये है कि वो मृदुभाषी हैं। उनमें सुनने की भी अद्भुत क्षमता है। यह विशेषता न केवल उनके दृष्टिकोण को गहराई देती है बल्कि उनके व्यक्तित्व और नेतृत्व में संवेदनशीलता और गरिमा भी लाती है। मोहन जी, हमेशा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के प्रबल पक्षधर रहे हैं। भारत की विविधता और भारत भूमि की शोभा बढ़ा रही अनेक संस्कृतियों और परंपराओं के उत्सव में भागवत जी पूरे उत्साह से शामिल होते हैं। वैसे बहुत कम लोगों को यह पता है कि मोहन भागवत जी अपनी व्यस्तता के बीच संगीत और गायन में भी रुचि रखते हैं। वे विभिन्न भारतीय वाद्ययंत्रों में भी निपुण हैं। पठन-पाठन में उनकी रुचि, उनके अनेक भाषणों और संवादों में साफ दिखाई देती है। पिछले दिनों देश में जितने सफल जन-आंदोलन हुए चाहे स्वच्छ भारत मिशन हो या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मोहन भागवत जी ने पूरे संघ परिवार को इन आंदोलनों में ऊर्जा भरने के लिए प्रेरित किया। मैं पर्यावरण से जुड़े प्रयासों और सस्टेनेबल लाइफस्टाइल को आगे बढ़ाने के प्रति उनके समर्पण को जानता हूं। मोहन जी का बहुत जोर आत्मनिर्भर भारत पर भी है। कुछ ही दिनों में विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष का हो जाएगा। यह भी सुखद संयोग है कि विजयादशमी का पर्व, गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती और संघ का शताब्दी वर्ष एक ही दिन आ रहे हैं। यह भारत और विश्वभर के लाखों स्वयंसेवकों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। हम स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमारे पास मोहन भागवत जी जैसे दूरदर्शी और परिश्रमी सरसंघचालक हैं, जो ऐसे समय में संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं। एक युवा स्वयंसेवक से लेकर सरसंघचालक तक की उनकी जीवन यात्रा उनकी निष्ठा और वैचारिक दृढ़ता को दर्शाती है। विचार के प्रति पूर्ण समर्पण और व्यवस्थाओं में समयानुकूल परिवर्तन करते हुए उनके नेतृत्व में संघ कार्य का निरंतर विस्तार हो रहा है। मैं मां भारती की सेवा में समर्पित मोहन भागवत जी के दीर्घ और स्वस्थ जीवन की पुनः कामना करता हूं। उन्हें जन्मदिवस पर अनेकानेक शुभकामनाएं।

**(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं)**

## अंतर महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के तत्वावधान में दाउदनगर महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन बुधवार को हुआ। फाइनल मुकाबले में गया जी कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ए.एन.एस. कॉलेज, नबीनगर को 1-0 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। मुकाबला बेहद कड़ा और रोमांचक रहा, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। विजेता गया जी कॉलेज और उपविजेता ए.एन.एस. कॉलेज, नबीनगर की टीमों को ट्रॉफी, पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शिवदेनी साह कॉलेज, कलेर के प्राचार्य डॉ. वेद प्रकाश चतुर्वेदी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा है। यही बच्चे कल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी हैं। उचित



प्रशिक्षण और परिश्रम से ये खिलाड़ी राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। दाउदनगर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. समसुल इस्लाम ने कहा कि यह टूर्नामेंट खेल के साथ-साथ भाईचारे और सहयोग का प्रतीक है। इस आयोजन ने ग्रामीण परिवेश में खेल भावना को और मजबूत किया है। पीआरओ डॉ. देव प्रकाश ने खेल की प्रशंसा करते हुए कहा कि फुटबॉल केवल खेल नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। गिरना, उठना, संघर्ष करना और टीम भावना से लक्ष्य तक पहुंचना हर युवा को सीख देता है। आज के खिलाड़ियों ने यह साबित किया है कि जुनून और मेहनत से कोई भी सपना साकार हो सकता है। मंच संचालन प्रो. आकाश कुमार, सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग ने किया। खेल संचालन का दायित्व डॉ. अभिषेक भगत, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग ने निभाया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रोजी कांत, सहायक प्राध्यापक, दर्शनशास्त्र विभाग ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

## भारत ने जितेश की जगह सैमसन को दी तरजीह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दुबई।** भारतीय टीम ने एशिया कप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ मैच से अपना अभियान शुरू किया है। भारत की प्लेइंग-11 को लेकर पिछले कुछ दिन से काफी चर्चा चल रही थी और टीम प्रबंधन ने अनुभव को तरजीह देते हुए संजू सैमसन को मौका दिया है। शुभमन गिल की टी20 टीम में वापसी के बाद से ही इस बात को लेकर असमंजस चल रहा था कि टीम सैमसन और जितेश शर्मा में से किसे प्लेइंग-11 में शामिल करेगी। लेकिन यूएई के खिलाफ टीम ने सैमसन के साथ उतरने का फैसला किया है। भारत ने दुबई में स्पिनरों की मददगार पिच को देखते हुए तीन विशेषज्ञ स्पिनर को प्लेइंग-11 में शामिल किया है, जबकि टीम में सिर्फ एक विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को लिया है। तेज गेंदबाजी आक्रामण का जिम्मा जसप्रीत बुमराह संभालेंगे, जबकि ऑलराउंडर



हार्दिक पांड्या दूसरे तेज गेंदबाज होंगे। वहीं, शिवम दुबे भी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं और उन्होंने हाल ही में अभ्यास सत्र में गेंदबाजी की थी। भारत ने पहले मैच के लिए अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा को मौका नहीं दिया है और बुमराह के साथ उतरने का फैसला लिया है। भारत को यूएई के खिलाफ मैच के बाद 14 सितंबर को इसी मैदान पर पाकिस्तान से भिड़ना है और इस महत्वपूर्ण मैच से पहले बुमराह को उतारना इस बात का संकेत है कि टीम प्रबंधन पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले बुमराह को मैच अभ्यास कराना चाहता है। स्पिन विभाग में अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती शामिल हैं। भारत ने पिच को देखते हुए तीन स्पिनरों के साथ उतरने का फैसला किया है। भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल की लंबे समय बाद टी20 टीम में वापसी हुई और संभवतः वह शीर्ष क्रम में ही जिम्मेदारी संभालेंगे। विकेटकीपर के स्थान को लेकर काफी चर्चा थी और जिस तरह अभ्यास सत्र में जितेश लगातार बल्लेबाजी अभ्यास कर रहे थे उससे लग रहा था कि टीम प्रबंधन सैमसन की जगह जितेश को मौका देगी। लेकिन सैमसन को उनके अनुभव के कारण जितेश पर तरजीह मिली है। गिल की अनुपस्थिति में सैमसन पारी का आगाज कर रहे थे और उन्होंने पिछले कुछ समय में टी20 अंतरराष्ट्रीय में अच्छा प्रदर्शन किया है।

### शिखर धवन और उनकी संस्था पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आई, पुनर्वास में करेगी सहायता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद से लिए आगे आए हैं। इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक भावुक वीडियो में धवन ने इस कठिन समय में एकता और करुणा का आह्वान किया। धवन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में लिखा, यह एकजुट होने का समय है। पंजाब को हमारी ताकत, करुणा और समर्थन की जरूरत है.. थोड़ी सी मदद भी बहुत फर्क ला सकती है। आइए हम सब अपना योगदान दें। अपनी व्यक्तिगत अपील के साथ धवन का हृहृ शिखर धवन फाउंडेशन बाढ़ प्रभावित परिवारों के पुनर्वास प्रयासों में सहायता के लिए जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। शिखर धवन की मीडिया टीम की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार फाउंडेशन का उद्देश्य जीवन के पुनर्निर्माण में मदद करना और जहां सबसे ज्यादा जरूरत है वहां दीर्घकालिक सहायता प्रदान करना है। उनके संदेश को प्रशंसकों और साथी क्रिकेटरों का जबरदस्त समर्थन मिला है जिसमें संकट के समय में करुणा और एकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए पंजाब के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने पंजाब को पहले से आवंटित 12,000 करोड़ रुपए के अलावा, राज्य के लिए 1,600 करोड़ रुपए के वित्तीय सहायता पैकेज की घोषणा की।

## इंडिया-पाक एशिया कप: ये 3 खिलाड़ी उड़ा सकते हैं पाकिस्तान की नींद, टी20 में हैं शानदार आंकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 का आगाज 9 सितंबर से अबूधाबी में हो चुका है। जहां अफगानिस्तान ने अबू धाबी के शेख जायेद स्टेडियम में हांगकांग को 94 रनों से हरा दिया। टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम का सामना 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगा। जहां भारतीय टीम अपने एशिया कप के अभियान का आगाज जीत से करना चाहेंगी। भारत के लिए लीग चरण में बड़ा मैच पाकिस्तान के खिलाफ होगा जो रविवार 14 सितंबर को खेला जाएगा। भारत की तरफ से 3 खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अपना कमाल दिखा सकते हैं। जिसमें तूफानी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का नाम सबसे पहले आएगा। दूसरे नंबर पर नई गेंद से स्विंग और डेथ ओवरों के विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह भी अपने गेंदबाजी से पाकिस्तानी बल्लेबाज को मुश्किल में डाल सकते है। इनके साथ हार्दिक पांड्या अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से पाकिस्तान को घुटनों पर लाने का माता रखते है। इन खिलाड़ियों का टी20 में रिकॉर्ड इस प्रकार हैं-





### 1. अभिषेक शर्मा - तूफानी बल्लेबाज

अभिषेक शर्मा ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 135 रन की तूफानी पारी खेलकर भारत के लिए सबसे बड़ी ञ्20द्ध पारी का रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही वह आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले स्थान पर बने हुए हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी पाकिस्तान के खिलाफ भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

**टी20 में अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड**

मैच- 17
रन- 535
औसत- 33.43
शतक- 2
विकेट- 6

### 2. अर्शदीप सिंह - डेथ ओवरों के विशेषज्ञ

अर्शदीप सिंह ने भारत के लिए टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया है। उनकी सटीक यॉर्कर और डेथ ओवरों में दबाव बनाने की क्षमता पाकिस्तान के खिलाफ भारत के लिए फायदेमंद होगी।

**टी20 में अर्शदीप सिंह का रिकॉर्ड**

मैच- 63
विकेट-99
इकोनॉमी रेट- 8.29
बेस्ट बोलिंग-4/9

### 3. हार्दिक पांड्या - ऑलराउंड प्रदर्शन

हार्दिक पांड्या की गेंदबाजी और मध्यक्रम में आक्रामक बल्लेबाजी पाकिस्तान के खिलाफ भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

**टी20 में हार्दिक पांड्या का रिकॉर्ड**

मैच- 114
रन- 1812
स्ट्राइक रेट- 141.0
विकेट- 94
इकोनॉमी रेट- 8.34.

## पृथ्वी शॉ ने ऐसा क्या किया कि कोर्ट ने लगाया 100 रुपए जुर्माना? वकील अली काशिफ खान बोले- यह बड़ा संदेश है

**मुंबई, एजेंसी।** डिंडोशी सेशंस कोर्ट ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सपना गिल के खिलाफ कथित मारपीट के मामले में जवाब देने में देरी के चलते भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ पर 100 रुपए का जुर्माना लगाया है। सपना गिल के वकील अली काशिफ खान का मानना है कि यह कोर्ट की ओर से दिया गया एक बड़ा संदेश है। वकील अली काशिफ खान ने कहा, हमने अपनी क्लाइंट के साथ हाथापाई को लेकर पृथ्वी शॉ और उनके ग्रुप के खिलाफ शिकायत की थी। जब पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की तो हमने अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट में जाकर मांग की थी कि वह एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दें, लेकिन कोर्ट ने पुलिस को सिर्फ पूछताछ का ऑर्डर दिया। उन्होंने आगे कहा- ऐसे में हमने सेशंस कोर्ट डिंडोशी में ऑर्डर को चैलेंज किया। आज करीब एक साल का समय बीच चुका है, लेकिन इस मामले में पृथ्वी शॉ का कोई जवाब नहीं आया है। उन्होंने कहा, सेशंस कोर्ट डिंडोशी के जज ने पृथ्वी शॉ को कई बार जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। इसके बाद से उनके वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए तीन से ज्यादा डेट्स ले ली हैं। बुधवार को जब उनके वकील से जवाब दाखिल करने को कहा गया तो उन्होंने फिर से वक्त मांगा, जिसे सुनते ही जज ने 100 रुपए जुर्माना भरने का आदेश दिया। उन्होंने आगे बताया- यह 1 या 100 रुपए के जुर्माने की बात नहीं है। यह कोर्ट की ओर से दिया गया एक बड़ा संदेश है। कानून सभी के लिए बराबर है। अब पृथ्वी शॉ को जवाब दाखिल करने के लिए 16 दिसंबर की डेट दी गई है।

## एक नजर

### मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**रजौली**। थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के भगवानपुर से पुलिस बलों ने मारपीट के एक वांछित आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते 17 अगस्त की रात्रि को खेत पटवन में जुटे भगवानपुर गांव निवासी विजय यादव को गुड्डू कुमार, बिजेंद्र प्रसाद उर्फ बिजो,महेंद्र यादव एवं राजेंद्र यादव द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल विजय यादव द्वारा प्राप्त लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर एक नामजद आरोपित बिजेंद्र प्रसाद उर्फ बिजो को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं गुप्त सूचना के आलोक में एक और आरोपित भगवानपुर गांव निवासी महेंद्र यादव के पुत्र गुड्डू कुमार को पुलिस बलों ने बीते मंगलवार की रात्रि को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार युवक का स्वास्थ्य जांच बुधवार को करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### छह दिवसीय स्काउट और गाइड प्रशिक्षण शिविर

**कौआकोल**। प्रखंड के इंटर विद्यालय कौआकोल में विद्यार्थियों के बीच भारत स्काउट एंड गाइड का छह दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बीते सोमवार से शुरू हुए प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में संटू कुमार,सौरभ कुमार गिरी एवं राजीव कुमार के निर्देशन में प्रतिभागियों को स्वावलंबन,देशभक्ति,राष्ट्रप्रेम एवं आपातकालीन सहायता की जानकारी दी जा रही है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बताया कि स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण शैक्षिक गतिविधि है,जो छात्रों को शारीरिक, बौद्धिक,सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से विकसित करती है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को चरित्र निर्माण,आत्मनिर्भरता,नेतृत्व कौशल विकसित करने और समाज सेवा के लिए तैयार करना है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक प्रशिक्षण को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं।

### बैंक प्रबंधक पर अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप

**कौआकोल**। प्रखंड के सोखोदेवरा गांव निवासी व पूर्व वार्ड सदस्य रह चुके सोनी देवी ने पीएनबी शाखा कौआकोल के प्रबंधक प्रशान्त कुमार पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। महिला सोनी देवी का आरोप है कि पीएनबी बैंक कौआकोल में उनके नाम से रहे खाता को बंद कर दिया गया। जिसे चालू करवाने के लिए वे लगभग आठ दिनों से बैंक का चक्कर लगा रही हैं। बुधवार को जब वे इस सम्बंध में प्रबन्धक से मिलकर कारण जानना चाहा,तो प्रबन्धक ने उनके साथ दुर्वव्यवहार करते हुए खाता बन्द करने की धमकी दिया तथा बैंक से बाहर कर दिया। इस सम्बंध में उन्होंने स्थानीय थाना में प्रबन्धक के विरुद्ध लिखित आवेदन देने की बात कही है। वहीं समाजसेवी योगी त्यागनाथ ने भी बैंक प्रबन्धक के क्रियाकलापों पर प्रश्नचिन्ह उठाते हुए कहा है कि प्रबन्धक का व्यवहार ग्राहकों के प्रति सही नहीं रहता है। आए दिन प्रबन्धक द्वारा ग्राहकों के साथ सही से बात नहीं किया जाता है। जिससे लोगों में प्रबन्धक के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है।

### देशी कट्टा और कारतूस के साथ चार गिरफ्तार

**नारदीगंज,नवादा**। थानाक्षेत्र के बुच्ची गांव में स्थानीय पुलिस के द्वारा मंगलवार की रात्रि में छापेमारी की गई। इस दौरान एक देशी कट्टा और 303 बोर की 10 कारतूस के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दक्षिणी बुच्ची के बहियार में कुछ लोग आर्म्स के साथ छिपे हुए हैं। सूचना मिलते ही एसआई दिनेश कुमार के साथ उनकी टीम छापेमारी करने पहुंची। छापेमारी के दल को देखते ही सभी आरोपित भागने लगे। जिसे खदेड़ खदेड़ कर पुलिस ने गिरफ्तार किया। पकड़ाये गए लोगों की पहचान रंजीत कुमार पे०-सीतो साव, अशोक कुमार पे०- रामचन्द्र साव, शुरेश साव पे०-स्व० लालो शाव, प्रमोद कुमार उर्फ प्रमोद शाव पै०-स्व० जगदीश साव सभी सा-दक्षिणी पुच्ची,थाना नारदीगंज के निवासी बताया जा रहा है। गिरफ्तार रणजीत कुमार के पास से एक कट्टा और 303 बोर का दो कारतूस,अशोक साव के पास से 303 बोर का दो कारतूस,सुरेश साव के पास से 303 बोर का दो कारतूस और प्रमोद कुमार के पास से 303 बोर का चार कारतूस बरामद हुआ।

### 42 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवादा**। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 9 सितम्बर 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में 5, हत्या के प्रयास में 2, अनुसूचित जाति/जनजाति में 1, आर्म्स एक्ट में 4 एवं अन्य गिरफ्तारी 30 कुल 42 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 50 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-25 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-09 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 300 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 13 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक मोटरसाइकिल, चार ट्रैक्टर, एक देशी कट्टा, 10 जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल एवं एक अपहृता बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### दुर्गा पूजा को लेकर जांच चौकी पर हाई अलर्ट



**रजौली**। बिहार-झारखंड सीमावर्ती थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर दशहरा त्यौहार को लेकर उत्पाद बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।नतीजतन बीते एक सप्ताह से लगातार यात्री बसों एवं निजी वाहनों पर शराब की बरामदगी के साथ तस्करों की गिरफ्तारी की जा रही है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेद्य को लेकर जांच चौकी पर झारखंड,बंगाल एवं अन्य राज्यों से आनेवाली प्रत्येक छोटी से लेकर बड़ी वाहनों की सघन जांच की जा रही है, जिसका नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि आगामी दशहरा को लेकर उत्पाद बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है।जांच चौकी पर बड़े ट्रकों,यात्री बसों एवं निजी वाहनों समेत अन्य वाहनों की जांच उत्पाद बलों के द्वारा की जा रही है। साथ ही आसपास के जंगली एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र में गश्त कर शराब निर्माण,परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। वहीं भारी वाहनों की जांच हैंड स्कैनर मशीनों की मदद से टेक्नीशियन द्वारा की जा रही है। बताते चलें कि शराब तस्करों द्वारा गुप्त तरीके से वाहनों में तहखाने बनाकर एवं किसी अन्य सामग्रियों में छिपाकर शराब तस्करी की खेप बिहार में प्रवेश करने कोशिश की जा रही है। किंतु उत्पाद बलों की चौकसी के कारण शराब तस्करों के मनसूबों पर हर बार पानी फिर जा रहा है। वहीं आगामी त्यौहार एवं बिहार विधानसभा चुनावों को लेकर झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों पर उत्पाद बलों की चौकसी बढ़ी हुई है। बारिश के कारण जंगली बरसाती नदियों में पानी भरा हुआ है एवं कच्ची रास्तों पर बाइक भी चलना मुश्किल है,जिसके कारण शराब तस्करों के द्वारा उक्त रास्तों का उपयोग नहीं किया जा सकता है।

### मारपीट में दो महिलाएं जख्मी

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में आपसी रंजिश को लेकर पूर्व से चला आ रहा विवाद को लेकर मंगलवार की देर रात बदमाशों ने घर पर चढ़कर रोड़वाजी करते हुए दो महिला को मारपीटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी की पहचान सुल्तानपुर गांव निवासी रामसुंदर राम के 25 वर्षीया पत्नी आरती कुमारी एवं मनोज राम के 48 वर्षीया पत्नी शोभा देवी शामिल है। परिजनों ने बताया कि आपसी रंजिश को लेकर पूर्व में जयप्रकाश राम एवं मनोज राम के बीच विवाद हुआ था। उसी को लेकर मंगलवार को जयप्रकाश राम अपने समर्थकों के साथ मनोज राम के घर पर चढ़कर रोड़वाजी करते हुए दोनों महिला को मारपीटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि घटना की सूचना दिया गया है आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नवादा के 2.57 लाख पेंशनधारियों को 28.64 करोड़ की राशि का भुगतान

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बढ़ी हुई दर पर किया डीबीटी अंतरण**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों के लिए बड़ा तोहफ़ा दिया। पूरे बिहार में 1 करोड़ 13 लाख से अधिक पेंशनधारियों को अगस्त माह 2025 की पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में भेजी गई। इसी क्रम में नवादा जिले के 2,57,195 पेंशनधारियों को कुल 28 करोड़ 64 लाख 79 हजार रुपये की राशि का भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा पेंशन अंतरण का सीधा प्रसारण नवादा समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दिखाया गया। इस मौके पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश, उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और लाभुक उपस्थित रहे। प्रभारी सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा अमरनाथ कुमार ने जानकारी दी कि जिले में कुल छह प्रकार की पेंशन योजनाएं संचालित हैं। इनमें बिहार राज्य निशक्तता पेंशन योजना (31,958 लाभार्थी), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्तता पेंशन (1,728 लाभार्थी), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन (68,355 लाभार्थी), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन (5,375 लाभार्थी), लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन (30,056 लाभार्थी) और मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना (1,19,723 लाभार्थी) शामिल हैं। मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में पेंशन राशि 400 से बढ़ाकर 1100 कर दी गई है। बढ़ी हुई दर पर पहली बार अगस्त माह की राशि लाभुकों के खातों में हस्तांतरित की गई। नवादा जिले के पेंशनधारियों ने कहा कि इस निर्णय से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर आधारित दो डॉक्यूमेंट्री फ़िल्में भी दिखाई गईं। तत्पश्चात मुख्यमंत्री का संदेश लाभुकों के बीच पढ़कर सुनाया गया, जिसमें उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि राज्यभर में मंगलवार को कुल 1263 करोड़ 95 लाख रुपये की राशि पेंशनधारियों के खातों में ट्रांसफर की गई, जिसमें नवादा जिले का हिस्सा 28.64 करोड़ रुपये रहा।

# भूटान के गृह मंत्री ने राजगीर नेचर और जू सफारी का दौरा किया



**राजगीर जू सफारी और नेचर सफारी को संरक्षण और पर्यटन का संगम बताया**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। भूटान के गृह मंत्री ल्योन्पो त्सेरिंग ने बुधवार को राजगीर जू सफारी और नेचर सफारी का विशेष दौरा किया। इनके साथ केंद्रीय संन्यासी निकाय के प्रतिष्ठित आध्यात्मिक नेता महामहोपाध्याय लोपोन सं-नगग येशे दोर्जे रिनपोचे, तथा पुनाखा से वरिष्ठ संन्यासी प्रतिनिधि भी साथ रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने शेर, बाघ, तेंदुआ, भालू और विभिन्न शाकाहारी जीवों के पिंजरों का अवलोकन किया। उन्होंने ग्लास ब्रिज पर फोटोग्राफी की और राजगीर की पहाड़ियों के मनमोहक दृश्य का आनंद लिया। उन्होंने वन्यजीव संरक्षण, प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा, और पर्यावरण-पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। भूटानी प्रतिनिधियों ने कहा कि राजगीर चिड़ियाघर और नेचर सफारी केवल एक पर्यटन स्थल नहीं है, बल्कि यह वन्यजीव संरक्षण और प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने इसे 'संरक्षण और पर्यटन का संगम' बताया।

## किसानों की सुविधा हेतु सिंचाई योजनाओं को समय पर पूर्ण करने का निर्देश

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में लघु सिंचाई विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। कार्यपालक अभियंता ने जानकारी दी कि इस योजना के अंतर्गत 3617 लाभुकों को स्वीकृति मिली थी, जिनमें से 2400 लाभुकों ने नलकूप का अधिष्ठापन कर अपना दावा वेबसाइट पर किया। इनमें से 2201 की अनुशंसा कर दी गई है, जिनका भुगतान किया जा रहा है। शेष अनुशंसा एवं दावा विभाग द्वारा पोर्टल खुलने के बाद किया जा सकेगा। जिला पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि विभाग का पोर्टल खुलते ही शेष दावों को स्वीकृत करते हुए नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाये। समीक्षा के क्रम में सतही सिंचाई योजना की प्रगति पर भी चर्चा हुई। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 8 योजनाएं पूर्ण कर ली गई हैं। इस पर जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि आगामी बरसात से पहले सभी लंबित कार्यों को पूर्ण कर लिया जाए, ताकि किसानों को समय पर सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सके। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने, लाभुकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने तथा योजनाओं को पारदर्शिता के साथ लागू करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में विभागीय पदाधिकारियों के साथ-साथ सहायक अभियंता राकेश कुमार, बैद्यनाथ कुमार, अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने की द्वितीय अपील से संबंधित 17 मामलों की सुनवाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में डीएम कुंदन कुमार ने 17 मामलों की सुनवाई की। इनमें से कुछ मामलों का निवारण सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा किया गया तथा कुछ मामलों में निवारण हेतु संबंधित लोक प्राधिकार के पदाधिकारियों को आवश्यक आदेश दिए गये। एकंगरसराय प्रखण्ड अंतर्गत परिवादी उमा शंकर सिंहा द्वारा दर्ज शिकायत कुंडवापर ग्राम के दक्षिणी भाग में पिछले एक वर्ष से कुड़े का उठाव नहीं करने से संबंधित, चंडी प्रखंड अंतर्गत अंतर्गत परिवादी नीरज कुमार द्वारा दर्ज शिकायत धान का पैसा नहीं मिलने से संबंधित, परिवादी पंकज कुमार द्वारा दर्ज शिकायत मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने से संबंधित, परिवादी आरती कुमारी द्वारा दर्ज शिकायत कृषि कार्य हेतु बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने से संबंधित, परिवादी द्वारा दर्ज शिकायत विद्युत पोल एवं तार लगवाने से संबंधित, परिवादी पंकज कुमार द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण मुक्त कराने से संबंधित,परिवादी शियाशरण प्रसाद द्वारा दर्ज शिकायत आर०सी०सी० नाला ढक्कण सहित तथा कड़ाहडीह के पी०सी०सी० ढलाई कार्य एवं अनियमितता से संबंधित, परिवादी आशुतोष कुमार द्वारा दर्ज शिकायत सड़क किनारे फुटपाथी दुकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण से संबंधित, परिवादी आशुतोष कुमार द्वारा दर्ज शिकायत थर्ड जेंडर द्वारा दुकानदारों एवं गाड़ियों से जबरदस्ती नाजायज राशि की मांग किये जाने से संबंधित, गिरियक अंचल अंतर्गत परिवादी करमचंद चौधरी द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण मुक्त कराने से संबंधित, सिलाव अंचल अंतर्गत परिवादी तरुण कुमार द्वारा दर्ज शिकायत गैरमजरूआ जमीन पर झोपड़ी बनाकर बाधा उत्पन्न करने से संबंधित, चंडी अंचल अंतर्गत परिवादी गौतम कुमार द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण मुक्त कराने से संबंधित, हिलसा अंचल अंतर्गत परिवादी शंकर दयाल सिंह द्वारा दर्ज शिकायत जमाबंदी में सुधार कर कम्प्यूटर कृत करने से संबंधित, सिलाव अंतर्गत परिवादी मोतीलाल सिंह द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण हटाने से संबंधित, सिलाव अंचल अंतर्गत परिवादी देवानंद प्रसाद द्वारा दर्ज शिकायत रैयती भूमि पर निर्मित कुआं एवं गहरी बोरिंग को मिट्टी डालकर जबरन भरने से संबंधित आदि मामलो का निष्पादन किया गया। इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राजमणि बने दीपनगर के नए थानाध्यक्ष

> विधि-व्यवस्था को लेकर कई पुलिस पदाधिकारी इधर से उधर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विधि-व्यवस्था को बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस पदाधिकारी को इधर-उधर किया है। पुलिस निरीक्षक सह अस्थावां थानाध्यक्ष राजमणि को दीपनगर थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया है। इसी प्रकार साईबर थाना इंस्पेक्टर उत्तम कुमार को अस्थावां थानाध्यक्ष, अस्थावां के सर्किल इंस्पेक्टर साकेत कुमार को सर्किल इंस्पेक्टर बिहार, पुलिस लाइन से मुकेश कुमार वर्मा को नूरसराय अंचल का सर्किल इंस्पेक्टर, पुलिस लाइन से जितेंद्र राम को इस्लामपुर का सर्किल इंस्पेक्टर, पुलिस लाईन से प्रदीप कुमार सिंहा को अस्थावां का सर्किल इंस्पेक्टर बनाया है। वहीं पुलिस लाइन से धर्मेंद्र कुमार को साईबर थाना, अंचल निरीक्षक इस्लामपुर संजय पासवान को एससी एसटी थानाध्यक्ष बनाया गया है। पुलिस लाइन से एसआइ गौरव सिंधू चिकसौरा थानाध्यक्ष, पुलिस लाइन से एसआई संजय कुमार को थरथरी थानाध्यक्ष, बिंद थाना के एसआई संतोष कुमार सिंह को गोकुलपुर थानाध्यक्ष, रहुई थाना के एसआई राजकुमार चौधरी को कल्याणबिगहा थानाध्यक्ष बनाया गया है।

## अनुशासन, नेतृत्व व राष्ट्रप्रेम की सीख लें कैडेट्स : कर्नल बाहरी

**दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक एनसीसी कैंप सम्पन्न**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक एनसीसी कैंप बुधवार को उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। बुधवार की देर शाम रंगा रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश बाहरी ने क्लोज़िंग अड्रेस देते हुए कैडेट्स को न सिर्फ प्रोत्साहित किया बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन और आत्मविश्वास को अपनाने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण की धुरी है। एनसीसी से जुड़कर युवा न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होते हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रप्रेम की भावना भी विकसित होती है। इस शिविर में पांच सौ से अधिक कैडेट्स ने हिस्सा लिया। दस दिनों के इस शिविर में सुबह से शाम तक कई तरह की गतिविधियां आयोजित हुईं। समापन सत्र में कई कैडेट्स ने मंच पर आकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस शिविर ने हमें सिखाया कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और आत्मविश्वास से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। टीमवर्क और आपसी सहयोग ही सफलता का आधार है, यह हमें यहां समझ में आया। कैंप कमांडेंट ने कैडेट्स से फीडबैक लिया और उनकी समस्याओं व सुझावों पर चर्चा की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले लगभग 50 कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार स्वरूप इंसेंटिव देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान से उनके चेहरे खिल उठे और अन्य कैडेट्स में भी जोश भर गया। समापन अवसर पर सभी कैडेट्स ने यह संकल्प लिया कि वे अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवन में अपनाएंगे और समाज व देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगें। शिविर की सफलता सुनिश्चित करने के लिए एनसीसी अधिकारी कैप्टेन राकेश रंजन पांडेय, सेकेंड ऑफिसर शैलेन्द्र कुमार, प्रवीण कुमार , थर्ड ऑफिसर शैलेश कुमार रंजन, प्रशांत कुमार, सूबेदार मेजर एल तिग्गा, सूबेदार रुपेश गुरुंग, सूबेदार सत्येंद्र सिंह, सूबेदार मान सिंह,सूबेदार मदन सिँह मेहता आदि उपस्थित थे।

## क्रिकेट एसोसिएशन और दवा संघ के पदाधिकारी को मुख्य पार्षद ने किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। हाल के दिनों में नवादा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव में नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी, सचिव राकेश कुमार सहित उनकी पूरी टीम को नगर परिषद के मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी और पूर्व मुख्य पार्षद संजय साव के द्वारा शॉल व बुके देकर सम्मानित किया गया। मंगलवार की शाम कार्यक्रम आयोजित कर क्रिकेट एसोसिएशन और दवा संगठन के पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। दवा विक्रेता संघ के चुने गए नए अध्यक्ष राजन कुमार की पूरी टीम को शाल और बुके देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर मुख्य पार्षद और पूर्व मुख्य पार्षद ने कहा कि दोनों संगठनों के नए नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बहुत-बहुत बधाई और आगे आने वाले दिनों में आप नवादा जिला का नाम रोशन करें, इसके लिए हम दोनों की ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं। क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी और दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजन कुमार ने कहा कि जहां भी जनहित का मामला होगा उसे पहले किया जाएगा। जनता के उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। खेल के क्षेत्र में और दवा के क्षेत्र में भी नवादा का नाम रोशन होगा।

## नवादा जिला स्मैश बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। चार दिवसीय चैंपियनशिप का आयोजन इंडोर बैडमिंटन हॉल में किया गया। इस आयोजन के उद्घाटनकर्ता के रूप में सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग वरीय उप समाहर्ता सह विशेष कार्य पदाधिकारी राजीव कुमार, खेल पदाधिकारी रवि कुमार, डायट के प्रधानाध्यापक,वरिष्ठ खिलाडी एवं उद्यामी श्याम अग्रवाल, बीरेंद्र कुमार,संयोजक सुजीत कुमार, ने संयुक्त रूप से किया। अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग ने कहा चैंपियन तब तक खेलते रहते हैं जब तक वे सही राह पर नहीं पहुंच जाते। जब आप गिरो, तो तुरंत उठ खड़े हो जाओ। बस चलते रहो, ज़ोर लगाते रहो। यह साबित करने का कि आप एक अच्छे खिलाड़ी हो, बस हारना नही है। वरीय उप समाहर्ता राजीव कुमार ने कहा कि खेल टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व और कठिन परिस्थितियों का सामना करने का कौशल विकसित करते हैं, जो छात्रों के प्रदर्शन और संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। खेल पदाधिकारी रवि कुमार ने कहा खेल भावना निष्पक्ष खेल, नैतिक व्यवहार और इमानदारी, और प्रतिद्वंद्वी के प्रति सामान्य सद्भावना की समझ और प्रतिबद्धता है। इस मौके पर मुख्य निर्णायक मनीष सिंह,सलाहकार समिति के सदस्य अजित शंकर,अनिकेत रंजन, राहुल कुमार, रौशन कुमार, राहुल यादव, किशन सिंह, रौनीत कुमार, फातिमा, विक्की, तनमय, आरव, रूद्र, अर्णव, विनायक एवं अन्य मौजूद थे।

## आपसी रंजिश में मारपीट, दो महिलाएं गंभीर रूप से जख्मी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। बुधवार को चंडी के मगध कॉलेज मैदान में एनडीए द्वारा विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। हरनौत विधानसभा क्षेत्र के इस कार्यक्रम में जदयू, भाजपा समेत सभी सहयोगी दलों के हजारों कार्यकर्ता जुटे, जिसमें 2025 में फिर से नीतीश का नारा गूंजता रहा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि और समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि यह भीड़ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधायक हरिनारायण सिंह के प्रति जनता के लगाव का प्रमाण है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हमने 50 लाख युवाओं को नौकरी-रोजगार देने का वादा पूरा किया है और अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे। उन्होंने नालंदा में चार विश्वविद्यालय खोलने, पीएमसीएच को दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल बनाने और जीविका के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करने जैसे कामों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एनडीए 225 सीटों का लक्ष्य हासिल करेगी। इस अवसर पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने जो काम किया है, उस काम के बल पर खेत-खलिहान और घर-घर जाकर लोगों से वोट मांगें। हमें यह सुनिश्चित करना है कि एक-एक वोट एनडीए के पक्ष में पड़े। हरनौत के विधायक हरिनारायण सिंह ने कहा कि पूरे बिहार के 243 विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे इन सम्मेलनों में उमड़ रही अपार भीड़ यह साबित कर रही है कि 2025 में नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही सरकार बनेगी और वे ही मुख्यमंत्री होंगे। जदयू नेता संजय कान्त सिन्हा ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को कनफुक्वा यानि अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहने की अपील की।

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, पांच लाख का नुकसान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। बिहार थाना क्षेत्र के नवाब रोड स्थित भुसट्टा मोहल्ला में मंगलवार की शाम शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते घर में रखा करीब पांच लाख रुपये मूल्य का सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित व्यवसायी सोनू कुमार ने बताया कि घर से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने उन्हें सूचना दी। जब वे मौके पर पहुंचे तो लपटें इतनी तेज थीं कि कोई भी नजदीक जाकर आग बुझाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। तत्काल लोगों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन की छोटी-बड़ी पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## विभिन्न थानों में जब्त 344 लीटर शराब नष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के तहत हिलसा अनुमंडल के विभिन्न थानों में जब्त की गई 344 लीटर देशी एवं विदेशी शराब को मंगलवार की शाम अधिकारियों की निगरानी में नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई पुराने डीएसपी कार्यालय परिसर में की गई, जहां गड्ढा खोदकर शराब को बुलडोजर से नष्ट किया गया। उत्पाद थाना के पुलिस पदाधिकारी निरंजन कुमार ने जानकारी दी कि हाल के महीनों में शराब कारोबारियों के खिलाफ चलाए गए विशेष छापामारी अभियान के दौरान कुल 297.750 लीटर देशी शराब और 46.250 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई थी। इनमें सबसे अधिक 224 लीटर देशी और 32 लीटर विदेशी शराब उत्पात थाना क्षेत्र से जब्त की गई। इसके अलावा कराय परसुराय से 14.750 लीटर देशी, एकंगरसराय से 22 लीटर देशी और 14.250 लीटर विदेशी, थरथरी से 9 लीटर देशी तथा चिकसौरा से 28 लीटर देशी शराब जब्त की गई थी। सभी जब्त खेप को मंगलवार को एकत्र कर विनष्ट किया गया। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर शराबबंदी को सख्ती से लागू करने के लिए पूरे अनुमंडल में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। शराब विनष्टि की प्रक्रिया के दौरान राजस्व अधिकारी सुभाष कुमार चौधरी सहित विभिन्न थानों के कांड से संबंधित आईओ (अनुसंधानकर्ता अधिकारी) मौजूद रहे।

# विद्यार्थी को सुरक्षित, मूल्यवान और सशक्त महसूस कराएं संस्थान : प्रो. एस. पी. शाही

## मगध विश्वविद्यालय में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग (स्नातकोत्तर) एवं परामर्श प्रकोष्ठ ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के सहयोग से विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस-2025 पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम 'चेंजिंग द नेरेटिव ओन सुसाईड' रही जिसका उद्देश्य आत्महत्या जैसे संवेदनशील विषय पर चुप्पी तोड़ना, कलंक कम करना और जिम्मेदार संवाद को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत येलो रिबन अभियान से हुई जिसका संयोजन डॉ. प्रगति चतुर्वेदी और प्रभात रंजन ने किया। सबसे पहले कुलपति प्रो. एस. पी. शाही को पीला रिबन पहनाया गया और इसके बाद विश्वविद्यालय के अधिकारी, अधिष्ठाता, शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मियों ने भी इस अभियान में भाग लिया। अपने संदेश में कुलपति प्रो. शाही ने कहा कि आत्महत्या केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं बल्कि सामाजिक समस्या है जिसका समाधान सामूहिक जिम्मेदारी से ही संभव है। उन्होंने संस्थानों को ऐसा वातावरण तैयार करने की आवश्यकता बताई जहां विद्यार्थी सुरक्षित, मूल्यवान और मानसिक रूप से समर्थ महसूस करें। इसके बाद जूम प्लेटफार्म पर राष्ट्रीय वेबिनार 'फ्रॉम साइलेंस टू रिस्पॉन्सिबिलिटी: रीडिफाइनिंग हाउ सोसाइटी टॉक्स अबाउट सुसाईड' आयोजित हुआ जिसमें 300 से अधिक विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षाविद और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ जुड़े। वेबिनार का संचालन आयोजन सचिव डॉ. हिमालय तिवारी ने किया। स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीति सुमन ने दिया और विषय का परिचय डॉ. मीनाक्षी ने प्रस्तुत किया। मुख्य व्याख्यान जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा के कुलपति प्रो. अनूप गुप्ता ने दिया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए सहयोगी माहौल उपलब्ध कराएं। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. बी. के. मंगलम, अधिष्ठाता प्रो. आर. एस. जमुआर और आईक्यूएसी समन्वयक सहित अन्य वक्ताओं ने भी आत्महत्या रोकथाम में सहानुभूति, संवाद और सामूहिक जिम्मेदारी की महत्ता पर प्रकाश डाला। अंत में डॉ. प्रियंका सिंह ने आभार ज्ञापन दिया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी और परामर्श प्रकोष्ठ के सदस्य भी सक्रिय रूप से शामिल रहे।यह पहल न केवल आत्महत्या रोकथाम जैसे गंभीर विषय पर सार्थक विमर्श की नींव बनी, बल्कि विश्वविद्यालय की सामाजिक उत्तरदायित्व और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को भी मजबूत रूप से रेखांकित करती है।




## एक नजर

### महिला से चेन की छिनतई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शहर में बुधवार को एक महिला के साथ चेन छिनतई की घटना सामने आई है। पीड़िता की पहचान शेखपुरा मोहल्ला निवासी सोनी देवी पति मदन कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार सोनी देवी बाजार करने के लिए गोलाबाजार गई हुई थीं। इसी दौरान जब वह सामान खरीदने के बाद ई-रिक्शा पर सवार होने लगीं, तभी अज्ञात महिलाएं साथ बैठी और उसके गले से कीमती सोने की चेन झपट लिया और मौके से फरार हो गयीं। घटना के बाद पीड़िता ने इसकी सूचना तुरंत शेरघाटी थाना पहुंचकर किया। जानकारी मिलते ही शेरघाटी थानाध्यक्ष अजित कुमार दल-बल के साथ पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया और आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे से पड़ताल करने लगी।

### फरार चालक पर मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के परसावां मोड़ पर बीते 5 सितंबर को बड़ा हादसा हो गया था। यहां एक तेज रफ्तार एलएसटी बस ने स्कूटी सवार को पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में 55 वर्षीय मोहम्मद मंसूर आलम की मौके पर ही मौत हो गई थी। मंसूर आलम, कोंच गांव के रहने वाले थे और सुबह 6:35 बजे स्कूटी से घर से निकले थे। गया-गोह रोड पर उनकी स्कूटी को बस ने जोरदार टक्कर मारी और करीब 200 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। नहर के पास बस रोककर चालक फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मृतक के पुत्र मोहम्मद समर वारसी ने कोंच थाना में लिखित शिकायत बुधवार को कराई है। पुलिस ने कांड संख्या 444/25 दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजन और ग्रामीणों ने आरोपी चालक की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

### दरवाजे पर से ऑटो की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के चिताबकला गांव से चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार सुजीत चौधरी का टेम्पू उनके घर के दरवाजे से ही अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। घटना मंगलवार की देर रात की बताई जा रही है जबकि टेम्पू घर के सामने खड़ी थी। सुबह उठने पर मालिक ने देखा कि गाड़ी गायब है। पीड़ित सुजीत चौधरी ने काफी खोजबीन किया, लेकिन गाड़ी का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पीड़ित ने थाने में जाकर घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि टेम्पू उनकी आजीविका का साधन था और अचानक हुई इस चोरी से परिवार पर आर्थिक संकट मंडराने लगा है।

### बिजली चोरी में छापेमारी, चार पर जुर्माना व केस दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती और कोंच थाना क्षेत्र में मंगलवार को बिजली चोरी रोकने के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में चार लोगों को बिजली चोरी का दोषी पाया गया जिन पर जुर्माना लगाने के साथ-साथ प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। जुर्माना लगाए गए उपभोक्ताओं में ग्राम विश्वनाथपुर के सुरेंद्र मिस्त्री पर 8307 रुपए, ग्राम काजी बिगहा के साधु चौधरी पर 14440 रुपए, ग्राम छतीहर के राजेश यादव पर 18684 रुपए और मनोज कुमार पर 9746 रुपए का चालान किया गया। मानव बल समरेश कुमार ने जानकारी दी कि यह छापेमारी विद्युत कनीय अभियंता विकास कुमार के नेतृत्व में की गई जिसमें रंजीत कुमार, ऋतु राज कुमार और रौशन कुमार भी शामिल थे। आंती प्रभारी थानाध्यक्ष मीरा कुमारी ने बताया कि बुधवार की सुबह आठ बजे चारों अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी का पर्दाफाश करने के लिये वजीरगंज पहुंची डॉग स्क्वॉड की टीम

**वजीरगंज(गयाजी)।** क्षेत्र के नगर पंचायत के बैजनाथपुर गांव में हुई चोरी का पर्दाफाश करने में पुलिस जुटी हुई है। बुधवार को इसके लिये पुलिस ने डॉग स्क्वॉड की सहायता ली। चोरी करने के समय चोरों द्वारा हाथ लगाये गये अटैची एवं कपड़ों को सुंघाकर चोरों के आने-जाने के रास्तों की तफ्तीश की गई। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि खोजी डॉग घटना स्थल से निकलकर घर के पिछवाड़े तक गया और वहां से मुख्य सड़क वजीरगंज-फतेहपुर तक जाकर रूक गया।

## पंजाब नेशनल बैंक ने पितृपक्ष मेला में श्रद्धालुओं के लिए की विशेष सेवाओं की शुरुआत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** पंजाब नेशनल बैंक के गयाजी मंडल प्रमुख चैता कुमार पंडा ने दीप प्रज्वलन कर पितृपक्ष मेला-2025 के अवसर पर बैंक द्वारा शुरू की गई विशेष सेवाओं का उद्घाटन किया। इस मौके पर उप मंडल प्रमुख उपेंद्र चतुर्वेदी ने प्रशासनिक अधिकारियों को रिफ्लेक्टर जैकेट प्रदान किया। पंजाब नेशनल बैंक की चांद चौरा शाखा द्वारा मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शाखा परिसर के बाहर और विष्णुपद मंदिर के निकट टेंट लगाया गया है। यहां शीतल जल और बैठने की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। साथ ही पिंडदान करने वालों की सुविधा हेतु खुदरा सिक्का और नोट बदलने के लिए विशेष स्टॉल भी स्थापित किया गया है जहां बैंककर्मी प्रतिदिन सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। यह स्टॉल पूरे पितृपक्ष मेला अवधि में कार्यरत रहेगा। बैंक की ओर से जिला प्रशासन को स्वयंसेवकों और पुलिसकर्मियों के लिए रिफ्लेक्टर जैकेट भी भेंट किए गए हैं जिससे मेले की व्यवस्था को और बेहतर ढंग से संचालित किया जा सके। इस पूरे आयोजन में चांद चौरा शाखा के प्रमुख संतोष कुमार ने समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वरिष्ठ प्रबंधक मनीष कुमार सिंह (मुख्य प्रबंधक, मंडल कार्यालय गया) सहित शाखा के सभी स्टाफ सदस्य और मंडल कार्यालय के कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित रहे। पंजाब नेशनल बैंक की इस पहल को श्रद्धालुओं, प्रशासन और स्थानीय नागरिकों ने सराहा। बैंक के अधिकारियों ने कहा कि यह सहयोग संस्था की सामाजिक उत्तरदायित्व भावना का प्रतीक है और आने वाले समय में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।

## मगध विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर रसायन विज्ञान विभाग में शिक्षक सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बोधगया।** स्नातकोत्तर रसायन शास्त्र विभाग, मगध विश्वविद्यालय बोधगया में एम.एससी. छात्रों द्वारा शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, विभाग के शिक्षक डॉ. सुमित कुमार, डॉ. पार्थ प्रतिम दास, डॉ. सुप्रिया कुमारी और डॉ. आभा पाण्डेय उपस्थित रहे। साथ ही गैर-शैक्षणिक कर्मचारी शिव कुमार, उपेन्द्र कुमार, डॉ. राजेश कुमार, प्रमोद कुमार, राजेश कुमार, सिकंदर मुखिया और सिया राम ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह में स्नातकोत्तर वर्ग के छात्रों ने अपने शिक्षकों को सम्मानित किया और कविता एवं भाषण प्रस्तुत कर आभार व्यक्त किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का आदान-प्रदान नहीं बल्कि जीवन मूल्यों और संस्कारों का संचार भी है। प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम और अनुशासन का महत्व सिखाते हैं और यही उनके जीवन को सफल बनाता है। डॉ. सुमित कुमार ने विद्यार्थियों से कहा कि रसायन शास्त्र की पढ़ाई को प्रयोगात्मक दृष्टिकोण से अपनाकर अनुसंधान की ओर बढ़ें, यही शिक्षक के प्रति सच्चा सम्मान होगा। डॉ. सुप्रिया कुमारी ने शिक्षक और छात्र के रिश्ते को एक परिवार की तरह बताया और कहा कि लक्ष्यों के प्रति समर्पण से सफलता निश्चित है। डॉ. आभा पाण्डेय ने कहा कि जब विद्यार्थी अपने शिक्षकों का सम्मान करते हैं तो यह शिक्षा-जगत की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि शिक्षक और छात्रों के सहयोग से ही विभाग की गरिमा और पहचान बढ़ती है। अंत में सभी शिक्षकों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही शिक्षकों के परिश्रम का वास्तविक प्रतिफल है।

### अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टर जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने बुधवार को अवैध बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ा है। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि मदरडीह में अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने बरामद किया है वहीं पुलिस को आता देख ट्रैक्टर का चालक भागने में सफल रहा। ट्रैक्टर को पुलिस बरामद कर थाने लायी है जिसपर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### बिहार की गौरवशाली भूमि रही है लोकतंत्र की जननी : अनुराग सिंह ठाकुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गयाजी)।** प्राचीन काल से ही बिहार की धरती का एक शानदार एवं गौरवशाली इतिहास रहा है और बिहार के साथ - साथ मगध प्रांत ने भी देश को समय - समय पर बहुमूल्य योगदान दिया है। बिहार ने छठवीं शताब्दी में ही लोकतंत्र का जननी के रूप में सम्पूर्ण भारत को लोकतांत्रिक व्यवस्था की दिशा दिखाई जो आज तक चल रही है। बिहार की ही धरती पर विश्व के दो प्राचीन विश्वविद्यालयों क्रमशः नालंदा विश्वविद्यालय एवं विक्रमशिला विश्वविद्यालय का उदय हुआ है जिसने शिक्षा के छेत्र में देश का वैश्विक स्तर पर प्रतिनिधित्व किया और आज भी इनका महत्व बना हुआ है। इसके साथ - साथ बिहार, प्रसिद्ध प्राचीन भारतीय राजनेता, दार्शनिक और अर्थशास्त्री, चाणक्य की भी कर्मभूमि रही है। बिहार ने प्राचीन से वर्तमान तक देश को कई छेत्रों में योगदान दिया है और मैं बिहार, विशेषकर ज्ञान और मोक्ष की भूमि गयाजी पधार कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उक्त वक्तव्य भारत सरकार के पूर्व केंद्र मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा संसद 2025 कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन समारोह में कही। श्री ठाकुर ने अपने उद्बोधन में 1975 में भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल के विरोध में बिहार से लोकनायक जय प्रकाश नारायण के द्वारा शुरू किए गए सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन का भी जिक्र किया जिसने पुरे देश में क्रांति की लहर पैदा कर दिया था।

## गोपालपुर व बस स्टैंड से 2.406 ग्राम मादक पदार्थ के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के गोपालपुर एवं बस स्टैंड इलाके में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दो मादक पदार्थ कारोबारियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान उनके पास से 2.406 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया। मामले की जानकारी शेरघाटी के एएसपी शैलेंद्र सिंह ने प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को दी। एएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में मादक पदार्थ की तस्करी की योजना बनाई जा रही है। सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मो. सलाऊदीन अंसारी और विनोद सिंह के रूप में की गई है। जांच में खुलासा हुआ कि दोनों का आपराधिक इतिहास रहा है। मो. सलाऊदीन अंसारी के खिलाफ अतरी थाना में पूर्व से ही आपराधिक मामला दर्ज है, वहीं विनोद सिंह के खिलाफ धनगाई थाना में मुकदमा दर्ज है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दोनों कई दिनों से मादक पदार्थ की तस्करी में सक्रिय थे और इलाके में इसकी सप्लाई करने की योजना बना रहे थे। एएसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों से पूछताछ जारी है।

## फर्जी शिक्षक नियुक्ति और 5 लाख के गबन मामले में ग्रामीणों ने विद्यालय में जड़ा ताला

### शिक्षकों को बाहर निकाला, जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** प्रखंड के दौलतपुर गांव में मध्य विद्यालय से जुड़ा बड़ा मामला सामने आया है। बुधवार दोपहर ग्रामीणों ने विद्यालय में ताला जड़कर शिक्षकों को बाहर निकाल दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में फर्जी शिक्षक की नियुक्ति और विकास राशि में गबन किया गया है। वार्ड सचिव धनंजय कुमार ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानाध्यापक नवीन कुमार ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर विद्यालय की विकास राशि से करीब 5 लाख रुपये की निकासी की। साथ ही धीरेन्द्र कुमार नामक व्यक्ति को बिना शैक्षणिक प्रमाण पत्र के शिक्षक पद पर नियुक्त कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह सब बीईओ की मिलीभगत से हुआ है। धनंजय कुमार, सुधीर कुमार, विकास कुमार समेत कई ग्रामीणों ने कहा कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तालाबंदी जारी रहेगी। मौके पर पहुंचे मुखिया शशि कुमार ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है और चेतावनी दी है कि कार्रवाई न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। इधर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमन से संपर्क की कोशिश की गई, लेकिन उनका मोबाइल कवरेज क्षेत्र से बाहर था।

### पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री की पुण्यतिथि मनायी गयी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिला कांग्रेस सहकारिता विभाग के जिलाध्यक्ष कुमार ओंकार शक्ति के आवास बाटा मोड़ पर बिहार के प्रथम दलित पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री का पुण्यतिथि बुधवार को मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दलित समाज के वरिष्ठ नेता और कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अशोक प्रसाद भारती ने की। सर्वप्रथम सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से पूर्व मुख्यमंत्री के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि दलित समाज से आने वाले प्रथम मुख्यमंत्री थे और वो महात्मा गांधी से प्रभावित होकर स्वतंत्रता संग्राम में भी जुड़ कर देश को आजादी दिलाने में अपना अहम योगदान दिये थे।


**भारतीय स्टेट बैंक**
**क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय,औरंगाबाद**

द्वितीय **तल्ला मवार कॉम्प्लेक्स, दानी बीघा, पुरानी जी. टी. रोड, औरंगाबाद – 824101**

**निविदा सूचना**

भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, औरंगाबाद को अपने **बैदराबाद शाखा, जिला-अरवल** हेतु नए परिसर किराया के लिए आवश्यकता है | ऐसे मकान मालिक /पावर ऑफ अटार्नी धारक से प्रस्ताव आमन्त्रित किए जाते हैं,जिनके पास प्रस्तावित मकान,जेनेरटर रूम और पार्किंग क्षेत्र के लिए पर्याप्त स्थान उप्लब्ध है | संबंधित नियम एवं शर्तों से जुड़ी विस्तृत जानकारी बैंक की वेबसाइट **www.sbi.co.in** महत्वपूर्ण लिंक **"Procurements News-LHO PATNA"** के अंतर्गत दिनांक- **11.09.2025 से 24.09.2025** तक downloading कर सकते हैं | भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय,औरंगाबाद,द्वितीय तल्ला मवार काम्प्लेक्स, दानी बिगहा,औरंगाबाद में प्रस्तावों की अंतिम प्रस्तुति की निर्धारित तिथि **24.09.2025** को अपराहन 03.30 बजे या उसके पूर्व होगी |

| क्रमांक | प्रस्तावित स्थान | अनुमानित जगह की आवश्यकता |
|---|---|---|
| 1. | स्थानीय बस स्टैंड/रेलवे स्टेशन/मुख्य बाजार, बैदराबाद, जिला-अरवल के निकटवर्ती क्षेत्र | 2000 वर्ग फीट |

**नोट** - बैंक बिना कारण बताए किसी या सभी प्रस्तावों को अस्वीकार या रद्द करने का या इस सूचना के माध्यम से प्राप्त से अलग किसी अन्य परिसर के चयन का अधिकार सुरक्षित रखता है|

**कृप्या ब्रोकर भाग ना लें |**

**क्षेत्रीय प्रबंधक**
**क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय,**
**भारतीय स्टेट बैंक,औरंगाबाद**


## सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में राशि अंतरण का सीधा प्रसारण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत माह-अगस्त, 2025 का नई दर (1100 रूपये प्रतिमाह) से पेंशन की राशि अंतरण से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर समाहरणालय सभागार, गया में जिले के डीएम शंशाक शुभंकर की उपस्थिति में किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा के लगभग 448 पेंशनधारी माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा राशि अंतरण का वर्चुवल कार्यक्रम टी.वी/स्क्रीन के माध्यम से पूरा प्रसारण को देखे एवं सुने। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पेंशनधारियों के लिए बैठने की व्यवस्था, नास्ता/पानी उपलब्ध कराया गया। डीएम द्वारा उक्त कार्यक्रम का सफल आयोजन हेतु जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) एवं सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गया को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया था। इस अवसर पर डीपीओ (आईसीडीएस), गया सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गया एवं सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, गया सहित जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गया के सभी कर्मी उपस्थित थे।


**शपथ पत्र**

मैं जय राम सिंह (JAY RAM SINGH), पिता स्वर्गीय शिव रतन सिंह, निवासी-जयनंदन बिगहा, जलालपुर, टेकारी, गया (बिहार), पिन-824236, यह सार्वजनिक सूचना के माध्यम से निवेदन करता हूं कि मेरे पुत्र मुकेश कुमार, सेना क्रमांक 15681171N, रैंक हवलदार, भारतीय सेना में कार्यरत हैं और वर्तमान में 33 CSR, सुकना मिलिट्री स्टेशन, C/o 99 APO में तैनात हैं। मेरे नाम एवं जन्म तिथि को मेरे पुत्र के सेवा अभिलेखों में गलत रूप से दर्ज किया गया है। उसमें मेरा नाम जयराम सिंह (JAIRAM SINGH) तथा जन्म तिथि 01/07/1950 अंकित है। जबकि मेरा सही नाम-जय राम सिंह (JAY RAM SINGH) एवं मेरी सही जन्म तिथि- 01/01/1957 है, जो मेरे सभी व्यक्तिगत अभिलेखों (जैसे आधार कार्ड संख्या 6205 4572 7379) में अंकित है। अतः मैं यह घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र के सेवा अभिलेखों में मेरा नाम जयराम सिंह (JAIRAM SINGH) तथा जन्म तिथि 01/07/1950 की जगह सही नाम और तिथि जय राम सिंह (JAY RAM SINGH) और जन्म तिथि 01/01/1957 दर्ज की जाए। यह शपथ पत्र संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है, ताकि आवश्यक संशोधन किया जा सके। उक्त विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य है।

**शपथकर्ता**
**जय राम सिंह**



**समाहरणालय, गढ़वा**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**कार्यालय :– जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा**
**Email Id : dcpsgarhwa@gmail.com**

**बाल कल्याण समिति, गढ़वा के आदेशानुसार**

**आम सूचना**

नाम : भाश्कर (काल्पनिक)
लिंग : पु0
माता का नाम : अज्ञात
पिता का नाम : अज्ञात
उम्र : 23 दिन (लगभग)
वजन : 2.200 कि0ग्रा0
ऊँचाई : 46 से0मी0
बालका का रंग : सावला



एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालक गढ़वा जिला के ग्राम–मकरी, पोस्ट–बीरबल, थाना–धुरकी, जिला–गढ़वा अंतर्गत प्राप्त हुआ है। बालक बाल कल्याण समिति, गढ़वा में उपस्थापन के पश्चात् विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, लोहरदगा में संरक्षित है।

बालक के जैविक माता–पिता एवं विधिक संरक्षक का पता ज्ञात करने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय सभी समाचार पत्रों में यह विज्ञापन प्रकाशित की गई है। सूचना प्रकाशित होने के 60 (साठ) दिनों के अंदर यदि कोई बालक के जैविक माता–पिता/विधिक संरक्षक होने का दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो बाल कल्याण समिति, गढ़वा/जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा में सम्पर्क कर बालक से संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा प्रस्तुत करने हेतु दिये गये समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् उक्त बालक से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका–2022 के नियम–6 के उपनियम–13 के अंतर्गत उक्त शिशु को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, गढ़वा द्वारा विधिक रूप से स्वतंत्र घोषित कर दिया जाएगा।

**कार्यालय पता:–** जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/बाल कल्याण समिति, पुराना समाहरणालय भवन, गढ़वा। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नया समाहरणालय, कल्याणपुर, गढ़वा।

सम्पर्क नम्बर :– 7870520029, 6200118854, 8271440076, 9313632516

**PR 361527 Social Welfare,Women and Child Development(25-26)#D**

**जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा**



**कार्यालय नगर पंचायत, छत्तरपुर (पलामू)।**
Email Id – np.chhattarpur2018@gmail.com

**अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या–NPC-04/2025-26 (3rd Call)**

नगर पंचायत, छत्तरपुर द्वारा संचालित अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदीर में उपयोग हेतु निम्नांकित चिकित्सीय आपूर्ति (दवा एवं उपचार सामग्री) की आपूर्ति हेतु निबंधित निर्माता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों से दर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नवत हैः–

| Sl. No. | Particulars | Tender Fee | Last date and time of submission of document | Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Amlodipine Tab. (5mg) | 5000.00 | Date 20.09.2025 Time 2.00 P.M. | Date 20.09.2025 Time 3.00 P.M. |
| 2 | *Amoxicillin + Clavulinic Acid Tab.(625mg) | | | |
| 3 | Azithromycin Tab. (500mg) | | | |
| 4 | Aceclofenac+ PCM Tab (100mg + 325 mg) | | | |
| 5 | *Calcium carbonate + Vitamin D3 Tab. (500mg) | | | |
| 6 | *Cetrizine 10mg | | | |
| 7 | *Diclofenac Sodium + PCM Tab. (50mg +325 mg) | | | |
| 8 | Antispasmodic Tab ( Dicyclomine 20mg + PCM 325mg) | | | |
| 9 | Domperidone Tab 10mg | | | |
| 10 | Doxycycline Capsule 100mg | | | |
| 11 | Ibuprofun+ PCM Tab | | | |
| 12 | Fluconazole cap/tab | | | |
| 13 | Glimepride Tab (2mg) | | | |
| 14 | *Levocetrizine Tab( 5mg) | | | |
| 15 | *Omeprazole + Domperidone (20+10mg) | | | |
| 16 | Ofloxacin+ Orinidazole Tab (200 + 500mg) | | | |
| 17 | *Paracetamol Tab (650 mg) | | | |
| 18 | *Pantoprazole Tab (40mg) | | | |
| 19 | *Montelucast + Levocetrizine Tab (10mg + 5mg ) | | | |
| 20 | Telimisartan Tab (40 mg) | | | |
| 21 | *PCM Syp (60ml) 250mg / 5ml | | | |
| 22 | Antacid Syp (170ml) | | | |
| 23 | *Amoxicillin Dry Syp (60ml) | | | |
| 24 | Metformin SR Tab (500mg) | | | |
| 25 | Cefixime Dry Syp. (30ml) 50mg/ 5ml | | | |
| 26 | Povidone Iodine oint (15gm) | | | |
| 27 | *Dr. Morpean Glucometer & Glucometer Strip of same company | | | |
| 28 | B.p Appartus Machine | | | |
| 29 | Eye drop – methyl cellulose | | | |

| SL. No. | Diagnostic Test | Product/ equipment required for testing |
|---|---|---|
| 01 | Hemoglobin | Digital hemoglobin meter & strip |
| 02 | Dengue/ Typhoid | Rapid card test for NS1 antigen and IGM and IgG Antibodies |
| 03 | HbAg test for hepatitis B | Rapid card test |
| 04 | Syphilis | Rapid kit |

नोट :– नियम एवं शर्त कार्यालय, नगर पंचायत, छत्तरपुर के कार्यालय के सूचना पट्ट एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के वेबसाईट https://udhd.jharkhand.gov.in/ulb/Chhattarpur/Chhattarpur.aspx पर देखा जा सकता है।

PR 361560 (District) 25-26 (D)

**प्रशासक,**
**नगर पंचायत, छत्तरपुर**

संपादकीय

# टैरिफ का शिकार शिगेरू इशिबा

टैरिफ की राजनीति अब देशों में राजनेताओं की कुर्सी भी छीनने लगी है। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा अपनी कुर्सी नहीं बचा सके और उनकी पार्टी के अल्पमत में आने के कारण उन्हें पद से इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि जापान में इस तरह सरकारों का गिरना कोई नई बात नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से समुचित टैरिफ डील में नाकाम रहने के कारण शिगेरू के खिलाफ देश में नाराजी बढ़ रही थी। हालांकि शिगेरू ट्रंप द्वारा जापान पर आयद 27.5 फीसदी टैरिफ को 15 प्रतिशत तक लाने में कामयाब रहे थे, लेकिन जापान में शायद इसे भी नाकाफी माना गया। जापानी कंपनियां भी अमेरिका के मनमाने टैरिफ से परेशान हैं। खास बात यह है कि जापान में अधिकांश सरकारें अपना कार्यकाल पूरा करने में नाकाम रही हैं। वहां सरकार गिरने का मुख्यं कारण घरेलू रहता आया है। दरअसल, अमेरिका-जापान व्यापार समझौते के जरिए ट्रंप ने कोशिश की थी कि जापान अमेरिकी बाजार पर अधिक निर्भर रहे। इसके लिए जापानी ऑटोमोबाइल, स्टील और टेक्नोलॉजी सेक्टर पर भारी दबाव डाला गया। इसका उल्टा असर पड़ा। देश में महंगाई बढ़ गई और घरेलू उद्योगों को नुकसान पहुंचा।. साथ ही चीन और दक्षिण कोरिया जैसे पड़ोसी देशों के साथ प्रतिस्पर्धा और भी तेज हो गई। शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने जापानी वाहनों पर 27.5 प्रतिशत का टैरिफ लागू किया था, जिसे बाद में 15 प्रति. पर लाया गया। रायटर की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी टैरिफ की वजह से जापान को आर्थिक असमंजस का सामना करना पड़ा. क्योंकि अमेरिकी आदेश के आधार पर नए 15 प्रति. टैरिफ पुराने टैरिफ पर अतिरिक्त रूप से जोड़े गए, जिससे जापान की अर्थव्यवस्था पर बोझ बढ़ गया। इस समझौते को निवेशकों ने जापान की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए फायदेमंद माना गया। हालांकि इस समझौते के बावजूद इशिबा की राजनीतिक स्थिति मजबूत नहीं हो सकी। यद्यपि इस कदम से जापानी ऑटो इंडस्ट्री, विशेष रूप से टोयोटा और होंडा जैसी कंपनियों को बड़ी राहत मिली , क्योंकि यह सेक्टर जापान की अर्थव्यवस्था का लगभग 8 प्रति. हिस्सा है। बावजूद इसके शिगेरू का जनसमर्थन लगातार घटता गया। नतीजा यह रहा कि विपक्ष ने इस मौके को भुनाया और प्रधानमंत्री को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। साथ ही सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी दोफाड़ होने की नौबत आ गई थी। गौरतलब है कि इशिबा की गठबंधन सरकार जुलाई में हुए ऊपरी सदन (हाउस ऑफ काउंसलर्स) के चुनाव में हार गई थी। इशिबा ने इसके लिए हाल ही में माफी मांगी थी और कहा था कि वह इस्तीफा देने के बारे में निर्णय लेंगे। चुनावी हार के बाद एलडीपी के भीतर 'इशिबा को हटाओ' आंदोलन तेज हो गया था। जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं। इनमें से एलडीपी को 39 सीटें मिली थीं। यह हार पीएम इशिबा के लिए दूसरी बड़ी राजनीतिक असफलता थी। यह चुनाव उस वक्त हुआ जब जापान में मंहगाई बढ़ी और अमेरिका के टैरिफ को लेकर लोगों में चिंता थी। चुनाव में हार के बावजूद प्रधानमंत्री इशिबा ने साफ कहा कि वह देश के लिए काम करते रहेंगे और अमेरिका के टैरिफ जैसे मुद्दों से निपटने की कोशिश करेंगे। इन मुद्दों को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के खिलाफ नाराजगी देखी गई। हालांकि पिछले तीन प्रधानमंत्रियों ने जब उच्च सदन में बहुमत खोया था, तो उन्होंने दो महीनों के भीतर इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में इशिबा पर भी दबाव बढ़ा। अंततः उन्होंने भी त्यागपत्रभ दे दिया।

# बइरबी-सायरंग रेल परियोजना: पूर्वोत्तर भारत को प्रगति से जोड़ती ऐतिहासिक पहल





भारतीय रेल ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए, आजादी के बाद पहली बार मिजोरम की राजधानी आइजोल को देश के रेल मानचित्र से जोड़ा है। बइरबीङ्कसायरंग रेल परियोजना के पूरा होने से पूर्वोत्तर भारत की चौथी राजधानी को रेल संपर्क प्राप्त हुआ है। यह परियोजना न केवल भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण मानी जाती है, बल्कि इंजीनियरिंग और निर्माण की दृष्टि से भी भारतीय रेल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**पूर्वोत्तर में नई रेल क्रांति:** अब तक पूर्वोत्तर क्षेत्र की तीन राजधानियाँ—गुवाहाटी (असम), ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) और अगरतला (त्रिपुरा)- सीधे रेल नेटवर्क से जुड़ी थीं। मई 2025 में सायरंग तक सफल ट्रायल रन के साथ आइजोल इस सूची में चौथी राजधानी बन गई। यह ऐतिहासिक कदम न केवल मिजोरम के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

**परियोजना का स्वरूप और लागत:** बइरबी-सायरंग रेल परियोजना की कुल लंबाई 51.38 किलोमीटर है। यह बइरबी से शुरू होकर आइजोल के निकट स्थित सायरंग तक जाती है। परियोजना को चार प्रमुख सेक्शनों में बांटा गया हैः

-बइरबी-हरतकी सेक्शन- 16.72 किमी
-हरतकी-कावनपुई सेक्शन- 9.71 किमी
-कावनपुई-मुअलखांग सेक्शन 12.11 किमी
-मुअलखांग-सायरंग सेक्शन 12.84 किमी

पूरे प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग ?8071 करोड़ रुपये से अधिक है। इस परियोजना के तहत चार नए स्टेशन- हरतकी, कावनपुई, मुअलखांग और सायरंग का निर्माण किया गया है।

**इंजीनियरिंग और निर्माण की चुनौतियाँ:** मिजोरम का भौगोलिक स्वरूप कठिन और पहाड़ियों वाला है। यहाँ रेलवे ट्रैक बिछाने के लिए अनेक पुलों और सुरंगों की आवश्यकता थी। इस परियोजना में कुल 55 बड़े पुल और 87 छोटे पुल बनाए गए हैं। इसके अलावा 48 सुरंगों का निर्माण किया गया है, जिनकी कुल लंबाई 12.8 किलोमीटर से अधिक है।

परियोजना का सबसे उल्लेखनीय इंजीनियरिंग चमत्कार है पुल संख्या 196 का पियर क्क 4, जिसकी ऊँचाई 114 मीटर है। यह कुतुब मीनार से भी 42 मीटर ऊँचा है। इसके अतिरिक्त, यात्रियों और माल ढुलाई की सुगमता के लिए 5 रोड ओवरब्रिज (ऋह्नक्क) और 6 रोड अंडरब्रिज (ऋक्क) का भी निर्माण किया गया है।

निर्माण कार्य की उपलब्धियाँ

रेलवे इंजीनियरों ने अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में इस परियोजना को पूरा किया। नरम मिट्टी, बरसात से भरे मौसम और दुर्गम पहाड़ियों पर काम करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। इसके बावजूद, ऑटोमैटिक टनलिंग मेथड जैसी आधुनिक तकनीकों, सुरक्षा उपायों और सटीक निर्माण योजना की मदद से सुरंगों की ड्रिलिंग, पुलों की नींव डालने तथा ऊँचाई पर विशाल संरचनाएँ खड़ी करने जैसे जटिल कार्य सफलतापूर्वक पूरे किए गए, ताकि यात्रियों की रेल यात्रा न केवल तेज और आरामदायक हो, बल्कि सुरक्षित भी हो।

मिजोरम को मिलने वाले लाभ

बइरबीङ्कसायरंग रेल परियोजना मिजोरम की आर्थिक और सामाजिक प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

-कृषि और स्थानीय उद्योग के लिए नए बाजारः मिजोरम के किसान, बुनकर और स्थानीय उद्योग अब अपने उत्पादों को आसानी से देश के अन्य हिस्सों तक पहुँचा पाएंगे।

-माल ढुलाई की दक्षताः रेल मार्ग से माल परिवहन तेज और सस्ता होगा, जिससे व्यापार और उद्योग को बल मिलेगा।

-समय की बचतः सड़क मार्ग पर ज्यादा समय लेने वाली यात्रा अब ट्रेनों के जरिए कम समय में पूरी होगी।

-पर्यटन को बढ़ावाः मिजोरम की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर तक पहुँच आसान होगी, जिससे पर्यटन उद्योग को गति मिलेगी।

**पूर्वोत्तर का भविष्य और रेल संपर्क:** भारतीय रेल की यह परियोजना केवल मिजोरम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूर्वोत्तर भारत के लिए एक नई विकास गाथा लिखती है। बेहतर रेल संपर्क से इस क्षेत्र में निवेश की संभावनाएँ बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह परियोजना 'कनेक्टिंग नॉर्थईस्ट टू द नेशन' के संकल्प को मजबूत करती है।

बइरबीङ्कसायरंग रेल परियोजना भारतीय रेल की इंजीनियरिंग दक्षता, दूरदर्शी योजना और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। कठिन पहाड़ियों और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों को पार करते हुए यह परियोजना पूर्वोत्तर भारत की जीवनधारा को नई गति देती है। आइजोल का रेल मानचित्र से जुड़ना मिजोरम के साथ पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।

अध्यात्म

## भगवान को बिना खिलाए मंदिर से लौटना नहीं

एक ब्राम्हण था, भगवान श्री कृष्ण के मंदिर में बड़ी सेवा किया करता था। उसकी पत्नी इस बात से हमेशा चिढ़ती थी कि हर बात में वह पहले भगवान को लाता। भोजन हो, वस्त्र हो या हर चीज पहले भगवान को समर्पित करता । एक दिन घर में लड्डू बने। ब्राम्हण ने लड्डू लिए और भोग लगाने चल दिया। पत्नी इससे नाराज हो गई । कहने लगी कोई पत्थर की मूर्ति जिंदा होकर तो खाएगी नहीं जो हर चीज लेकर मंदिर की तरफ दौड़ पड़ते हो। अबकी बार बिना खिलाए न लौटना, देखती हूँ कैसे भगवान खाने आते हैं। बस ब्राम्हण ने भी पत्नी के ताने सुनकर ठान ली कि बिना भगवान को खिलाए आज मंदिर से लौटना नहीं है। मंदिर में जाकर धूनि लगा ली। भगवान के सामने लड्डू रखकर विनती करने लगा। एक घड़ी बीती। आधा दिन बीता, न तो भगवान आए न ब्राम्हण हटा। आसपास देखने वालों की भीड़ लग गई। सभी कौतूहलवश देखने लगे कि आखिर होना क्या है। मक्खियाँ भिनभिनाने लगी ब्राम्हण उन्हें उड़ाता रहा। मीठे की गंध से चीटियां भी लाईन लगाकर चली आईं। ब्राम्हण ने उन्हें भी हटाया, फिर मंदिर के बाहर खड़े आवारा कुत्ते भी ललचाकर आने लगे । ब्राम्हण ने उनको भी खदेड़ा। लड्डू पड़े देख मंदिर के बाहर बैठे भिखारी भी आए गए। एक तो चला सीधे लड्डू उठाने तो ब्राम्हण ने जोर से थप्पड़ रसीद कर दिया। दिन ढल गया, शाम हो गई। न भगवान आए, न ब्राम्हण उठा। शाम से रात हो गई। लोगों ने सोचा, ब्राम्हण देवता पागल हो गए हैं, भगवान तो आने से रहे। धीरे-धीरे सब घर चले गए। ब्राम्हण को भी गुस्सा आ गया, लड्डू उठाकर बाहर फेंक दिए। भिखारी, कुत्ते, चीटी, मक्खी तो दिन भर से ही इस घड़ी का इंतजार कर रहे थे, सब टूट पड़े। उदास ब्राम्हण भगवान को कोसता हुआ घर लौटने लगा। इतने सालों की सेवा बेकार चली गई, कोई फल नहीं मिला। ब्राम्हण पत्नी के ताने सुनकर सो गया। रात को सपने में भगवान आए। बोले- तेरे लड्डू खाए थे मैंने। बहुत बढिया थे, लेकिन अगर सुबह ही खिला देता तो ज्यादा अच्छा होता। कितने रूप धरने पड़े तेरे लड्डू खाने के लिए, मक्खी, चीटी, कुत्ता, भिखारी। पर तूने हाथ नहीं धरने दिया। दिन भर इंतजार करना पड़ा। आखिर में लड्डू खाए लेकिन जमीन से उठाकर खाने में थोड़ी मिट्टी लग गई थी। अगली बार लाए तो अच्छे से खिलाना। भगवान चले गए। ब्राम्हण की नींद खुल गई। उसे एहसास हो गया। भगवान तो आए थे खाने लेकिन मैं ही उन्हें पहचान नहीं पाया। बस, ऐसे ही हम भी भगवान के संकेतों को समझ नहीं पाते हैं।

## दो लड़कों की जोड़ी क्या बदल देगी बिहार की राजनीति ?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

बिहार की सियासत इस समय सबसे गर्म मुद्दा बन चुकी है। भाजपा और नीतीश जहां सत्ता को खोना नहीं चाहते हैं। वहीं राहुल और तेजस्वी उन्हें नए नजरिए की राजनीति से सत्ता से बेदखल करना चाहते हैं। सत्ता और विपक्ष में सहमात का खेल जारी है। कौन किस पर भारी पड़ता है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन बिहार के मतदाताओं पर राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा का असर पड़ता दिख रहा है। अगर ऐसा न होता तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आँखों से आँसू न निकलते। अब पीएम मोदी के आंसुओं का बिहार के वोटरों पर कितना असर पड़ता है यह देखना होगा। लेकिन गाली -गलौज की राजनीति सभ्य लोकतंत्र के लिए दुःखद है। हमें सकारात्मक राजनीति करनी चाहिए। मोदी हमारे देश के पीएम हैं, किसी भी राजनैतिक मंच से इस तरह की अमर्यादित भाषा किसी के लिए हमारे राजनीति को गिराती है। बिहार की राजनीति में एक तरफ राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा, दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावुक अपील और मां को गाली दिए जाने पर दरभंगा की रैली में चुनावी मंच से आंखें नम हो जाना। भावनात्मक पॉलिटिक्स की तरफ साफ इशारा करती है। पीएम मोदी इमोशनल पॉलिटिक्स करते हैं। विपक्ष जिस अस्त्र से हमला करता है मोदी उसे ही अपना अचूक हथियार बना कर विपक्ष पर पलटवार करते हैं। मोदी की चुनावी पॉलिटिक्स की यह सबसे बड़ी खूबी रही है। हालांकि जिस मंच से प्रधानमंत्री की मां को गाली दी गई उस मंच पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव मौजूद नहीं थे। मीडिया रिपोर्टर में कहा गया है। मोदी ने विपक्ष पर सीधा हमला करने के लिए इसे ब्रह्मास्त्र के तौर पर प्रयोग किया। अब इसका कितना असर होगा यह चुनावी परिणाम के बाद ही दिखेगा। बिहार की पॉलिटिक्स में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कोई जोड़ नहीं है। वह मजे हुए राजनीतिज्ञ और रणनीतिकार हैं। उनके पास जाति समूह का भारी भरकम बैंक भी है। लेकिन अब उनकी उम्र राजनीति में बाधा बनती दिखती है। लम्बे वक्त से वे राज्य के मुख्यमंत्री हैं जिसकी वजह से एंटी इनकंबेंसी दिखती है। दूसरी तरह बिहार में पलायन, बेरोजगारी और विकास के मुद्दे जैसे आम सवाल हैं। जिस पर नीतीश सरकार की पकड़ ढीली पड़ रही है। आंतरिक तौर पर भाजपा को भी उन पर उतना भरोसा नहीं है। क्योंकि बिहार चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन मजबूती से उभरता है तो भाजपा से दोस्ती फिर आसान नहीं होगी। दूसरी तरफ उनकी अवसरवादी राजनीति से भाजपा भी सतर्क है। लेकिन चुनाव पूर्व नीतिश से रिश्तों को लेकर वह कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती। राहुल गांधी अपनी वोट अधिकार यात्रा के जरिए सीधे जनता से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए हैं। राहुल गांधी की तरफ से चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोप से भाजपा और आयोग की मुश्किल बढ़ी है। राहुल गांधी ने जिस तरह कथित वोट चोरी के मुद्दे पर प्रस्तुत किए गए दस्तावेज पर भी बौद्धिक वर्ग अपनी तरफ से चिंतन कर रहा है। विश्वसनीय संस्था चुनाव आयोग पर इस तरह से उठाए गए सवाल भी लोकतंत्र की अहमियत और उसकी गरिमा कम करते हैं। आयोग अपनी पारदर्शिता पर कुछ भी कहे, लेकिन एक बार सवाल तो उठी गए हैं। बिहार में भारी तादात में वोटरों का मतदाता सूची से नाम गायब होना बड़ा सवाल है। राहुल गाँधी की वोट अधिकार यात्रा युवाओं, किसानों और गरीब तबके के हक को सामने रखकर उन्हें जागरूक करने का अभियान है। राहुल का फोकस यह दिखाने पर है कि केंद्र सरकार, लोकतंत्र और संविधान को कमजोर कर रही है। बिहार में उनकी यात्रा का असर खासकर युवाओं और वंचित तबकों पर देखा जा रहा है। अब आप राहुल गांधी की यह यात्रा, वोट में कितना तब्दील हो पाएगी यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन राहुल गांधी की निडर और जमीनी पॉलिटिक्स ने एक नई बहस को जन्म दिया है और हमारे लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भी सवाल उठ खड़े हुए हैं। जिस पर नए सिरे से हमें विचार करने की आवश्यकता है।

# जागरूकता से आ सकती है आत्महत्या में कमी



**डॉ. मधु कुमारी**

आज-कल आत्महत्या एक बहुत बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बन गई हैं विश्व स्वास्थ्य संगठन के आँकड़े के अनुसार दुनिया में हर साल10 लाख से अधिक लोगों की जान चली जाती है और आत्महत्या के गहरे प्रभाव समाज, परिवार, दोस्त, कार्यस्थल सभी जगहों पर गहरा प्रभाव पड़ता है इस लिए आत्महत्या करने से रोकना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल ÷आत्महत्या रोकथाम दिवस ÷ 10 सितंबर को मनाया जाता है।

2025 का थीम है ÷कार्यवाई के माध्यम से आशा का सृजन÷ जो हमें आत्महत्या रोकने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करता है।यह पूरी दुनिया के लोगों के आत्महत्या जैसे जटिल समस्याओ के प्रति सोच बदलने कि एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है।

आत्महत्या जीवन का सबसे प्राणघातक फैसला है।जीवन में ऐसी स्थितिया आती हैं जब इंसान उससे लड़ नहीं पाता। जब उसे अपनी समस्या का समाधान नहीं दिखाई देता है तो उसके पास एक मात्र विकल्प दिखाई देता है।

### *आत्महत्या को कैसे रोका जा सकता है*

आत्महत्या को समय रहते रोका जा सकता है लेकिन इंसान के भीतर ऐसी सोच पैदा नहीं होती।आधुनिक जीवन शैली बहुत ही प्रतिस्पर्धातमक हो गई है।व्यक्ति हर बात को अपनी सफलताओ और असफलताओ से जोड़ देता है जिसकी वजह से इस तरह की घटनाएं होती है। विश्व में होने वाली कुल आत्महत्याओ का 21 फीसदी भारत में होता है।

पूरी दुनिया जिंदगी की बदलती ब्यस्तताओ और कार्य के मानसिक तनाव के साथ जिंदगी का मूल्यांकन अर्थ से जुड़ गया है जिसकी वजह से युवाओं में आत्महत्या की प्रविर्ती सबसे अधिक है।

### *आत्महत्या के कारण*

- आर्थिक तनाव
- सामाजिक अलगाव की स्थिति
- नौकरी छुट जाना
- धार्मिक अनुष्ठानो में शामिल न होना
- घरेलू कलह
- आज के युवा प्रेम प्रसंग में बहुत जान दे रहे है द्य
- इगो की बहुलता द्य
- हीन भावना द्य
- समायोजन की कमी

### *आत्महत्या के विचार रखने वाले व्यक्ति के लक्षण*

- उच्च स्तर का दोष भाव व्यक्त करना।
- असहाय महसूस करना।
- नशे का बहुत ज्यादा सेवन करना।
- परिवार व मित्रों से दूरी बना लेना।
- स्वयं को खत्म करने का मौका तलाश करना।

### *आत्महत्या निवारण के उपाय*

- अध्यात्म से जुड़े रहे क्योंकि अकेले रहने से बहुत तरह का बात मन में ख्याल आते हैं

### अपने उत्साह को बनाये रखें

- स्वास्थय संबंधि समस्या होने पर सही समय पर उचित इलाज कराए।
- अपने मानसिक स्वास्थ्य का हमेशा ध्यान रखें।
- स्वस्थ मनोरंजन करें।
- परिवार के साथ समय बिताए।

### *परिवार की भूमिका*

- ऐसे विचार रखने वाले व्यक्ति से बातचीत करे जिससे कि वह अपनी मन की बातो को साझा कर सके।
- उन्हें अकेला कभी न छोड़ें।
- परिवार में कलह न करें।
- परिवार में लम्बे समय तक मन मुटाव न रखें।

### *शिक्षकों की भूमिका*

- छात्रों के कमजोरी को सभी के सामने प्रगट ना करें।
- दूसरे बच्चों से तुलना न करे।
- छात्रों के व्यवहार में असमान्य परिवर्तन होने पर अभिभावक से बात करें।
- छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाए।
- छात्रों को आत्मनिर्भर बनने के लिए शिक्षित करें ।
- कक्षा का वातावरण तनाव रहित रखें।

**( लेखिका सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय , औरंगाबाद में मनोविज्ञान विभाग में सहायक प्राध्यापक हैं )**

## आज का कार्टून

जीएसटी के नए स्लैब से गरीबों को फायदा होगा तो अबतक किसको हो रहा था: अखिलेश यादव




## राशिफल

**मेष**
कारोबार की योजनाओं को भविष्य में टालने के बजाय शीघ्रातिशीघ्र क्रियान्वित करने का प्रयास करें। अपनी योग्यता को सिद्ध करने में सफल होंगे।

**वृषभ**
अपने गुणदोषों पर विचार करें एवं उनके अनुसार योजना बनायें। बच्चे घर पर ऑनलाइन गेम्स का आनन्द उठा सकते हैं। अपनी दिनचर्या को संयमित रखें।

**मिथुन**
आज कोई नया कार्य आरम्भ न करें। सरकारी कार्यों में परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक गतिविधियाँ समय पर पूर्ण नहीं होंगी।

**कर्क**
जीवनसाथी के साथ मतभेद दूर होंगे। पुराने अनुभवों की सहायता से समय से अपने काम पहले खत्म कर लेंगे। लोगों की सहायता करने में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में थोड़ा दबाव रहने वाला है। परिजनों के लिये आज महँगी शॉपिंग कर सकते हैं। आप दूसरों की सहायता करने को लेकर तत्पर रहेंगे।

**कन्या**
आपके फोकस में आज कुछ कमी रहेगी। काल्पनिक विचारों को आप अधिक समय दे सकते हैं। युवा दैहिक आकर्षण को प्रेम समझने की भूल न करें।

**तुला**
अधीनस्थ कर्मचारी आपसे नाराज हो सकते हैं। घर का वातावरण बहुत अच्छा रहेगा। व्यक्तिगत जरूरतों में किसी खर्च के कारण कटौती करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में आपके कार्य की प्रशंसा होगी। काम का दबाव कम होने से आपका दिन अच्छे से बीतेगा। नये अनुसन्धान में आप रुचि ले सकते हैं।

**धनु**
सहकर्मियों के प्रति मन में असन्तोष उमड़ सकता है। परिजनों पर क्रोध करने के स्थान पर प्यार से उन्हें समझायें। व्यवसाय में धन लाभ के अवसर मिलेंगे लेकिन चुनौतियाँ रहेंगी।

**मकर**
वैवाहिक जीवन आनन्ददायक रहेगा। व्यापार के नये प्रस्ताव मिल सकते हैं। आज आप समय का सदुपयोग करेंगे। ऑफिस का काम आपको घर पर करना पड़ सकता है।

**कुंभ**
नकारात्मक आदतों की ओर आपका झुकाव हो सकता है। प्रेमीजन को लेकर आप अत्यन्त भावुक रहेंगे। अपनी दिनचर्या को संयमित रखें।

**मीन**
आपकी सोच अत्यधिक सकारात्मक रहेगी। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। लम्बे समय से अटका हुआ कोई छोटा कार्य किसी मित्र के सहयोग से पूर्ण हो सकता है।

# जॉब कैम्प में 250 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 213 अभ्यर्थी सम्मिलित

## नियोजन कैंप का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** श्रम संसाधन विभाग बिहार अंतर्गत गवर्नमेंट आईटीआई परिसर में सोमवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने की। उक्त कैंप में निजी कंपनी वीआईएसपीएल के प्रतिनिधि गुलशन कुमार के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 250 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 213 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 149 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत स्थल पर चयनित किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया। बताया कि नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही श्री राणा ने बताया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते है। सभी सुविधाओं के बारे में जेएसए राहुल कुमार, वाईपी पंकज कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर डीएसएम सामंत कुमार, रंजय सिंह देव, सतीश पटेल एवं आईटीआई कर्मी उपस्थित थे।

# बाल विवाह और बाल श्रम के खिलाफ किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**आरा।** सामाजिक संस्था 'दिशा एक प्रयास 'भोजपुर जिले में सामाजिक सुधार के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में 10 सितंबर 2025 को संस्था के कार्यकर्ताओं ने खेसरहिया पंचायत में घर-घर जाकर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इसका मुख्य उद्देश्य बाल विवाह और बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक करना था। कार्यकर्ता पंचायत के वार्ड 2 के हर घर में गए और निवासियों को इन कुप्रथाओं के कानूनी परिणामों के बारे में बताया। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि ये कृत्य न केवल सामाजिक रूप से गलत हैं, बल्कि कानून की नजर में गंभीर अपराध भी हैं। कार्यकर्ताओं ने इन अपराधों के लिए निर्धारित सजा के प्रावधानों से भी लोगों को अवगत कराया, जिससे उन्हें इन कृत्यों की गंभीरता का एहसास हो सके। संस्था जागरूकता फैलाने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं ने एक 'त्वरित सहायता' समूह के रूप में भी काम किया। वे अपने साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं के फॉर्म लेकर चल रहे थे। जब भी कोई जरूरतमंद या वंचित व्यक्ति मिलता, कार्यकर्ता तुरंत उसकी सहायता करते। वे मौके पर ही फॉर्म भरवाते और आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न करने की सलाह देते। इस त्वरित सहायता ने कई लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में मदद की है। संस्था का कहना है कि यह अभियान अभी जारी रहेगा। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचकर उन्हें सशक्त बनाना है। 'दिशा एक प्रयास' की यह पहल निश्चित रूप से खेसरहिया पंचायत में एक सकारात्मक बदलाव लाएगी और पूरे जिले में सामाजिक उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## एक नजर

### बंध्याकरण शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** परिवार कल्याण पखवाड़ा के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सह अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में बुधवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डा. अनिल प्रसाद ने 09 महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण अपरेशन किया गया। ऑपरेशन से पूर्व की सभी जरूरी जांच की गई। ऑपरेशन उपरांत आवश्यक दवा एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। मौके पर डा भारती भूषण, फर्मासिस्ट नवीन कुमार, जीएनएम रवि कुमार, सुमन रानी एएनएम प्रियंका कुमारी, सदानंद भारती सहित आशा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी समसा का फौदार महतो का पुत्र रौशन कुमार है। उस पर थाना काड संख्या 37ए16 के तहत आर्म्स एक्ट कांड अंकित था। लंबे अंतराल से वह कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। लंबी अवधि से गैर हाजिर रहने से न्यायालय ने उसके विरुद्ध लाल वारंट जारी किया था। इस गिरफ्तारी में एस आई रंजीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### एबीवीपी ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का एक शिष्टमंडल सोमवार को डीईओ से मिलकर पांच सूत्री मांग पत्र सौपा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य अजीत चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद जिले में शैक्षणिक सुधार हेतु वर्षों से प्रयासरत है। प्रदेश मंत्री पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि जिले में कई स्थानों पर बेसिक स्कूल का भवन बना हुआ है। किंतु वह उपयोग में नहीं है। यह काफी दुखद विषय है। साथ ही पिछले वर्ष और इस वर्ष भी कई प्लस टू के प्रधानाध्यापक द्वारा नामांकन में अवैध वसूली भी किया गया। इन पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।नगर सह मंत्री अमन कुमार एवं जीडी कलेज अध्यक्ष प्रहलाद कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समाधान हेतु कोई भी सरल प्रक्रिया नहीं है। इसलिए सप्ताह में एक दिन जिला शिक्षा कार्यालय में छात्र दरबार लगाया जाना चाहिए। इस अवसर पर नगर सह मंत्री विशाल कुमार, आलोक कुमार, रोशन कुमार, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

### लापता किशोरी बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के एक गांव से तीन महीने से गायब किशोरी को नावकोठी पुलिस ने बरामद किया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि वह 4 जून को अपने घर से गायब थी। इसकी प्राथमिकी किशोरी के दादा ने थाने में दर्ज कराकर खोजबीन करने की गुहार लगाई थी। मोबाइल लोकेशन तथा तकनीकी अनुसंधान के आधार पर मंझौल बस स्टैंड से बरामद कर बीएनएस 183 के तहत बयान कराने हेतु कोर्ट में उपस्थपित किया गया। इस बरामद्गी में एसआई कुंदन कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### वृद्ध महिला को किया जख्मी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के स्थानीय पंचायत नावकोठी में बच्चों के बीच हुए झगड़े में धारदार हथियार से वार कर एक वृद्ध महिला को जख्मी कर दिया। जख्मी महिला स्व महेन्द्र सहनी की पत्नी शांति देवी है। इसका इलाज स्थानीय पीएचसी में किया गया। जख्मी शांति देवी ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर गाँव के ही चंद्र देव साह के पुत्र नंदन कुमार साह तथा दो अन्य पर गाली गलौज करने, मारपीट करने, धारदार से वार कर जख्मी कर देने, कान की बाली छीन लेने का आरोप लगाकर नामजद किया है। थाने में लिखित आवेदन में उसने बताया कि उसका पोता वरूण सहनी का पुत्र आदर्श कुमार के साथ 8 सितम्बर को उपरोक्त नामजद ने मारपीट किया। इसकी शिकायत करने पर उपरोक्त नामजद ने घटना का अंजाम दिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने शिकायत दर्ज कर त्वरित कार्रवाई कर नामजद नंदन कुमार साह को निरुद्ध कर कोर्ट भेज दिया है।

### दिवंगत एएनएम को दी गई श्रद्धांजलि

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महेशवाड़ा के दिवंगत एएनएम रेखा देवी की पहली पुण्यतिथि पर उनके आवास पर बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता शिक्षाविद सुशील कुमार सिंह ने की। उपस्थित गणमान्य ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज सेवी सह शिक्षाविद सुशील कुमार, प्रो संजय कुमार, पूर्व वार्ड सदस्य विजय सिंह, पुस्तकाध्यक्ष सुनील सिंह, पति संजय कुमार, पुत्र शबनम कुमार, राजीव कुमार,पौत्र ऋषिकेश, सीतांशु रिशु, मीठी समेत, अन्य ग्रामीणों एवं परिजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने उनके प्रेरणादायक व्यक्तित्व एवं कृतित्व का विस्तार से चर्चा किया। इनकी याद में जय मंगला राजनीति पुस्तकालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। मौके पर प्रो संजय कुमार, पूर्व वार्ड सदस्य विजय सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, पति संजय कुमार, पुत्र शबनम कुमार, राजीव कुमार, पौत्र ऋषिकेश कुमार, सीतांशु, रिशु, मीठी सहित कई ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

### उप स्वास्थ्य केन्द्र का उद्घाटन

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अररिया फारबिसगंज प्रखंड के आरटी मोहन पंचायत अंतर्गत गुरम्हीं ग्राम में बुधवार को उप स्वास्थ्य केंद्र का विधिवत उद्घाटन हुआ। मध्य विद्यालय गुरम्हीं के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार गुप्ता ने फीता काटकर उपस्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। उदघाटन के बाद उन्होंने कहां कि किसी भी ग्राम के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य मूलभूत सुविधा होती है, शिक्षा की सुविधा तो था, लेकिन बुधवार से उपस्वास्थ्य केंद्र होने से स्वास्थ्य का भी सुविधा ग्रामवासियों को मिलेगी।

# आज डीआरसीसी में लगेगा बसंतपुर मौजा सह नगर परिषद क्षेत्र का शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार के तत्वाधान में जिले में राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आम जनता की राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं न्यायसंगत समाधान करना है। इस बाबत जानकारी देते हुए सदर अंचलाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि आज गुरुवार को अररिया अंचल के पीछे डीआरसीसी परिसर में मौजा बसंतपुर सह नगर परिषद क्षेत्र के भू धारकों के लिए शिविर लगाया गया है, जहां दस टेबल लगाए गए हैं और जिसमें कई ऑपरेटर्स व हेल्परों को तैनात किया गया है ताकि किसी भी तरह का भू धारकों को कोई दिक्कत न हो। कम पढ़ें लिखे लोगों के लिए भू धारकों की सहायता के लिए सहयोगी दल भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान का भू धारक खूब लाभ उठाएं। विदित हो कि इस महाअभियान के दौरान निम्नलिखित कार्य विशेष प्राथमिकता से किए जाएंगे जैसे ऑनलाइन जमाबंदी में त्रुटि सुधार (परिमार्जन), उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण, छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन कराना प्रमुख रूप से कार्य किया जाएगा। यह अभियान बीते 16अगस्त से ही चल रही है, जो 20 सितंबर तक निर्धारित की गई है। अंचलाधिकारी अजय कुमार ने सभी नागरिकों से अपील किया है कि वे अपने राजस्व संबंधी मामलों के समाधान हेतु नज़दीकी अंचल/राजस्व कार्यालय से भी संपर्क करें और अभियान का लाभ उठाएँ।

# विश्वविद्यालयस्तरीय चयन प्रतियोगिता में संजना व राहुल ने पाया प्रथम स्थान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी ने पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर- 2025 के लिए दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय जिले के विभिन्न कॉलेजों से विश्वविद्यालय स्तरीय चयन प्रतियोगिता हेतु आए हुए एनएसएस के छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभकामना देते हुए कहा कि हमारे छात्र एवं छात्राएं गत वर्षों की तरह ही इस बार भी गणतंत्र दिवस परेड शिविर में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर ललित कला संकाय के अध्यक्ष प्रो पुष्पम नारायण, कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा, डॉ गीतेन्द्र ठाकुर, डॉ अनिल कुमार चौधरी, डॉ रश्मि शिखा, एनसीसी, 8 बिहार बटालियन, दरभंगा के सूबेदार जगत सिंह, नेहरु युवा केन्द्र, दरभंगा के मुकेश कुमार झा, कार्यक्रम पदाधिकारी- डॉ लक्ष्मण यादव, डॉ बिभा कुमारी, डॉ श्याम सुंदर शर्मा, डॉ अनुपम प्रिया, डॉ अमित कुमार सिन्हा, डॉ अविनाश कुमार तथा डॉ दिलीप कुमार झा सहित 100 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में यू आर कॉलेज, रोसरा की संजना रानी- प्रथम, एमआरएम महिला कॉलेज की पूजा पासवान- द्वितीय तथा खुशबू कुमारी- तृतीय, जीएमआरडी कॉलेज, मोहनपुर की प्रीति कुमारी- चतुर्थ, सीएम कॉलेज की पूजा कुमारी- पंचम, एमआरएम कॉलेज की सुजाता कुमारी- छठा, वूमेन्स कॉलेज, समस्तीपुर की शांभवी कुमारी- सातवां, एमएलएसएम कॉलेज की श्रुति सानिया- आठवां, सीएम कॉलेज की लक्ष्मी कुमारी- नौवां तथा के एस कॉलेज, दरभंगा की माधवी कुमारी ने दसवां स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्र वर्ग में जीएमटी कॉलेज, मोहनपुर के राहुल कुमार- प्रथम, डीबीकेएन कॉलेज, नरहन के डेविड कुमार- द्वितीय, मिल्लत कॉलेज के मोहम्मद तनवीर- तृतीया, जीएमआरडी कॉलेज के प्रियांशु कुमार- चतुर्थ तथा आदर्श कुमार- पंचम, सीएम कॉलेज के नीतीश कुमार- छठा, जीएमआरडी कॉलेज के रजनीश कुमार- सातवां, एमएलएसएम कॉलेज के चक्रधर कुमार झा- आठवां, जीएमआरडी कॉलेज के विशाल कुमार- नौवां तथा एमएलएसएम कॉलेज के मोहम्मद अमानुल्लाह ने दसवां स्थान प्राप्त किया। डॉ चौरसिया ने बताया कि इन चयनित स्वयंसेवकों को अपने-अपने महाविद्यालय में तथा एनसीसी, 8 बटालियन में परेड की ट्रेनिंग दी जाएगी। इनमें बेहतरीन परेड करने वाले छात्र-छात्रा आगामी 13 सितंबर को मगध महिला कॉलेज, पटना में आयोजित राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। तत्पश्चात वहां से चयनित स्वयंसेवक सेंट्रल जोन प्रतियोगिता हेतु मध्य प्रदेश के ग्वालियर में 10 दिनों के लिए पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेंगे। अंतिम रूप से चयनित स्वयंसेवक 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2026 के बीच दिल्ली में रहकर गणतंत्र दिवस परेड शिविर में कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन करेंगे।

# युवाओं ने नशे से दूर रहने का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जीडी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना और सेहत केंद्र के द्वारा सोमवार को नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश देना। रैली की शुरूआत कॉलेज परिसर से प्रोग्राम आफिसर की अगुवाई में हुई। सेहत केंद्र के पियर एडुकेटर सुमित कुमार ने रैली का समापन करते हुए सभी स्वयंसेवकों को शपथ दिलायी की हम नशे का सेवन नहीं करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे। प्राचार्य डा. चंद्रभूषण प्रसाद सिन्हा ने नशा मुक्ति रैली को समाज हित में एक सराहनीय प्रयास बताया और कहा कि यदि इस तरह की रैलियाँ और अभियान लगातार चलते रहें तो निश्चित रूप से समाज को नशे की बुरी आदतों से मुक्त किया जा सकता है। स्वयंसेवकों का यह प्रयास युवा शक्ति की जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच का स्पष्ट प्रमाण है। सेहत केंद्र की नोडल आफिसर डा सहर अफरोज ने कहा कि नशा आज समाज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। मादक पदार्थ युवाओं को बर्बादी की ओर ले जा रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है। बल्कि युवाओं को समाज की वास्तविक समस्याओं से जोड़कर उन्हें समाधान की राह दिखाती है। इस मौके पर पियर एडुकेटर सुमित कुमार, अजित कुमार, रौशन, गुलशन कुमार, विक्रम राठौड़, राहुल, राजन गुप्ता, अभिनव, प्रिंस केशरी, अमन, गोविन्द, सूरज, फलक, साजिया, शहनाज खातून, सोनी कुमारी, मुस्कान कुमारी सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे।

## कला प्रदर्शनी का आयोजन

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के संगीत और नाट्य विभाग द्वारा कला प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को हुआ। इस प्रदर्शनी में विभागीय परिसर को विभागीय उपकरणों से बेहद सुन्दर व करीने से सजाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भगवती वंदना के साथ हुआ। संकायाध्यक्ष प्रोफ़ेसर पुष्पम नारायण और विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या' ने फीता काटकर शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में संगीत के विभिन्न वाद्य-यंत्रों को वाद्य- वर्गीकरण के अनुसार और नाटक के प्रॉप्स, उपकरणों और वस्त्र-विन्यास को सुन्दर रख-रखाव के साथ परिसर को अत्यंत उत्साहवर्धक ढंग से प्रस्तुत किया।

# प्रखंड के सभी विद्यालयों में पहली एवं दूसरी पाली की परीक्षा आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** अर्द्धवार्षिक परीक्षा प्रखंड के सभी विद्यालयों में बुधवार के दिन से प्रारंभ हुई। जिसमें प्रथम पाली में पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा में वीक्षण कार्य के लिए सभी संकुल के विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों से शिक्षकों को प्रतिनियोजित किया गया था। सभी विद्यालयों में कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित की जा रही है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामजन्म सिंह ने कहा कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा आयोजित किए जाने के प्रथम दिन परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया जहां सभी विद्यालयों में कदाचार मुक्त परीक्षा का संचालन हो रहा था। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलवाड़ा, मध्य विद्यालय बुनियादपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चित्तौड़ा बेला, मध्य विद्यालय शिवाजीनगर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामभद्रपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जंदाहा, मवि बल्लीपुर, उमवि परशुराम सहित प्रखंड के सभी प्राथमिक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय एवं मध्य विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का संचालन किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक सह पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, मृत्युंजय कुमार राय, प्रदीप कुमार, प्रकाश कुमार, देवानंद कामत, बिहारी दास, राजकुमार राय, मदन कुमार आदि ने अर्धवार्षिक परीक्षा संचालन में तट पर दिखे।

# इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**अररिया।** मंगलवार को स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, रजोखर, अररिया में इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 10 तक के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम में यथा जिसमें जूनियर गर्ल्स श्रेणी में प्रथमः सोमा (कक्षा 3, तक्षशिला हाउस), द्वितीय समैशी (कक्षा 4, विक्रमशिला हाउस), तृतीयः दिव्यांशी (कक्षा 3, तक्षशिला हाउस) सीनियर गर्ल्स श्रेणी, प्रथम अक्षिता (कक्षा 7), द्वितीय यति राज (कक्षा 8), तृतीय आरिफा (कक्षा 6) तथा जूनियर बॉयज़ श्रेणी में प्रथम अक्षय (कक्षा 2, साकेत हाउस),द्वितीय आर्यन (कक्षा 3, विक्रमशिला हाउस) तृतीय आबान (कक्षा 4, साकेत हाउस), सीनियर बॉयज़ श्रेणी, प्रथमः सुषांत (कक्षा 8, नालंदा हाउस), द्वितीय दिव्यांशु (कक्षा 7, विक्रमशिला हाउस),तृतीय अनुज (कक्षा 10, साकेत हाउस) सफल रहे। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को पुरस्कार और मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में हमारा हमेशा प्रयास रहता है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और अन्य गतिविधियों में भी समान अवसर मिले। शतरंज जैसी प्रतियोगिताएँ न केवल बच्चों की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाती हैं, बल्कि उनमें धैर्य, निर्णय लेने की क्षमता और प्रतिस्पर्धी भावना भी विकसित करती हैं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी पूरे जोश और उत्साह के साथ इसमें भाग ले रहे हैं। भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ नियमित रूप से आयोजित की जाती रहेंगी। विद्यालय प्रबंधन ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

# स्वर्ण पदक विजेता भाई-बहन को सोनाली सिंह ने किया सम्मानित

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बड़हरा विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी सोनाली सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले कोईलवर प्रखंड के कायमनगर गांव के होनहार खिलाड़ियों में अनुपम कुमार आर्य और अर्चना कुमारी को सम्मानित किया। उन्होंने दोनों को बुके देकर स्वागत किया, साथ ही आर्थिक सहायता प्रदान की और भविष्य में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। 4 से 8 सितंबर तक गोरखपुर में आयोजित राष्ट्रीय कॉम्बैट कुश्ती चैंपियनशिप में अनुपम और अर्चना ने अपने-अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर न केवल कायमनगर गांव बल्कि पूरे भोजपुर जिले का नाम रोशन किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सोनाली सिंह ने कहा कि अनुपम और अर्चना ने यह सिद्ध किया है कि सच्ची मेहनत और जुनून से किसी भी कमी को पीछे छोड़ा जा सकता है। मैं राज्य सरकार और खेल मंत्रालय से मांग करती हूं कि ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण, आर्थिक सहयोग और बेहतर खेल सुविधाएं दी जाएं। सोनाली सिंह ने इस अवसर पर यह भी बताया कि कायमनगर जैसे ग्रामीण क्षेत्र में किसी अच्छे कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र या मैदान का अभाव है, इसके बावजूद दोनों खिलाड़ियों ने सीमित संसाधनों में अभ्यास कर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में एक स्थायी कुश्ती ग्राउंड और प्रशिक्षण केंद्र की जरूरत है, ताकि और भी युवा ऐसे मंच तक पहुंच सकें। अनुपम कुमार आर्य ने अंडर - 19 में पुरुष वर्ग में दिल्ली के पहलवान को हराकर गोल्ड मेडल जीता। वहीं अर्चना कुमारी ने सिनियर महिला वर्ग में गुजरात की पहलवान को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**OFFICE OF THE**
**GENERAL MANAGER, TRANSMISSION ZONE-IV, MEDININAGAR**
**Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand**
**e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**e-Tender Notice**
**e-NIT No.395 /PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Re-sagging of conductors at various locations of 132 kV D/C Rihand-Garhwa Road Transmission Line under the jurisdiction of Transmission Sub-Division, Garhwa Road. |
| Period of Work | 90 days. |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs. 5,900.00/- Rupees Five Thousand Nine Hundred only (to be paid through online mode only). |
| Earnest Money Deposit | Rs. 77,500.00/- Rupees Seventy Seven Thousand and Five Hundred only. (to be paid through online mode only). |
| Availability of Tender Documents on e-tender website | From 15.09.2025 at 02:00 PM to 06.10.2025 upto 3:00 PM. |
| Start Date and time of upload of BID | 15.09.2025 at 02:00 PM. |
| End date and time of upload of BID | 06.10.2025 upto 03:00 PM. |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 07.10.2025 at 03:00 PM. |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on. |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmissio n Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand. |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 7488012827 for any enquiry.
2. **The bids will be received through electronic tendering mode only.**
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/- General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR.NO.361555 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26):D



**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj, e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**e-NIT Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm/agency/contractors for the following work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Name of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST@18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 396/PR/JUSNL/ 2025-26 | Repair & maintenance, Painting (inside & outside area), Sanitary work, including Roof treatment and other miscellaneous work of Staff quarters F-Type (2 Blocks) at 132/33 KV G.S.S. Daltonganj | 03Months | 1476/- | 18600/- | 9,26,556.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | 13.09.2025 at 12:00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 13.09.2025 at 12:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 06.10.2025 at 03:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 07.10.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for Price Part (Part-II) | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone -IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 361561 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में हुए बेकाबू हालातों के बीच सेना प्रमुख ने अपने हाथ में ली देश की कमान

**रक्सौल ( पूर्वी चंपारण)/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेपाल में अराजक और बेकाबू होते हालातों के बीच कल नेपाली सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल ने देश की कमान अपने हाथों में संभाल लिया। कल अपने 2 मिनट 40 सेकंड के वीडियो संदेश में राष्ट्र के नाम संबोधन में सेना प्रमुख ने हिंसा और उपद्रव में शामिल प्रदर्शनकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए उनसे अपील की, कि हिंसक प्रदर्शन और विरोध को रोककर बातचीत का रास्ता अपनाये। उन्होंने हिंसा औरउपद्रव फैलाने वाले प्रदर्शनकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हिंसा, लूटपाट और आगजनी नहीं रुकी, तो रात 10 बजे से पूरे देश में सेना और सुरक्षा एजेंसियां तैनात होंगी। सेना, पुलिस और सरकारी अधिकारियों ने संयुक्त अपील में संयम बरतने और बातचीत से संकट का हल निकालने को कहा। उनका कहना है कि राष्ट्रीय धरोहर और सार्वजनिक संपत्तियों की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है और हम इसकी सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### अमित बने हिंदु राष्ट्र निर्माण सेना के जिलाउपाध्यक्ष

**बेतिया/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** हिन्दू राष्ट्र निर्माण सेना की बैठक मंगलवार को राष्ट्रीय संयोजक सह अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा उर्फ बब्लू मिश्रा के अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। इस बैठक में सर्वसम्मति से अमित कुमार त्रिपाठी को पश्चिम चम्पारण का जिला उपाध्यक्ष, राकेश कुमार पटेल को जिला महासचिव , धन्नजंय तिवारी को प्रखण्ड अध्यक्ष चनपटिया, आनंद तिवारी प्रखण्ड उपाध्यक्ष चनपटिया आशीष कुमार पाण्डेय को चनपटिया प्रखण्ड का महासचिव, विजय साह को पंचायत अध्यक्ष पूर्वी तुरहापट्टी के पद पर मनोनीत किया गया । सभी के उपस्थिति मे गौ हत्या बन्दी और हिन्दू राष्ट्र निर्माण से संबंधित व अन्य मुद्दों और सेना के चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही साथ परमाराध्य शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द महाराज के बिहार भ्रमण कार्यक्रम 12 अगस्त से 28 अगस्त मे पूरी ताकत से सेना द्वारा हिस्सा लेने पर भी आम सहमति बनी ।

### दुर्गा पूजा समिति की बैठक

**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के गोपाला ब्रह्म स्थान परिसर में मंगलवार को दुर्गा पूजा समिति की बैठक की गई गई। बैठक में दुर्गा पूजा को लेकर मेला व्यवस्था, मेला में शांति व्यवस्था, पंडाल में आने वाले महिला पुरुष श्रद्धालुओं की व्यवस्था समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। वही पूजा कमिटी के कोषाध्यक्ष वर्मा प्रसाद ने मेला में इस बार मांसाहारी सामग्री की बिक्री पर रोक लगाने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। समिति के सचिव प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने लोगों को जानकारी दी कि इस मेला में विभिन्न प्रकार के झुला के अतिरिक्त लोगों के मनोरंजन के लिया मौत का कुंआ जैसे अनेक खेलों से भरपूर होगा।इस व्यवस्था के लिए प्रशासनिक सहयोग के साथ भारत स्काउट गाईड के बीस स्वयसेवक की तैनाती की जाएगी। जो हर तरफ अपनी पैनी नजर बनाये रखेंगे।मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा पासवान, गोपाल जी प्रसाद, प्रमोद कुमार, दिनेश कुमार ,प्रदीप जायसवाल, दिनालाल जायसवाल, चंदन कुमार, साहिल कुमार गुप्ता , नंदु कुमार, नंदलाल दूबे, सोनू कुमार समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### विधान पार्षद ने किया पीसीसी सड़क का उदघाटन

**बेतिया/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** चनपटिया प्रखंड के पूर्वी तुरहापट्टी, पतिहा टोला में पीसीसी सड़क का विधिवत उद्घाटन विधान पार्षद सौरभ कुमार ने किया। मौके पर एमएलसी श्री कुमार ने कहा कि इस सड़क की ढलाई होने से यहां के स्थानीय निवासियों को काफी सहुलियत मिलेगी। कीचड़ से होकर लोगो को अपने घरों को जाना पड़ता था। मौके पर पंडित प्रमोद त्रिपाठी रामबाबू रॉय, साहेब अंसारी, बैद्यनाथ यादव, चंद्रशेखर तिवारी, राघवेंद्र त्रिपाठी, अमित त्रिपाठी, जुगनू तिवारी एवं परशुराम पटेलआदि भी मौजूद रहे।

### सीएसपी संचालक से 1.80 लाख की लूट

**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपूर थाना के बल्थर रोड में भसुरारी गाव के समीप एक सीएसपी संचालक से हथियार दिखाकर एक लाख 80 हजार रुपए कि लुट की घटना घटी है। घटना मंगलवार की शाम की है। मामले में भेड़िहारवा गाव निवासी सीएसपी संचालक संदीप पासवान ने शिकारपूर थाना में आवेदन दिया है। पुलिस को दिए आवेदन में संदीप ने बताया है कि वह मंगलवार को नरकटियागंज के यूनियन बैंक से रुपए निकासी कर अपने घर भेड़ीहरवा लौट रहा था। इसी दौरान भसुरारी गाव से पहले तीन की संख्या में अपराधियों ने हथियार के बल पर घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। थानाध्यक्ष ज्वला कुमार सिंह ने बताया कि यूनियन बैंक से रुपये निकासी करने के बाद सीएसपी संचालक अपने घर लौट रहा था। इसी भी भसुरारी गाव के समीप अपराधियों ने घटना का अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि सीएसपी संचालक के निशानदेही पर बल्थर रोड में छापेमारी की गई है। मामले एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शीघ्र ही मामले का उद्भेदन किया जाएगा।

### सूचना के अभाव में गोष्ठी में नही पहुंच सके किसान

**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड परिसर स्थित विवाह भवन समीप बुधवार को कृषि प्रौधोगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) द्वारा आयोजित किसान गोष्ठी में किसान की संख्या काफी कम दिखी। वही किसानों से ज्यादा गोष्ठी में कृषि कर्मी उपस्थित रहे। जिससे यह गोष्ठी महज एक औपचारिकता बन कर रह गयी। किसानों ने आरोप लगाया है कि सूचना के अभाव में गोष्ठी में किसान पर्याप्त मात्रा में नही आ सके। अगर एक पंचायत से पांच- पांच किसान भी आये रहते हो गोष्ठी में उनकी संख्या ठीक ठाक रहती। गोष्ठी का विषय संतुलित उर्वरक का उपयोग कर खरीफ मौसम का उत्पादन, भंडारण और प्रसंस्करण था। कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार ने अपने संबोधन में उपस्थित किसानों को इसकी विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर बीएओ रोहित गौतम के अलावा सभी कृषि समन्वयक और किसान सलाहकार उपस्थित रहे। बता दे कि आत्मा द्वारा इस कार्यक्रम को लेकर किसी तरह का प्रचार प्रसार नही होने के चलते गोष्ठी में किसान नही पहुच सके।

### 30 लीटर शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने सूचना के आलोक में छापेमारी कर 30 लीटर चुलाई शराब के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस करवाई में एक बाइक भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार शराब कारोबारियों की पहचान पोहरा लक्ष्नौता गांव निवासी अखिलेश मांझी और अमरूद कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बाइक पर सवार दो युवक भारी मात्रा में शराब की खेप लेकर आ रहे है।सूचना पर दहड़वा टोला में छापेमारी कर दोनो को शराब के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार दोनों शराब कारोबारियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्जकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### दुकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**साठी/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के भतौड़ा चौक पर एक मोटरसाइकिल सर्विस की दुकान से अज्ञात चोरों ने मंगलवार की रात ताला तोड़कर लाखों रुपए की समान चोरी कर ली है। इस संदर्भ में दुकान मालिक थाना क्षेत्र के मुड़ली गांव निवासी अख्तर आलम ने थाने में आवेदन देकर बताया है कि उसका मोटरसाइकिल सर्विस का दुकान शिव मठिया दुमदूमवा भतौड़ा चौक पर है। मंगलवार की देर शाम दुकान बंद कर वह अपने घर चला गया। बुधवार को जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो देखा की दुकान के फाटक का ताला टूटा हुआ है। देखा गया तो मोटरसाइकिल पार्ट्स, टूल किट, रिंच, मोबिल तथा बैट्री जिसकी कीमत एक लाख लगभग अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है।

### एसपी ने बॉर्डर का लिया जायजा

**मैनाटाड/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेपाल में बिगड़ते हालात को लेकर भारत नेपाल सीमा हाई अलर्ट पर है। एसपी डॉ शौर्य सुमन ने मंगलवार की शाम इनरवा बार्डर पर पहुंचे और बॉर्डर सहित बार्डर से सटे इलाके का जायजा लिए। इस दौरान एसपी ने एसएसबी अधिकारीयों से भी बात की।साथ ही एसपी ने मौजूद पुलिस पदाधिकारी को सतत निगरानी का निर्देश देते हुए बार्डर पर हो रहे हर गतिविधि पर नजर रखने को कहा। एसपी ने बॉर्डर पर आने जाने लोगों पर कडी निगरानी रखने लगातार वाहन चेकिंग करने एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी निर्देश दिए। मौके पर डीएसपी जे पी सिंह,पुलिस निरिक्षक सरफराज अहमद सहित पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहें।



# अगस्त माह की पेंशन मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों के खाते में की अंतरित



**मोतिहारी/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा पेंशन की बढ़ी हुई दर पर माह अगस्त 2025 के पेंशन की राशि 10.09.2025 को डीबीटी के माध्यम से पेंशनधारियों के खाते में अंतरित की गई। इसके लिए पटना में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे।ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री, बिहार की अध्यक्षता में 24 जून, 2025 को हुई कैबिनेट की बैठक में सभी प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि₹400 से बढ़कर ₹1100 करने का निर्णय लिया गया था और इसे जून माह से क्रियान्वित किया गया। विगत 10 अगस्त को बढ़े हुए पेंशन की राशि ₹1100 की दर पर राज्य के 1 करोड़ 12 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में अंतरण किया गया। आज के कार्यक्रम में बताया गया कि लोगों में इसे काफी लोकप्रियता मिली है और पिछले एक माह में पेंशनधारियों की संख्या में 1,23,863 की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले माह एक करोड़ 12 लाख लोगों को पेंशन की राशि का भुगतान किया गया था, इस माह एक करोड़ 13 लाख से अधिक लोगों को 1263. 95 करोड़ की राशि का भुगतान किया जा रहा है। कार्यक्रम में जो भी पात्र लाभुक पेंशन योजना से छूटे हुए हैं उन्हें भी जोड़ने का निर्देश दिया गया। पटना के कार्यक्रम में बताया गया कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे,इसको लेकर सरकार न्याय के साथ विकास की अवधारणा पर कार्य कर रही है। सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि समाज के कमजोर वर्गों के लोगों की आत्मसम्मान में वृद्धि हो एवं उन्हें गरिमापूर्ण जीवन मिल सके, इसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना सहायता और संबल प्रदान करेगा। पटना में आयोजित इस कार्यक्रम का बिहार के सभी जिलों में लाइव प्रसारण कराया गया। पूर्वी चंपारण जिला में जिला स्तर पर इसके लिए समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभा भवन व्यवस्था कराई गई थी। इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया जिले में सामाजिक सुरक्षा की सभी छः पेंशन योजनाओं के अंतर्गत 5,70,247 पेंशनधारी हैं जिसमें मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 2,82,325;

**बढ़े हुए दर पर 1.13 करोड़ लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री ने किया 1263.95 करोड़ की राशि का अंतरण**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में 1,78,696; इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना अंतर्गत 32,679; इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना अंतर्गत 8,445; लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत 25,749; बिहार निःशक्तता पेंशन योजना अंतर्गत 42,353 लाभार्थी हैं। प्रखंड स्तर पर आदापुर- 20616 अरेराज-19552 कल्याणपुर-34990, केसरिया-20558, कोटवा-19021, घोडासाहन-20658, चकिया-21892, छौडादानों-19961, चिरैया-33504, ढाका-37814, तेतरिया-12891, तुरकौलिया-18005, पकड़ीदयाल- 17213, पताही- 20001, पहाड़पुर-23768, पिपराकोठी- 8104, फेनहारा-10153, बनकटवा- 14395, बंजरिया-15294, मधुबन-19499, मेहसी-18857, मोतिहारी-30838, रक्सौल-22067, रामगढ़वा-22969, संग्रामपुर-17964, सुगौली-24699 एवं हरसिद्धि-24964 सामाजिक सुरक्षा के लाभार्थी हैं। जिलाधिकारी ने सभा कक्ष में उपस्थित पेंशन के सभी लाभार्थियों से अपील की कि उनके आसपास वैसे सभी बुजुर्ग/ व्यक्ति(दिव्यांगजन, वृद्ध अथवा विधवा)जो पेंशन पात्रता रखते हैं, अगर उनका नाम पेंशन योजना से नहीं जुड़ा है तो उनका भी नाम जुड़वाने के लिए प्रयास किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित नहीं रहना चाहिए। सरकार का उद्देश्य है कि सभी पात्र लोगों को हर हाल में पेंशन उपलब्ध कराई जाए.इसके लिए अनुमंडल स्तर पर स्थापित बुनियाद केंद्र पर भी आवेदन दिया जा सकता है। इस अवसर पर सभा कक्ष में जिलाधिकारी के साथ नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अक्षय कुमार, सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं सामाजिक सुरक्षा कोषांग के कर्मीगण उपस्थित थे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को बड़ी सौगात

**4.17 लाख लाभार्थियों को 46.46 करोड़**




**बेतिया/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाज कल्याण विभाग, बिहार पटना के सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के पत्र के आलोक में बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सभी छः प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत नई दर से पेंशन की राशि डी०बी०टी० के माध्यम से अंतरित किए जाने के अवसर पर जिला मुख्यालय में पेंशन लाभार्थियों को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखलाया गया, जिसमें उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, जीविका तथा सभी संबंधित पदाधिकारीगण के साथ 620 से अधिक लाभार्थीगण भी उपस्थित रहें। आज के कार्यक्रम में उपस्थित लाभुकों के बीच सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत चल रहे छः पेंशन योजनाओं के आवेदन प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं नये आवेदन भी लिए गए। पेंशनधारियों के लिए हेल्पडेस्क के माध्यम से त्रुटियों का निराकरण भी किया गया। आज के कार्यक्रम में पश्चिम चम्पारण के कुल 4 लाख 17हजार 560 पेंशनधारियों के खाते में 46 करोड़ 46 लाख 51हजार 600 का अंतरण हुआ।

## एचपीसीएल बॉयोफ्यूल्सलिमिटेड इकाई सुगौली द्वारा एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह किसान संगोष्ठी का आयोजन



**मोतिहारी /सुगौली/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** एचपीसीएल बॉयोफ्यूल्स लिमिटेड, इकाई - सुगौली के आरक्षित ग्राम सिंहासिनी में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सह किसान संगोष्ठी (अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति वर्ग)का आयोजन किया गया। यह आयोजन बिहार सरकार, गन्ना उद्योग विभाग की ओर से मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना अन्तर्गत किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ह्यह्यगन्ना की प्रति एक-ड़ पैदावार बढ़ानेह्यह्य के लिए गन्ना किसानों को नई-नई वैज्ञानिक जानकारीयों से अवगत कराना है। आज के इस प्रशिक्षण शिविर में सिंहासिनी पंचायत क्षेत्र के 160 गन्ना कृषकों एवं कृषक सहायकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षक के रूप में वरीय कृषि वैज्ञानिक डॉ. सतीश चंद्र , क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, माधोपुर, ने उपस्थित कृषकों को प्रशिक्षण दिया।इस कार्यक्रम में एचपीसीएल बायोफयूल्स लिमिटेड युनिट सुगौली के गन्ना प्रबंधक संजीव कुमार , गन्ना अधिकारी अजय शर्मा व बिहार सरकार की ओर से गन्ना प्रसार अधिकारी बैजनाथ साहू ने बैठक में उपस्थित किसानों को संबोधित किया। इनके अतिरिक्त बिहार सरकार के सभी जनसेवक और मिल कर्मचारियों सहित लगभग 200 गन्ना किसानों और उनके सहायकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

## अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

रणधीर कुमार/नबिटा ब्यूरो।



**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ बुधवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रखण्ड के सभी जन प्रतिनिधियो ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व बीजबनी दक्षिणी पंचायत के मुखिया सह प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ प्रेम किशोर यादव ने किया। प्रदर्शन के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों ने सीओ, राजस्व अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि मनमानी चरम पर है। अंचल में कोई काम दाखिल-खारिज, परिमार्जन भू मापन में बगैर पैसा के काम नहीं होता है। राजस्व कर्मी अवैध दलाल रखकर वसूली व शोषण करते हैं। अंचल कार्यालय में आमजनता से अधिकारी व कर्मी सही से व्यवहार नहीं करते हैं। लेकिन वरीय अधिकारी शिकायत के बाबजूद कुम्भकर्णी निंदा में है व मनमानी पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है।सभी जन प्रतिनिधियो ने कहा कि सीओ अपनी मनमर्जी से अंचल चलाती है।जिससे दूर - दराज से आनेवाले आमजनों बिना काम कराए बिना वापस लौटने पर मजबूर हो जाते है। कहा कि अंचल कार्यालय दलालों व बिचौलिया का अड्डा बन गया है। सभी राजस्व कर्मचारी व अंचल अमीन चेन सिस्टम से दो-तीन दलाल व बिचौलिया को रखे हुए हैं। जिसके माध्यम से अवैध राशि वसूली की जाती है। जीतपुर पंचायत के मुखिया अशोक गुप्ता ने कहा कि देश व राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। नीतीश सरकार के कार्यकाल में वर्तमान में राज्य के समक्ष जो परिस्थिति बनी है हर तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। लेकिन बनकटवा अंचल कार्यालय तो भ्रष्टाचार मामले में रिकॉर्ड कायम करने में लगी है। वरीय अधिकारियों की चुप्पी से लोग आश्चर्य चकित हैं। उन्होंने कहा कि अब सिर से पानी ऊपर चला गया है। जिसे अब बर्दास्त नहीं किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों ने चेतावनी दी कि भ्रष्टाचार का यह खेल अगर बंद नही होता है तो मजबुरन सड़को पर उतरकर उग्र आंदोलन किया जाएगा।मौके पर श्यामबाबू यादव प्रखंड प्रमुख पति,बच्चा यादव मुखिया पति,नबी हसन खान,अशोक गुप्ता मुखिया पति,छोटेलाल यादव, रामनिवास यादव, नागेंद्र यादव उर्फ भुआली यादव,अरविंद कुमार राम नरेश प्रसाद यादव, फुजैल अहमद, महेश यादव, लालाबाबू प्रसाद, सुबोध कुमार यादव,सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## विकास के मुद्दे पर फिर जनता बनायेगी एनडीए सरकारः रेणु देवी



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्र और राज्य सरकार ने राज्य और देश को विकसित बनाने के लिए अनेकों योजनाओं का शुभारंभ किया। इसबार के विधानसभा चुनाव में फिर से राज्य की जनता विकास के मुद्दे पर वोट कर एनडीए सरकार बनाने की मुड बना चुकीं है। इससे विपक्षी दलों के होश उड़ गए हैं। उक्त बातें बुधवार को नौतन श्रीराम खेल मैदान में आयोजित एनडीए के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम सह मंत्री रेणु देवी ने कहीं। सम्मेलन की अध्यक्षता जदयू जिला अध्यक्ष शत्रुधन प्रसाद कुशवाहा तथा संचालन भाजपा जिला अध्यक्ष रूपक लाल श्रीवास्तव ने किया। सभा को संबोधित करते मंत्री कृष्ण कुमार मंटू, बिहार विधान परिषद जदयू के सचेतक रीना यादव, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय सिंह, अगद सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कमालूदीन आदि ने कहा कि एनडीए सरकार ने राज्य में 125 यूनिट बिजली फ्री कर दिया, बृद्धजनो को पेंशन बढोत्तरी की, महिलाओं के रोजगार के लिए दस हजार रुपये सहायता देने की घोषणा की है। मौके पर ओबीसी प्रदेश मंत्री नीरज उर्फ बबलू कुमार, भाजपा के जिला प्रभारी अजय यादव, प्रदेश महासचिव वृजेश कुशवाहा, जदयू के प्रभारी बबन कुशवाहा, जिप सदस्य मनोज कुमार कुशवाहा, शंभु कुशवाहा, पननालाल साह, मंडल अध्यक्ष देवी दयाल प्रसाद, रामरतन चौधरी, आशीष कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी बारह सितम्बर को मोतिहारी के गांधी ऑडिटोरियम में एनडीए कार्यकर्त्ता का विशाल सम्मेलन होने जा रहा है । सम्मेलन की तैयारी को लेकर बुधवार को बैंक रोड़ मोतिहारी के एक निजी हॉस्पिटल परिसर में राष्ट्रीय लोक मोर्चा का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता मोतिहारी प्रखंड अध्यक्ष लालबहादुर प्रसाद कुशवाहा एवम संचालन रुपलाल कुशवाहा द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ई.रमेश पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के हजारों कार्यकर्त्ता कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र के पुर्व प्रत्याशी रहे राष्ट्रीय लोक मोर्चा चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डॉ.दीपक कुमार ने कहा मोतिहारी विधानसभा अंतर्गत आने वाले पिपरा कोठी ब्लॉक, मोतिहारी ब्लॉक एवं महानगर से काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे । पुनः एक बार आगामी बिहार विधानसभा में एनडीए की सरकार बनाएंगे। जिला प्रधान महासचिव प्रो सुरेंद्र कुशवाहा ने कार्यक्रम की सफल बनाने की अपील की ।

## शहर में लगेंगी 50 नई डिवाइडर ट्रॉली, सुगम होगी ट्रैफिक व्यवस्था

**बेतिया/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग और यातायात व्यवस्था नियमित, सुरक्षित और बेहतर बनाने में ट्रैफिक डिवाइडर ट्रॉली लगाना बहुत उपयोगी है। इसको लेकर यातायात पुलिस प्रशासन के अनुरोध पर नगर निगम क्षेत्र में उपयोग के लिए 50 ट्रैफिक डिवाइडर ट्रॉली नगर निगम बोर्ड से पारित प्रस्ताव के आलोक में मुहैया कराया गया है। महापौर श्रीमति सिकारिया ने बताया कि इससे निगम क्षेत्र में अनधिकृत पार्किंग को रोकने, वाहन चालकों को सतर्क बनाने और सड़कों पर सुरक्षित और व्यवस्थित करने में पुलिस प्रशासन को मदद मिलती हैं। महापौर ने यह भी बताया कि यह ट्रॉलियां गति अवरोध बनने के साथ चालकों को धीरे चलने और अधिक सतर्क रहने के लिए भी प्रेरित करतीं हैं। जिससे सड़क सुरक्षा प्रभावी होने के साथ रोड पर ट्रैफिक नियंत्रण उपकरण के रूप में इनका उपयोग किया जाता है। महापौर ने बताया कि इनका उपयोग विशिष्ट और सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से चिन्हित क्षेत्रों को सुरक्षित बनाने के लिए भी किया जाता है।

## चुनावी चर्चा में आगे है हॉट सीट रक्सौल विधानसभा क्षेत्र

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** चुनाव के आहट होते ही अब लोगों में चुनावी चर्चा शुरू हो गई है कहीं चाय की दुकान तो कहीं पान की दुकान, चारों ओर अपने अपने प्रत्याशी को लेकर लोग चिंतित हैं तो कहीं खुशी, तो कहीं गम ,बात रक्सौल विधानसभा क्षेत्र की है वैसे तो यह सीट भाजपा के संभावित सीट माना जाता है क्योंकि यहां विरोधी को एक भी नहीं चलता,यह शहर रक्सौल कभी दबंगों के चंगुल में फंसकर आम व्यावसायिको जीना हराम कर रखा था लेकिन जब भाजपा से डाक्टर अजय सिंह को टिकट मिला तो जीत सुनिश्चित हुआ,लोग पिडित थे, दबंगों के द्वारा सताया जाना,उधार की रकम पचा लेना ऐ सब आम बात थी,तीन दशक के काल में भाजपा के बोये बीज का फायदा विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा को मिला, बिना मेहनत किए अगर फल मिलेगा तो उससे बेहतर क्या, जदयू के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भुवन पटेल ने पार्टी छोड़ कर जनसुराजी बन गये, चुनाव लड़ने के लिए जदयू छोड़ा, इनका पैठ जनसुराज के प्रशान्त किशोर से है टिकट मिलना संभव है, लेकिन इनको आने से भाजपा निसंदेह कमजोर होगी,

## सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में डूबने से युवती की हुई मौत, शव मिलने से सनसनी फैली



**चिरैया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के सिरौना गांव से पश्चिम सिरौना - पताही पथ में बड़का पुल के समीप बुधवार को सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में एक युवती की डूबने से मौत हो गई। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं भीड़ में लोग कई तरह की चर्चा कर रहे थे। कई लोग किसी अज्ञात वाहन से ठोकर लगकर सड़क किनारे गड्ढे में गिरने की बात कर रहे थे तो कोई हत्या या आत्महत्या की आशंका जता रहे थे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 व शिकारगंज थाना को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पानी भरे गड्ढे से शव को निकालकर अपने कब्जे में ले लिया। जिसके बाद पंचनामा आदि की प्रकिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया गया। मृतिका की पहचान सिरौना गांव के वार्ड संख्या 13 निवासी स्व. राम अयोध्या साह की 27 वर्षीय पुत्री रागनी कुमारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में शिकारगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि ऐसी जानकारी मिली है कि मृतिका मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और उसे मिर्गी का दौरा पड़ता था।

## महिलाओं को सुरक्षित माहौल देना सबकी जिम्मेदारीःडीएम

**नारी सुरक्षा संकल्प अभियान का हुआ आगाज ● नारियों कर सुरक्षा एवं सम्मान का दिया गया संदेश**

**बेतिया/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चलाए जा रहे नारी सुरक्षा संकल्प अभियान का शुभारंभ आज जिले में बड़े उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर समाहरणालय सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों और समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने पर चर्चा की गई।कार्यक्रम के अंतर्गत जनजागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गयी। हस्ताक्षर पट्टी पर जिला पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर किए। साथ ही नारी सुरक्षा संकल्प नुक्कड़ नाटक रथ को भी जिला पदाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक, बेतिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न हिस्सों में जाकर महिलाओं और आमजन को बाल विवाह, दहेज प्रथा, छेड़खानी, साइबर अपराध और महिला अधिकारों जैसे विषयों पर जागरूक करेगा। इसके बाद राज्य सम्पोषित बालिका विद्यालय, बेतिया में छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर छात्राओं, अभिभावकों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने भाग लिया। जिला पदाधिकारी, श्री कुमार ने कहा कि नारी सशक्त होगी तभी समाज और राष्ट्र मजबूत होगा। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अभियान का उद्देश्य है कि हर बेटी, बहन और महिला बिना भय और संकोच के जीवन जी सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हम हर वर्ग के लोगों तक यह संदेश पहुँचाना चाहते हैं कि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव, हिंसा या असुरक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने कहा कि महिलाएं शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। ऐसे में हमारा दायित्व है कि उन्हें सुरक्षित वातावरण मिले। बेटियों को बचाना, पढ़ाना और सुरक्षित रखना आज की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इस अभियान के जरिए हमें गाँव-गाँव और गली-मोहल्लों तक जागरूकता फैलानी है।उन्होंने अपील किया कि लड़कियों और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और किसी भी प्रकार की घटना या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत पुलिस या प्रशासन को सूचित करना चाहिए। प्रशासन हर स्थिति में उनके साथ खड़ा है।वरीय पुलिस अधीक्षक, डॉ0 शौर्य सुमन ने कहा महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करना हमारी प्रतिबद्धता है। नारी सुरक्षा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलेगी और महिलाएँ आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगी। पुलिस-प्रशासन हर स्तर पर महिलाओं के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। हमारी प्राथमिकता है कि हर महिला और हर बच्ची निर्भय होकर जीवन जी सके।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका अहम : प्रभारी जिला जज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। प्रभारी प्रधान जिला जज सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष विश्व विभूति गुप्ता द्वारा बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में एक प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस क्रम में प्रभारी जिला जज ने बताया कि 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए न्यायालय में लम्बित सभी तरह के सुलहनीय वादों से सम्बन्धित नोटिस को पुलिस के माध्यम से पक्षकार को हस्तगत कराया गया है। साथ ही तामिला प्रतिवेदन पर प्राप्त मोबाइल संख्या के आधार पर कार्यालय द्वारा उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन उपस्थित रहने हेतु भी सूचित किया गया है। प्रभारी जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत से सम्बन्धित विविध गतिविधियों के प्रचार-प्रसार में सभी पत्रकारो का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्ति पर आभार व्यक्त किया। मीडिया द्वारा किये जाने वाले सार्थक सहयोग के प्रतिफल के रूप में




राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को

राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन इसका सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। प्रभारी जिला जज द्वारा संवाददाताओं को बताया गया कि इस जिला में पहली बार परिवहन एवं यातायात चालान से सम्बन्धित बेंच का गठन किया गया है जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर इस प्रकार के वादों को निस्तारण करेंगे। प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने बताया कि प्रारम्भिक स्तर पर अभी तक 2380 सुलहनीय वाद जो न्यायालय में लम्बित है चिन्हित किया गया है तथा 51 वादों में निस्तारण हेतु सहमति प्रदान किये तथा 600 वादों के निस्तारण का लक्ष्य से सम्बन्धित ब्यौरा संवाददाताओं का उपलब्ध कराया गया। साथ ही प्री-लिटिगेशन के अन्तर्गत 5000 से अधिक बैंक ऋण सम्बन्धी मामलों में पक्षकारों को नोटिस किया गया है तथा 1500 से अधिक मामलो को इस लोक अदालत में निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है और इनसे सम्बन्धित नोटिस प्रेषण की कार्रवाई की जा चुकी है, जिसे आगे बढ़ने की संभावना है। सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत में त्वरित निस्तारण हेतु गठित बेंच के बारे में बताया कि व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद एवं अनुमण्डलीय न्यायालय, दाउदनगर को मिलाकर कुल 13 बेंचों का गठन किया गया है जिसमें वादों का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। सचिव द्वारा जिलावासियों से अपील की गयी कि राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक फायदा उठायें और इस दिन आकर अपने वादों को निस्तारण कराने में विशेष रूचि लें। बेंच से सम्बन्धित विस्तृत विवरणी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सूचना-पट्ट पर चस्पा कराया गया है जिससे न्यायालय आने वाले लोगों को सूचना प्राप्त करने में सुविधा हो।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर**। बुधवार को सौभाग्य शर्मा पथ पर प्रजापति परिवार की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार और बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य शीला पंडित प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना एक पवित्र कार्य है। ऐसे शिविर समाज को स्वास्थ्य और जागरूकता की दिशा में नई राह दिखाते हैं। शीला पंडित प्रजापति ने कहा कि इस नेत्र जांच शिविर में आने वाले लोगों की आंखों की पूरी जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा समेत अन्य चिकित्सकों ने नेत्र जांच की और जरूरतमंदों को उचित सलाह दी।

## एक नजर

### सर्पदंश से महिला की मौत

**जहानाबाद**। जिले के घोषी प्रखंड अंतर्गत मोहिद्दीनपुर घोष गांव में मंगलवार देर रात 65 वर्षीया छठिया देवी का सर्पदंश से मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतका अपने घर में सो रही थीं, तभी अचानक सांप ने काट लिया। परिजन घबराकर उन्हें तुरंत घोषी अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जहानाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर सदर अस्पताल लाने के क्रम में ही महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया और बताया कि महिला की मौत कुछ समय पहले ही हो चुकी थी। महिला की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और प्रशासन को भी सूचना दे दी गई है। गांव में फिलहाल मातम और सन्नाटा पसरा हुआ है।

### अतिक्रमण के मकड़जाल में फंस गया शहर का अधिकांश क्षेत्र

**औरंगाबाद**। शहर में अतिक्रमण की समस्या रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शहर का अधिकांश इलाका अतिक्रमण के मकड़जाल के मकड़जाल में फंस गया है। इस लगता है कि इससे निजात मिलना मुश्किल है। हर गली व मोहल्लों में अतिक्रमण है। ऐसा मानो जैसे शहर में केवल अतिक्रमणकारियों का ही बोलबाला है। वहीं अतिक्रमण के कारण हमेशा जाम की समस्या उत्पन्न होती है। जाम में एंबुलेंस भी फंसी रहती है। जिसके कारण मरीजों की सांसे अटक जा रही है। एंबुलेंस का सायरन बजते रहता है परंतु अतिक्रमणकारी पर कोई खास असर नहीं होता है। बता दें कि जब कभी नगर परिषद के अधिकारी एक्शन में आते हैं तो अभियान चलाकर सड़क से अतिक्र मण हटाते हैं। वहीं अधिकारी जितना समय तक सड़क पर खड़े रहते हैं बस उतना ही देर अतिक्रमण हटाया हुआ रहता है परंतु अधिकारियों के जाने के बाद पुनः स्थिति जस के तस हो जाती है। अतिक्रमण के कारण 30 फुट का सड़क सिकुड़कर 15 फीट हो जाता है। अधिकारियों की सख्ती का कोई खास असर देखने को नहीं मिल रहा है। नगर परिषद के अधिकारी सिर्फ अतिक्रमण हटाने के नाम पर खानापूर्ति करते हैं। दानी बिगहा के प्रदीप सिंह, मुकेश कुमार ने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण होने से पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। सड़क पर सुबह से ही दुकानें सज जाती है। बताया कि अब अतिक्रमण हमारे लिए सिरदर्द बन गया है। अतिक्रमण के कारण जाम इतनी होती है कि बाइक लेकर बाजार में जाना नहीं चाहते हैं। अधिकारियों को अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

### शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में टेंपो व ई-रिक्शा में चालक बजा रहे अश्लील गीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

परिवहन विभाग व यातायात पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

**औरंगाबाद**। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में यात्रियों को ढोने वाले टेंपो व ई-रिक्शा में इन दिनों अश्लील गाने जमकर बज रहे हैं परंतु इस मामले में कार्रवाई के जगह अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। बता दें के वर्षो पहले अश्लील गानों को बजाने के मामले में परिवहन विभाग और पुलिस टीम ने कार्रवाई की थी। अब फिर से वहीं स्थिति उत्पन्न हो गई है। टेंपो व ई-रिक्शा में सवार होने वाली महिलाओं और छात्राओं को इस दौरान शर्मिंदगी महसूस करना पड़ रहा है। शिकायत करने के बाद भी चालक इससे बाज नहीं आते हैं। बता दें कि शहरी क्षेत्र में चलने वाले टेंपो, ई रिक्शा सहित में तो कानफोड़ू आवाज में अश्नील और फुहड़ गाने बजते हैं परंतु इस पर यातायात पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है जिससे दिन-प्रतिदिन चालकों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। चालकों को नियमों के उल्लंघन मामले में पकड़ा जाता है परंतु उसमें लगे टेप और बजनें वाले गानों के बारे में कोई पूछने को तैयार नहीं है। वहीं कुछ छात्राओं का कहना है कि बाईपास से लेकर रमेश चौक और धर्मशाला मोड़ से लेकर महाराणा प्रताप चौक के बीच में भी जो वाहने चलती है उनमें तेज आवाज में अश्लील गाने बजते रहते हैं। जब चालक को टोका जाता है तो इस पर ध्यान नहरीं देते हैं। इतना ही नहीं कई बार तो यात्रियों को बीच में ही उतरने तक की बात कह दी जाती है। वहीं शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने पर प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठता है। अधिकारियों को तत्काल टेंपो व ई-रिक्शा चालकों में बज रहे अश्लील गानों को रोक लगाने की जरूरत है।

## उप स्वास्थ्य केंद्र बंद, इलाज को तरस रहे ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोह (औरंगाबाद)**। स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का एक और उदाहरण सामने आया है। गोह प्रखंड के अमारी ग्राम पंचायत स्थित सूर्य मंदिर के पास लाखों रुपये की लागत से बना उप स्वास्थ्य केंद्र पिछले कई दिनों से बंद पड़ा है। भवन तो तैयार हो गया, लेकिन ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। परिणामस्वरूप लोगों को छोटी–मोटी बीमारियों में भी 10 से 15 किलोमीटर दूर गोह प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र का रुख करना पड़ता है। ग्रामीण कन्हाई कुमार, बैकुंठ सिंह, दिलीप कुमार, अरुण कुमार और पैक्स अध्यक्ष दिलीप यादव ने बताया कि गांव का यह उप स्वास्थ्य केंद्र केवल नाम मात्र का रह गया है। जब भी लोग यहां इलाज कराने पहुंचते हैं, यह ताला लटका हुआ मिलता है। किसी भी समय स्वास्थ्यकर्मी की उपस्थिति




सुनिश्चित नहीं होती। ग्रामीणों का कहना है कि तबीयत बिगड़ने पर उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ती है। आपात स्थिति में तो हाल और भी खराब हो जाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कभी भी केंद्र का निरीक्षण करने नहीं आते। शिकायतें कई बार गोह स्वास्थ्य केंद्र में दर्ज कराई गईं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी रही। यहां तक कि कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों से मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो संतोषजनक जवाब भी नहीं मिला। नाराज़ ग्रामीणों ने अब विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से केंद्र को नियमित रूप से खुलवाने की मांग की है। बुधवार को ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक भीम यादव को लिखित आवेदन सौंपा और जल्द कार्रवाई की गुहार लगाई। इस संबंध में स्वास्थ्य प्रबंधक रवि प्रकाश से बातचीत की गई तो उन्होंने ठोस जवाब देने से बचते हुए मामले को टालने की कोशिश की। इससे ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया है। लोगों ने स्पष्ट कहा कि यदि उप स्वास्थ्य केंद्र को नियमित रूप से नहीं खोला गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों का मानना है कि जिस उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च कर उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया, वह पूरा नहीं हो पा रहा है। वर्तमान स्थिति में यह भवन केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गया है।

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। एसएन सिन्हा कॉलेज जहानाबाद में मनोविज्ञान विभाग के सहयोग से विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शशिधर गुप्ता ने आगत अतिथियों का अभिवादन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ मेघन प्रसाद के द्वारा वृक्षारोपण कर किया गया। इस दौरान शशिधर गुप्ता द्वारा प्राचार्य को पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक संक्षिप्त चलचित्र का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर आइक्यूएसी समन्वयक डॉ. सुबोध कुमार झा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोग आपस में सहयोग और अपने विचारों का आदान प्रदान करें ताकि समाज में समरसता और प्रेम का भाव उत्पन्न हो। ऐसा करने से व्यक्ति को एकात्मक प्रवृति और अकेलापन से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि कई बार व्यक्ति अकेलापन और हताश-निराशा के कारण




आत्महत्या करने की प्रवृत्ति उसमें पनपने लगती है। उन्होंने युवाओं और शिक्षार्थियों में तनाव होने की वजह बताते हुए कहा कि बच्चों का परीक्षा में ज्यादा अंक प्राप्त करने का दबाव भी आत्महत्या का एक अहम कारण बनता है। उन्होंने बताया कि अभिभावकों का बच्चों के प्रति बढ़ती उम्मीदें जिसके कारण बच्चे तनाव और अवसाद से पीड़ित हो रहे हैं इसके कारण भी युवाओं में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ी है। उन्होंने परिस्थितियों को समझने एवं नकारात्मकता को दूर करने संबंधित बातें कही। कार्यक्रम में एक अन्य वक्ता डॉ. अख्तर रोमानी ने बताया कि लोग सामाजिक समस्याओं की वजह से लोग आत्महत्या कर लेते हैं जो चिंतनीय है। प्राचार्य डॉ मेघन प्रसाद ने भी आत्महत्या के कारणों पर प्रकाश डाला और उसके निदान के बारे मे बताया। धन्यवाद ज्ञापन राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. ओम प्रकाश वर्मा, मो. इंतखाब आलम, कुमकुम कुमारी, डॉ. ज्योतिर्मय, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. सिया शरण, डॉ. निमिषा कुमारी, डॉ. यासमीन बानो, डॉ. रूपम कुमारी, डॉ. कविंद्र भगत, डॉ. राजकुमार मिश्र, मो. अनवर हुसैन, डॉ. शंभू सिंह, डॉ. ब्रजेश कुमार, राजीव नयन, विकास कुमार, मो. सिराज, मो. शमीम सहित रंजय, सुमेश, संटू, आजाद आदि शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर मरीजों के बीच दवा का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। सिविल सर्जन जहानाबाद के निर्देश पर शहर में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर इरकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सौजन्य से जिला सहकारिता भवन परिसर में लगाया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान करना था।शिविर में सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। दर्जनों लोगों ने ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की जांच कराई। खास बात यह रही कि जांच पूरी तरह निःशुल्क की गई और जरूरतमंद मरीजों को दवाइयाँ भी






मुफ्त में उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और चिकित्सकों की टीम ने लोगों की सेवा में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान कई मरीजों ने बताया कि ऐसे शिविरों से उन्हें बहुत राहत मिलती है। अधिकांश लोग महंगे टेस्ट और दवाइयों के कारण नियमित इलाज नहीं करा पाते। लेकिन ऐसे शिविरों से उन्हें बिना खर्च के स्वास्थ्य लाभ मिल जाता है।शिविर में मौजूद चिकित्सक डॉ. किशोरी प्रजापति ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। कई बार लोग लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिसकी वजह से गंभीर स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसे शिविरों का उद्देश्य यही है कि लोग समय रहते अपनी जांच कराएं और सही परामर्श लें। हमने यहां आए मरीजों को केवल दवा ही नहीं दी, बल्कि जीवनशैली में बदलाव जैसे संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनाव कम करने की सलाह भी दी है। इस दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर शिवानी ने कहा कि जिला स्वास्थ्य विभाग आगे भी ऐसे शिविरों का आयोजन करता रहेगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को फायदा मिल सके। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि स्वास्थ्य जांच को हल्के में न लें और नियमित रूप से डॉक्टर से परामर्श करते रहें।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में शहर और ग्रामीण इलाकों में भी ऐसे शिविर लगाए जाएंगे। विभाग की योजना है कि प्रत्येक महीने कम-से-कम एक शिविर अलग-अलग क्षेत्रों में लगाया जाए, ताकि आम लोगों को अपने स्वास्थ्य की सही जानकारी समय पर मिल सके।

## ऑनलाइन गेम में 2 लाख गंवाने के बाद किडनी बेचने पहुंचा युवक

**सारण/नबिटा संवाददाता**। ऑनलाइन गेम में हारकर 2 लाख रुपये का कर्जा बनाने के बाद एक युवक कर्ज चुकाने के लिए अपनी किडनी बेचने गोपालगंज पहुंच गया। यह मामला तरैया थाना क्षेत्र के सिरमाई गांव के रहने वाले सुजीत कुमार का है। सुजीत कुमार स्टूडियो संचालित करते हैं और शादी-विवाह में वीडियोग्राफी का काम करते हैं। जानकारी के अनुसार, उन्होंने पहली बार ऑनलाइन गेम में 10 हजार रुपये लगाए और 30 हजार रुपये जीत लिए। जीत के बाद गेम की लत लग गई। अमीर बनने की ख्वाहिश में उन्होंने अपने मामा द्वारा मोटरसाइकिल खरीदने के लिए भेजे गए पैसे भी गेम में लगा दिए। परिणामस्वरूप उन्हें कुल 2 लाख रुपये का कर्ज चुकाना पड़ा। कर्ज से तंग आकर सुजीत ने अपने घरवालों को यह कहकर छोड़ दिया कि वह कहीं काम करने जा रहा है। इसके बाद वह गोपालगंज के अंबेडकर चौक स्थित एक निजी क्लीनिक गया और डॉक्टर से अपनी किडनी खरीदने की इच्छा जताई। डॉक्टर ने युवक से उसकी स्थिति के बारे में पूछा। सुजीत ने पूरी घटना—ऑनलाइन गेम में हार और कर्ज में फंसने की कहानी—बताई। इसके बाद डॉक्टर ने स्थानीय लोगों को मामले की जानकारी दी। ग्रामीणों ने सुजीत को समझाया और परिजनों को सूचना दी। सुजीत की मां और अन्य रिश्तेदार मौके पर पहुंचे और उसे समझा-बुझाकर घर ले गए।

## जहानाबाद : जब्त अवैध शराब का किया गया विनष्टिकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के आदेश पर बुधवार को मद्य निषेध विभाग जहानाबाद एवं विभिन्न थानों द्वारा जब्त अवैध शराब को विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत नष्ट किया गया। यह कार्य अनुमंडल पदाधिकारी, राजीव रंजन सिन्हा, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, रजनीकांत तथा अधीक्षक मद्य निषेध, दिलीप पाठक के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। इस दौरान उत्पाद विभाग के निरीक्षक एवं संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बताया गया कि विनष्ट की गई शराब में उत्पाद विभाग द्वारा जब्त 6668.540 लीटर तथा पुलिस विभाग द्वारा जब्त 636.325 लीटर देशी एवं विदेशी शराब सम्मिलित



रही। इस प्रकार कुल 7304.865 लीटर अवैध शराब का विनष्टीकरण किया गया। जिला प्रशासन यह स्पष्ट करता है कि अवैध शराब के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बदहाल सड़क पर शहर वासियों का अनोखा फरमान

सांसद, विधायक और अधिकारियों का चलना वर्जित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, वैसे-वैसे जिले में सियासी हलचल भी तेज होती जा रही है। इसी बीच जहानाबाद के श्याम नगर स्थित सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर मुहल्लेवासियों ने एक गजब का फरमान जारी कर दिया है। लोगों ने सड़क पर फ्लैक्स लगाकर रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद किया है। साथ ही लोगों ने फरमान जारी कर कहा है कि इस मार्ग पर सांसद, विधायक और अधिकारीयों का गुजरना मना है। दरअसल जिला मुख्यालय के घोड़ा अस्पताल से मलहचक मोड़ तक करीब 2 किलोमीटर लंबी सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इस रास्ते से गुजरने वाले वाहनों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत जिला प्रशासन से लेकर सांसद और विधायक तक से की, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकला।

आख़िरकार ग्रामीणों ने नाराज़ होकर एक अजीबो-गरीब फैसला लिया। उन्होंने सड़क किनारे बैनर टांग दिया, जिस पर साफ लिखा है कि इस सड़क पर समाजसेवी, सांसद, विधायक और जिला प्रशासन का चलना वर्जित है। यह बैनर शहर के श्याम नगर क्षेत्र में 2–3 जगहों पर लगाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक सड़क की मरम्मत या निर्माण नहीं हो जाता, तब तक नेताओं और अधिकारियों का प्रवेश इस सड़क पर बंद रहेगा।

**20 साल से नहीं बनी सड़क**

स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह सड़क पिछले 20 वर्षों से उपेक्षित है। न तो कभी इसकी मरम्मत हुई और न ही नई सड़क बनी। यह रास्ता बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां कई सरकारी कार्यालय, स्कूल और आवागमन का मुख्य मार्ग आता है। बावजूद इसके अब तक किसी जिम्मेदार व्यक्ति का ध्यान नहीं गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि चुनाव का समय सबसे बेहतर मौका है। नेता वोट मांगने आएंगे ही, इसलिए इस बार उन्हें उनकी जिम्मेदारी याद दिलाने के लिए ऐसा कदम उठाया गया है।

## एसएस कॉलेज में इंडक्शन मीट का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। एसएस कॉलेज के राजकुमारी सभागार में व्यावसायिक शिक्षा विभाग द्वारा इंडक्शन मीट का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर बीसीए, बी.लिस, एम.एससी (कंप्यूटर साइंस), बायोटेक्नोलॉजी, बीबीएम सहित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के प्रथम सत्र के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में अभिभावकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे यह बैठक और अधिक सार्थक बन सकी। व्यावसायिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुबोध कुमार सुमन ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थिति दर्ज कराने तथा अध्ययन के प्रति अनुशासित दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम संबंधी शंकाओं के समाधान हेतु विभाग की विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम सदैव तत्पर है। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कॉलेज का समृद्ध पुस्तकालय विद्यार्थियों के लिए विविध विषयों की मानक पुस्तकों से परिपूर्ण है। प्रो. सुमन ने छात्रों को अवगत कराया कि केवल वे ही छात्र-छात्राएं परीक्षा प्रपत्र भर सकेंगे जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत या उससे अधिक होगी। इस




अवसर पर वरीय शिक्षक एवं वित्तेक्षक डॉ. विनोद कुमार रॉय ने अपने प्रेरक संबोधन में छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और मर्यादित आचरण के महत्त्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हितधारकों के बीच परस्पर संवाद और सहयोग को मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। इंडक्शन मीट में प्रो. प्रवीण दीपक एवं संजीव कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।


बिहार सरकार

समाहरणालय, औरंगाबाद

(जिला प्रोग्राम शाखा)

E-mail- dpoicdsaurangabad@gmail.com Mobile No :- 9431005027

**आम सूचना**

महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना से प्राप्त निदेश एवं विज्ञापन संख्या–**02/2024** वन स्टॉप सेन्टर, औरंगाबाद अंतर्गत रोस्टर अनुमोदित पद यथा **केस वर्कर, बहुउद्देशीय कर्मी/रसाईया एवं सुरक्षा प्रहरी/रात्री प्रहरी** पदों पर नियोजन हेतु ईमेल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदन में से पदवार योग्य/अयोग्य अभ्यर्थी की सूची तैयार कर प्रकाशित की जा रही है। जिससे संबंधित शर्ते इस प्रकार निम्न है :–

- प्रकाशित योग्य/अयोग्य सूची से संबंधित दावा/आपत्ति दिनांक–**15.09.2025** शाम **05:00** बजे तक लिखित रूप मे जिला प्रोग्राम कार्यालय ICDS समाहरणालय परिसर औरंगाबाद में जमा करेंगे।
- आपत्ति किसी अन्य माध्यम से स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- आपत्ति निराकरण से संबंधित सूचना जिले के NIC पोर्टल, दैनिक समाचार पत्रों एवं विभागीय सूचना पट्ट पर दी जायेगी।
- चयन संबंधित सभी प्रकार की सूचनाएँ जिले के NIC पोर्टल एवं सूचना पट्ट पर दी जायेगी।

वन स्टॉप सेन्टर, औरंगाबाद के रिक्त पदों पर नियोजन की कार्रवाई पूर्ण करने हेतु समय तालिका निम्नवत निर्धारित की गई है :–

| दावा आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि | दावा आपत्ति निराकरण की अंतिम तिथि | काउंसलिंग तिथि | साक्षात्कार की तिथि | परिणाम का प्रकाशन |
|---|---|---|---|---|
| प्रकाशन तिथि से **15.09.2025** शाम 05:00 बजे तक | **18.09.2025** | **20.09.2025** सुबह 10:00 बजे शाम 05:00 बजे तक | **23.09.2025** (दोपहर 12:00 बजे से) | **25.09.2025** |

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 014173 ( S W D ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद।


## दीपावली- छठ के बाद यहीं मिलेगा रोजगार, बिहार से रुकेगा पलायनः डॉ. अभिराम शर्मा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रतनी फरीदपुर प्रखंड के सिकंदरपुर देवी स्थान के समीप जन सुराज पार्टी के तत्वावधान में आयोजित बिहार बदलाव सभा में पार्टी नेता डॉ. अभिराम शर्मा ने कहा कि इस बार छठ के बाद लोगों का दूसरे प्रदेशों में पलायन रुक जायेगा। उन्हें रोजी-रोजगार के लिए दूसरे राज्यों के शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। यह जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर का वादा है। बता दें कि एक तरफ जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में बिहार बदलाव सभा कर रहे हैं तो इधर स्थानीय स्तर पर भी पार्टी के नेता पंचायत स्तर पर सभाएं कर पार्टी की



नीतियों और भावी कार्यक्रमों से लोगों को रू-ब-रू कर रहे हैं। डॉ. शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी केवल सत्ता हासिल करने के लिए नहीं उतरेगी, बल्कि पार्टी सूबे बिहार में व्यवस्था परिवर्तन करना चाहती है। बिहार से अगर पलायन को रोकना है, यहां की शिक्षा व्यवस्था में आमूल -चूल सुधार लाना है, भ्रष्टाचार को भगाना है, लाखों लोगों के लिए रोजगार का सृजन करना है तो बिना व्यवस्था में बदलाव किए यह संभव नहीं है। डॉ. शर्मा ने बिहार में पिछले चार दशकों से चले आ रहे राजनीतिक हालात की चर्चा की और प्रदेश की दुर्दशा के लिए सरकारों को जिम्मेवार ठहराया। उन्होंने कहा कि सत्ता पर काबिज नेताओं में केवल अपने परिवारजनों का भला किया, राज्य का नहीं। इन नेताओं ने बिहार को रसातल में पहुंचा दिया। इस बार के चुनाव में प्रदेश की जनता ऐसा सबक सिखाएगी जिसे ये राजनेता दशकों तक भूल नहीं पाएंगे। ऐसे लोगों ने बिहार को अपना चारागाह समझ रखा है। लूट मचा रखी है। इस मौके पर सैकड़ों लोगों के बीच परिवार लाभ कार्ड का वितरण किया गया और उन्हें बताया गया कि जन सुराज की सत्ता आने पर लाभ कार्डधारी हर परिवार को बीस हजार रुपए तक का लाभ मिलेगा। साठ वर्ष से ऊपर हर महिला पुरुष को दो-दो हजार रुपए पेंशन दी जाएगी। खेती को मनरेगा से जोड़कर लाभकारी बनाया जायेगा। खाने वाली खेती की जगह कमाने वाली खेती शुरू कराई जाएगी। इस मौके पर सिकंदरपुर के अलावा सावन बिगहा, कनकट बिगहा, सैदीचक, भगवानपुर, बीरो बिगहा आदि गांवों के लोग उपस्थित थे।

## जल जमाव और सड़क की गड्ढों से बढ़े हादसे, लोगों में भारी रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर**। दानापुर नगर निगम क्षेत्र के पंचशील नगर में पिछले डेढ़ माह से सड़क पर जल जमाव और गड्ढों के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। स्थानीय साइकिल, बाइक और ई-रिक्शा चालक अक्सर इन गड्ढों में गिरकर जख्मी हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले 25 अगस्त को उन्होंने सड़क की बदहाल स्थिति के विरोध में आठ घंटे तक आगजनी कर सड़क जाम किया था। बारिश के कारण सड़क पर जल जमाव और गड्ढों से न केवल वाहनों के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं, बल्कि स्कूली बच्चों का भी आवागमन दूभर हो गया है। नागरिकों का कहना है कि जल जमाव के कारण सड़क और नाले का सही पता नहीं चलता, जिससे बाइक, ई-रिक्शा और चार पहिया वाहन अक्सर नाले में गिरकर जख्मी हो जाते हैं। इसके बावजूद नगर परिषद प्रशासन और संबंधित एजेंसियों द्वारा नाला सफाई और जल निकासी के नाम पर लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद सड़क पर गड्ढों और जल जमाव की समस्या जस की तस बनी हुई है।

# पेंशन राशि लाभार्थियों के खाते में डीबीटी से हस्तांतरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** मुख्यमंत्री द्वारा सभी छह प्रकार की पेंशन की बढ़ी हुई दर को माह अगस्त, 2025 के पेंशन की राशि का डी.बी.टी के माध्यम से हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम स्थित समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में जिला पदाधिकारी उदिता सिंह की उपस्थिति में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनधारियों का जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 150 लाभार्थी उपस्थित हुए। पेंशनधारियों ने मुख्यमंत्री के द्वारा राशि अंतरण कार्यक्रम को टीवी के माध्यम से लाइव देखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि



बिहार सरकार की नीति न्याय के साथ विकास पर आधारित है जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को न्यायसंगत और समान अवसर प्रदान करना है। हमारी यह प्रतिबद्धता है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिनका लक्ष्य समाज के कमजोर वर्गों को सहायता और संबल देना है ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो एवं उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले। राज्य सरकार आपके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम जानते हैं कि आपको सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना केवल सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं बल्कि हम सबका नैतिक कर्तव्य भी है। इसी क्रम में यह जानकारी साझा करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हमारी सरकार ने वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों को दी जा रही पेंशन की राशि को माह जून, 2025 से 400 रूपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 रूपये प्रतिमाह करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया था और राज्य के सभी पेंशनधारियों को आज माह अगस्त की बढ़ी हुई राशि का हस्तांतरण सीधे उनके बैंक खाते में किया जा रहा है। अगस्त माह में इसका लाभ राज्य के 1 करोड़ 13 लाख से अधिक पेंशनधारियों को होगा। आज कुल 1263 करोड़ 95 लाख रुपए डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर किया गया। मैं इस अवसर पर सभी पेंशनधारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि पेंशन योजना की राशि बढ़ाने के निर्णय से आप सभी के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा।

# स्वास्थ्य विभाग की बैठक में संस्थागत प्रसव में सुधार का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** समाहरणालय के मुण्डेश्वरी सभागार में उप विकास आयुक्त, कैमूर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भव्या पोर्टल, प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, रेफरल इकाई सहित राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं टीबी और एनसीडी स्क्रीनिंग की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में संस्थागत प्रसव में सुधार लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अनुमंडलीय अस्पताल मोहनियां को डीडीसी द्वारा रेफरल इकाई के रूप में सुदृढ़ीकरण की बात कही गई। दुर्गावती प्रखंड का स्वास्थ्य सूचकांकों में प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसको लेकर तत्काल सुधार हेतु दिशा निर्देश दिया गया। 16



सितंबर 2025 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिसमें 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एलबेंडाजोल की खुराक दी जानी है। जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समेकित बाल विकास विभाग की अहम भूमिका है। आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी और विद्यालय में शिक्षकों के द्वारा एलबेंडाजोल की गोली बच्चों को उम्र के अनुसार दी जानी है। समीक्षात्मक बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला गैर संचारी पदाधिकारी, जिला ऐपिडमोलॉजिस्ट, उपाधीक्षक सदर हॉस्पिटल भभुआ, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक, जिला योजना समन्वयक, प्रखंड से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक आदि उपस्थित थे।

# डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर हमसफर एक्सप्रेस के ठहराव की शुरुआत

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बन कर रहेगा : सत्यनारायण यादव**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गोड्डा और नई दिल्ली के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 12349/12350 गोड्डा-नई दिल्ली-गोड्डा हमसफर एक्सप्रेस का पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के डिहरी ऑन सोन स्टेशन पर 10.09.2025 से ठहराव की शुरुआत की गई। 12350 नई दिल्ली-गोड्डा हमसफर एक्सप्रेस के आगमन के साथ स्टेशन पर इस ठहराव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं रेलकर्मी उपस्थित रहे। ट्रेन को पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव ने हरी



झंडी दिखाकर आगे के लिए रवाना किया। पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बन कर रहेगा।

उन्होंने कहा कि हमसफर एक्सप्रेस के इस ठहराव के साथ डिहरी ऑन सोन स्टेशन पर एक और लंबी दूरी की आधुनिक एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इससे आसपास के क्षेत्र के यात्रियों को डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर होते हुए नई दिल्ली तथा गया की ओर यात्रा में सहूलियत प्राप्त होगी। यह सुविधा डीडीयू मंडल के यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करेगी। इस मौके पर माले नेता अशोक सिंह, भाजपा के बबल कश्यप, अमित गुप्ता, पप्पू यादव, बसंत गुप्ता, रवि राय, कन्हैया सिंह सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# नींबू का पेड़ काटने के आरोप में 10 लोगों पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अकोढ़ी टोला के एक खेत में नींबू के पेड़ काटने को लेकर गांव के दस लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। अकोढ़ी टोला निवासी भूतपूर्व सैनिक रामप्रवेश सिंह ने गांव के ही धर्मेंद्र पाल, सिनोद पाल, विनोद पाल, जितेंद्र पाल, प्रमोद कुमार, सुरेंद्र पाल, लक्ष्मण पाल, रामाश्रय पाल, रामआशीष पाल समेत दस लोग पर नींबू का पेड़ काटने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जीवन अमूल्य है इसे इतना सस्ता मत समझिए : डॉ उदय सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के मौके पर बुधवार को निकाली गई जागरूकता रैली में मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. यू.के. सिन्हा ने कहा कि जीवन अमूल्य है इसे इतना सस्ता मत समझिए। जागरूकता, करुणा व समय पर सहायता से आत्महत्या को रोका जा सकता है। हर साल दुनिया भर में आत्महत्या से सात लाख से अधिक लोगों की जान जाती है जिससे कई परिवार और समुदाय तबाह हो जाते हैं। संवेदना न्यूरो सायकियेट्रिक रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, उषा श्याम फाउंडेशन, आई एम ए डिहरी डालमियानगर, इस्ट जोन आईपीएस पाटलिपुत्र




बिहार, अभिनव कला संगम के सहयोग से शहर में निकाली गई जागरूकता रैली में डॉ सिन्हा ने कहा कि हमारी संस्था कार्रवाई के माध्यम से आशा का सृजन विषय के अंतर्गत विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाने में वैश्विक समुदाय के साथ हर साल शामिल होता है। इस मौके पर अकस के निर्देशक संजय सिंह बाला ने कहा कि हम सबों के लिए यह गर्व की बात है कि हमारे शहर में राष्ट्रीय स्तर के मनोचिकित्सक डॉ. यू.के. सिन्हा रहते हैं। संवेदना न्यूरो सायकियेट्रिक रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड के पाली रोड स्थित कार्यालय से निकली उक्त जागरूकता रैली शहर के कर्पूरी चौक, मुख्य बाजार होते अंबेडकर चौक पहुंची जहां उपस्थित लोगों को डॉक्टर सिन्हा ने संबोधित किया। पुनः उक्त रैली कर्पूरी चौक होते पाली रोड स्थित आई एम ए डिहरी डालमियानगर के कार्यालय में पहुंची जहां उपस्थित लोगों को डॉ सिन्हा द्वारा संबोधित करने के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, डॉ रामजी गुप्ता, डॉ नवीन नटराज, डॉ. आशीष, अकस के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, सचिव नंदन गुप्ता, वरीय अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह, ओम प्रकाश सिंह उर्फ कमल सिन्हा, अमित कुमार गुप्ता, रूपेश राय, महेंद्र सिंह, सिकंदर, सुनील मेहता, शिवकुमार, इ. इंद्रदेव सिंह आदि उपस्थित थे।

# मांगों के समर्थन में भाकपा माले का एक दिवसीय धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** मांगों के समर्थन में भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नगर पंचायत मुख्यालय में एक दिवसीय धरना दिया। मांगों से सम्बंधित एक ज्ञापन कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया। ज्ञापन में फुटपाथ पर दुकान लगाए दुकानदारों को हटाने कर पहले उन्हें जगह आवंटन करने समेत कई मांग शामिल है। कार्यकर्त्ताओं का कहना है कि एक तरफ केंद्र व राज्य सरकार बेरोजगार लोगों को रोजगार देने की बात कर रही है। वहीं कुदरा नगर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के नाम पर फुटपाथ पर दुकान लगाए दुकानदारों का दुकान हटवा रही है। इस संबंध में ईओ को दिए मांग पत्र में फुटकर व्यवसायियों रजिस्ट्रेशन व वेंडर जोन का निर्माण, शहर कद सौंदर्यीकरण के लिये जगह-जगह सुलभ शौचालय, दुकानदारों के लिये सुरक्षा की गारंटी, दुकानदारों का एक्सीडेंटल बीम व मृत्यु होने पर दस लाख रुपये मुआवजा देने की बात कही गई है। कार्यक्रम को भाकपा माले केंद्रीय कमेटी सदस्य व अगियाव के पूर्व विधायक कामरेड मनोज मंजिल, जिला कार्यालय सचिव मोरध्वज सिंह, व्यवसायी महासंघ कैमूर के जिला संयोजक गोपाल प्रसाद, मेराज आलम, ओमप्रकाश साह, तेतरा देवी, गोपाल सिंह, विजय कुमार पाल, महावीर राम, मुसाफ़िर सिंह कुशवाहा व गंगा राम संबोधित किया। अध्यक्षता भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य सह कुदरा प्रखंड कमेटी के सचिव मुन्ना राम व संचालन मोरध्वज सिंह ने किया।

# कैमूर से बसपा की राज्य स्तरीय बहुजन हिताय जागरूकता यात्रा का आगाज

**चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने बिहार में बसपा की सरकार बनाने का आह्वान किया**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर एवं बहन मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने आज कैमूर जिले के चैनपुर विधानसभा के भगवानपुर हाई स्कूल (प्रखंड भगवानपुर) से बहुजन हिताय जागरूकता यात्रा की शुरुआत की। इस मौके पर नेशनल कोऑर्डिनेटर सह राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, केंद्रीय प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार सहित राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। यात्रा के दौरान नगर पालिका मैदान, भभुआ और डाकबंगला मैदान, मोहनियां में भी विशाल जनसभाओं का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

यात्रा का शुभारंभ करते हुए आकाश आनंद ने बिहार में बसपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के दिखाए रास्ते पर चलते हुए बहुजन समाज पार्टी दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सशक्त आवाज बनकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवनभर संघर्ष किया। कांशीराम जी ने भी वर्षों तक बहुजन समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। आज हमारी बहन मायावती भी निरंतर आप सबके अधिकार और सम्मान की लड़ाई लड़ रही हैं। आकाश आनंद ने अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि हमारे देश में समय-समय पर अनेक महान समाज सुधारकों ने वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया है-जैसे महात्मा ज्योतिबा फुले, शाहूजी महाराज, श्रीनारायण गुरु और बाबा साहेब अंबेडकर। इन्होंने अपने जीवन को इन वर्गों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए समर्पित कर दिया। इन्हीं की राह पर आज बहन मायावती जी चल रही हैं और उनका अधूरा सपना पूरा करने के लिए समर्पित हैं। बहन मायावती के नेतृत्व में यूपी में चार बार सरकार बनी और सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति पर काम किया गया। गरीबों और पिछड़े समाज के जीवन में आर्थिक सुधार लाने, कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और सभी धर्मों तथा जातियों को सम्मान देने का काम बसपा सरकार ने किया। इस मौके पर आलोक कुमार सिंह, उमाशंकर गौतम, सुरेश राव, प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष किशोर कुणाल विवेक, राजा खा, अब्दुल करीम मास्टर, संतोष बिंद, नीरज पांडे, धीरज कुमार सिंह, जनार्दन राम, जिला अध्यक्ष छोटे लाल राम सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म, चार पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के मिशनरी स्कूल परिसर में चौथी क्लास की 13 वर्षीय किशोरी ने स्कूल के चार कर्मियों पर सामूहिक दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना गत सात सितंबर की है। पुलिस के अनुसार नालंदा जिले के तेलहड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी किशोरी पिता के 2022 में मृत्यु के बाद उसकी बुआ उसे यहां पढ़ाने ले आई थी। बुआ मिशनरी के सिलाई सेंटर की इंचार्ज है। किशोरी सिलाई सेंटर के हॉस्टल में रहती है। गत 7 सितंबर की रात 10 बजे बुआ ने उसे कोई दवा खिलाकर अपने कमरे में सोने चली गई। इसी बीच हॉस्टल के चार स्टॉफ राजा, कल्लू, प्रियांशु व अमन उसके कमरे में आये। हॉस्टल में रहने के कारण किशोरी चारों को पहचानती थी। चारों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। उसके चीखने चिल्लाने पर उसकी बुआ उसे बचाने नहीं आई। उसने बुआ पर बराबर मारपीट कर प्रताड़ित करने की बाते भी कही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस संग चाइल्ड हेल्प लाइन की काउंसलर प्रीतम कुमारी ने उसका रेस्क्यू किया और इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल डिहरी ले गई। अनुमंडल अस्पताल ने उसका इलाज करने से इनकार कर दिया तब उसे सदर अस्पताल गत आठ सितंबर को 11 बजे रात में लेकर पहुंची जहां किशोरी की आपबीती थाना के एस आई प्रदीप कुमार की उपस्थिति में फर्द बयान दर्ज किया गया जिसकी प्राथमिकी 9 सितंबर को इंद्रपुरी थाना में किया गया।



# अंतर्राष्ट्रीय पितृपक्ष मेला में महिला पिंडदानियों की उमड़ी भीड़

## अपने पितरों का किया पिंड का तर्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला में प्रतिदिन पिंडदानियों की भारी भीड़ उमड रही है। इस बीच महिला पिंडदानी भी अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति को लेकर पिंडी का तर्पण करते दिख रहे हैं। पिंडदानी अपने पितरों के मोक्ष हेतु पिंडदान की क्रिया अपने ब्राह्मणों के निर्देशानुसार करने को तत्पर दिख रहे थे। बंगाल, राजस्थान व देश के विभिन्न राज्यों से आए पिंडदानी समूह में पुनपुन नदी के तट पर तिर्थ का महासंगम रहा। हलांकि पिंडदान, तर्पण पितरों के मोक्ष हेतु इन क्रियाओं में अक्सर पुरूष ही इस कार्य को करते है। अथवा उनके साथ उनकी पत्नी भी साथ होती हैं। परंतु पुनपुन में बुधवार को निर्धन, पौढ़ व वृद्ध महिलाएं पूरे श्रद्धा के साथ कतार में पिंडदान के लिए तैयार दिखी। पूछने पर महिला पिंडदानियों ने बताया कि वे लोग झारखंड राज्य के कोरडमा जिले से आई हैं। बताया कि घर में पति व पुत्र भी है। जो दैनिक मजदूरी व खेत मजदूर है। उनके पास इतना समय नहीं है कि रोज की रोजी रोटी को छोड़कर पितरों के पिंडदान करने के लिए आए। इन महिला पिंडदानियों ने वर्षो की जमा पूंजी को लेकर पुनपुन आकर पिंडदान करने का निश्चय किया। और आज वे बड़े ही प्रसन्न मन से इस धार्मिक अनुष्ठान में लगी है। पूछने पर बताया कि सबसे पहले अपने ससुराल पक्ष से सास-ससुर व अन्य फिर अपने मैयके से मां-पिता व अन्य का पिंडदान करेगी। यह पूछने पर कि अपने साथ पति या पुत्र को लेकर आती तो पिंडदान करना अच्छा होता तो तपाक से जबाव दिया कि सीता मां ने अपने ससुर राजा दशरथ को बालू के पिंड से मोक्ष दिलवाया था। तो हम पिंडदान क्यो नही कर सकते है। हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे पूर्वज दिये गये पिंड से मोक्ष के अधिकारी होंगे। और उनके आशीष से हमारा परिवार फलें-फुलेगा। महिला पिंडदानी शांति देवी, पार्वती देरी, सरस्वती देवी, पूनिया, रूकमणी आदि लगभग 30 की संख्या में पिंडदान कर रही थी। पांडा समिति के सचिव रिंकू बाबा ने बताया की महिलाओं द्वारा पिंडदान किया जा सकता है, जो कि एक प्राचीन पौराणिक परंपरा है. खासकर जब किसी परिवार में पुत्र न हो या पुत्र श्राद्ध कर्म करने में सक्षम न हो, तो ऐसी विशेष परिस्थितियों में महिलाएँ (बेटियाँ, बहुएँ, पत्नियाँ) पितरों की मुक्ति के लिए पिंडदान का अधिकार रखती हैं। इस परंपरा की जड़ें पौराणिक कथाओं में हैं, जहाँ माता सीता ने भी अपने ससुर राजा दशरथ का गया के फल्गु तट पर बालू से पिंडदान किया था।

# पंचशील नगर में जल जमाव से उभरे गड्ढे से हो रहे हादसे

## पिछले दिनों लोगों ने किया था प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** पिछले डेढ माह से नप क्षेत्र के पंचशील नगर में जल जमाव से सड़क पर गड्डे से होने से आये दिनों साइकिल, बाइक व ई रिक्शा हादसे का शिकार हो रहे है. पिछले 25 अगस्त को स्थानीय लोगों व ई रिक्शा चालकों ने आगजनी कर आठ घंटे तक सड़क जाम किया था। लोगों ने बताया कि पिछले डेढ माह से बारिश से पंचशील नगर में सडक पर जल जमाव के कारण गड्डे हो गया है. सडक पर जल जमाव के कारण सडक और नाला का पता नही चलता है जिसके कारण प्रत्येक दिनों बाइक, ई रिक्शा, चार पहिया वाहन सवार नाला में गिरने से जख्मी हो रहे है। लोगों ने बताया कि सड़क पर जल जमाव से नाला का पता नहीं चल पाता है। जिससे स्कूली बच्चों को गंदे पानी में घुसा कर अवागमन को विवश है. लोगों ने बताया कि परिषद प्रशासन द्वारा एडम एजेंसी द्वारा नाला उडाही और जल निकासी के नाम पर लाखों रूपये खर्च करने के बाद भी पंचशील नगर में सडक पर से जल जमाव निकासी व सडक पर बने गड्डे का मरम्मत कार्य नही कराया गया है. जिससे कारण आये दिनों सड़क पर जल जमाव व गड्डे मे गिर कर लोगों जख्मी हो रहे है. इसकी सुधि लेने के लिए नप के मुख्य पार्षद, पार्षद व परिषद के अधिकारी ने आज तक कोई उचित पहल नहीं किया गया है जिससे आये दिनों लोगों हादसे का शिकार हो रहे हैं। परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि जल्द ही जल निकासी व सड़क पर गड्डे की मरम्मत कराई जाएगी।

## एक नजर

### पुलिस ने देसी शराब की जब्त

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन देसी शराब के तहत चल रहे सर्च अभियान के दौरान पुनपुन पुलिस ने केला बागान गांव के समीप एक युवक को 33 लीटर देसी शराब के साथ रंगे हाथ दबोच है। दरअसल स्कूटी से वह युवक मैगी के बॉक्स में छोटे-छोटे पॉलिथीन में देसी शराब भरकर पटना की ओर ले जा रहा था, जिसे पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान उसे रंगे हाथ दबोच लिया है और स्कूटी भी जप्त कर लिया गया है। पुनपुन थाना अध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान केला बगान पुनपुन के पास से एक व्यक्ति जिसका नाम बिट्टू कुमार पिता सुमन चौधरी गांव चांदपुर बेला थाना जक्कनपुर को 33 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रशिक्षण

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना में राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद द्वारा प्रायोजीत कृषि इनपुट बिक्रेताओं का डीप्लोमा प्रशिक्षण अंतर्गत 24वीं सप्ताह का प्रशिक्षण विषय मृदा विज्ञान पर आयोजित किया गया। डॉ रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने प्रशिक्षणार्थियों को मृदा जाँच करने के उपरांत हीं उर्वरकों के उपयोग पर बल दिया। इस प्रशिक्षण में डॉ. उमेश नारायण उमेश, वैज्ञानिक (मृदा विज्ञान) कृषि विज्ञान केन्द्र, नालंदा ने मिट्टी जाँच कब, क्यों और कैसे एवं मिट्टी के विभिन्न पोषक तत्वों की कमी के लक्षण एवं निदान विषय पर विस्तृत जानकारी दिया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कृषि उत्पाद में प्रयोग किये जाने वाले उर्वरकों, कीटनाशकों एवं बीज के विक्रेता या डीलर हैं, उन्हें कम समय में कृषि उत्पाद से जुड़े संपूर्ण तकनीकी ज्ञान से अवगत कराना है, ताकि सही गुणवत्ता का उत्पाद सही मात्रा में कृषकों को सरकार के दिशा-निर्देश का अनुशरण करते हुए पहुंचे।

### प्रधान शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार शिक्षा परियोजना समग्र शिक्षा अभियान की समावेशी शिक्षा अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत मसौढ़ी के शिक्षक प्रशिक्षक महाविद्यालय में प्रधानाध्यापक एवं प्रधान शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। चेतना शस्त्रस स्कूल प्रबंधन, आदि है। प्रत्येक विद्यालय से एक-एक नामित शिक्षक को इसमें शामिल किया गया है। पहले चरण में 60 शिक्षकों का बैच तैयार किया गया है। साधन सेवियों ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के साथ ऐसा व्यवहार न करें जिससे उनके अंदर हीनभावना उत्पन्न हो। दो बैच में सभी प्रधान शिक्षकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक बैच में औसतन 60 शिक्षक शामिल हैं, मास्टर ट्रेनर के रूप में चार शिक्षक और 6 लेक्चर हैं मास्टर ट्रेनर ग्रुप में मोहम्मद नियाज अहमद ने बताया कि बच्चों में कई तरह की प्रतिभाएं छिपी होती हैं, जिन्हें पहचानकर निखारने की आवश्यकता है। समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है।

### सार्वजनिक कुआं भरकर लगाई जा रही लाइट

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जल-जीवन-हरियाली अभियान बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत चार साल पूर्व नगर परिषद द्वारा पुराने सार्वजनिक कुओं का जीर्णोद्धार कराया गया था. परिषद के वार्ड 12 में सगुना स्थित सार्वजनिक बुढ़िया कुआं को भरकर हाइ मास्क लाइट लगाने के लिए पायलिंग का निर्माण कराया गया है. बताया जाता है कि सगुना में वर्षों पुराना बुढ़िया कुआं है और स्थानीय लोग इस कुएं से पानी का उपयोग करते थे. स्थानीय लोगों ने बताया कि चार साल पूर्व परिषद प्रशासन द्वारा जल जीवन हरियाली अभियान के तहत बुढ़िया कुएं का जीर्णोद्धार कर सौंदर्यीकरण कराया गया था. लोगों ने बताया कि परिषद के संवेदक को वर्षों पुराना बुढियां कुआं से हटकर हाई मास्क लाइट लगाने के लिए पायलिंग करने को कहा गया था.परंतु संवेदक ने मनमानी करते हुए सार्वजनिक कुआं में ही पायलिंग कर दिया गया है. जिससे बुढिया कुआं का नामोनिशान मिट जायेगा. पूरे नगर में सगुना बुढिया कुआं से जाना जाता था. जहां राज्य सरकार जल संरक्षण ही नहीं बल्कि पर्यावरण संतुलन और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए सार्वजनिक कुआं व तालाब को जीर्णोद्धार करा कर सौंदर्यीकरण कराया गया था. परिषद संवेदक द्वारा सार्वजनिक कुआं को भरा कर हाई मास्क लाइट लगाया जा रहा है. संवेदक से फोन पर पूछने कहा कि सार्वजनिक कुआं भरा हुआ था और कोई उपयोग में नही आ रहा था. पिछले चार साल पूर्व परिषद प्रशासन द्वारा कुआं का जीर्णोद्वार कर सौंदर्यीकरण कराया गया था. परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि सार्वजनिक कुआं को भरा कर हाई मास्क लाइट लगाने जाने को लेकर जांच करायी जाएगी।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना में पैसा लेने की शिकायत पर कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत मसौढी प्रखंड में गांव-गांव में महिलाओं में काफी उत्साह देखते बन रहा है। सभी जीविका समूह से जुड़े हुए महिला मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत आवेदन भर रहे हैं। लेकिन इस बीच कई जगहों से लगातार शिकायते मिल रही हैं कि आवेदन भरने के दौरान नजराना वसूली हो रही है। शिकायत के आलोक में प्रखंड जीविका परियोजना पदाधिकारी दिग्विजय सिंह, कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश एवं अन्य कर्मियों की टीम गठित कर तकरीबन पांच गांव में जांच की गई, जहां पर मसौढ़ी प्रखंड के इशरचक गांव में आशा जीविका महिला ग्राम संगठन, के द्वारा जीविका मित्र अंजू देवी को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत आवेदन भरने के एवज में पैसा लेने की शिकायत मिलने पर आशा जीविका महिला ग्राम संगठन के द्वारा जांचोपरांत उन्हें जीविका मित्र के पद से हटा दिया गया है। साथ ही जीविका मसौढ़ी के प्रखंड परियोजना प्रबंधक के द्वारा यह भी बताया गया है मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत किसी भी प्रकार कि कोई राशि अगर किसी कैडर के द्वारा ली जाती है तो इसकी सूचना तुरंत जीविका कार्यालय मसौढ़ी के दे। इस योजना के तहत कोई भी पैसा किसी को नहीं देना है एवं इस योजना का लाभ जीविका समूह के अतिररिक्त जो समूह में नहीं जुड़ी है उन्हें समूह से जुड़ने के उपरांत इसका लाभ दिया जाएगा।

# वैश्य समाज ने विधानसभा चुनाव में की टिकट की दावेदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** बुधवार को तकियापर स्थित मैरेज हॉल में वैश्य अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन का अध्यक्षता डा अमित कुमार ने की। सम्मेलन का उदघाटन डा अमित कुमार, भाजपा नेता अखिलेश कुमार उर्फ मुटुर साह, नप उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि राजनाथ उर्फ राजू जयसवाल, छावनी परिषद नामित सदस्य आशा देवी, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष उमेश कुमार व कमल कुमार गुप्ता उर्फ बंटी गुप्ता, पिंकू जसवाल, सुंदर साहू, नंदकिशोर गुप्ता ध्रुव साह, ठाकरे ने संयुक्त रूप से किया। अखिलेश कुमार उर्फ मुटुर साह ने कहा कि वैश्य समुदाय को राजनीतिक भागीदारी के लिए एकजुट होकर एक मंच पर आना होगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से आगामी चुनाव में दानापुर विधानसभा सीट से वैश्य समुदाय को टिकट देने की मांग किया है. राजेश कुमार ने वैश्य समाज की राजनीतिक भागीदारी को लेकर एकजुट होकर आगे आना होगा. वैश्य समुदाय ने राजनीतिक भागीदारी के साथ राज्य और देश निर्माण में अपनी योगदान दिया है. बंटी गुप्ता ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों एक जाति को प्रत्याशी बनाया जाता है. वैश्य समुदाय से प्रत्याशी नही बनाया जाता है. जबकि वैश्य समुदाय के मतदाताओं के वोट से ही विधानसभा से पार्टी जीत हासिल करती है।

# स्वावलंबन परियोजना से दिव्यांगों को मिला रोजगार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** एसबीआई फाउंडेशन एवं एक्शनएड एसोशिएसन के संयुक्त तत्वाधान में संचालित स्वावलंबन परियोजना अंतर्गत दिव्यांगों के आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिव्यांग निलेश कुमार को पालीगंज के रजिस्टार ऑफिस के निकट मल्टी मीडिया डिजिटल स्टेशनरी दूकान का उद्घाटन एक्शनएड एसोशिएसन के क्षेत्रीय प्रबंधक सौरभ कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शरद कुमारी एवं मो. इकरामजी के कर कमलों से किया गया। वहीं अपने आजीविका के साधन को पाकर दिव्यांगजनों में खुशी की लहर दौड़ उठी थी। एक्शनएड एसोशिएसन के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री सौरभ कुमार ने बताया कि एक्शनएड 2006 से हीं निरन्तर दिव्यांगो के जागरूकता एवं सशक्तिकरण पर कार्य करते रहा है और अब एसबीआई फाउंडेशन के साथ मिलकर दिव्यांगों को आजीविका के लिए प्रोत्साहित करने के साथ संसाधन भी मुहैया करा रहा है। संस्थान की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शरद कुमारी ने कहा बहुत खुशी की बात है कि जहां दिव्यांगों को लोग बोझ मानते हैं वहां ये दिव्यांग पति पत्नी मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्य से समाजों सोच को बदलने का कार्य कर रहे हैं।

# अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के मौके पर बुधवार को मसौढी प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने की। मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी डॉक्टर एवं सहकारिता विभाग के कर्मचारी शामिल रहे। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में तकरीबन डेढ़ सौ मरीजों का निशुल्क जांच की गई, दवाएं भी दी गई। प्रखंड मुख्यालय में आने वाले लोगों को उनके बीमारियों की दवा दी गई और जांच पड़ताल की गई। सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि सरकार के सचिव की ओर से कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। बताया कि प्रखंड स्तरीय शिविर प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित की गई जहां डेढ़ सौ मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई है। मरीजों के बीच बीपी, शुगर, की जांच की गई है इसके अलावा विभिन्न तरह के बीमारियों को निशुल्क दवा भी दी गई है, इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने बताया कि सहकारी समितियां कृषि, ऋण और बैंकिंग, आवास और महिला कल्याण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में काम करती हैं। वे किसानों और छोटे उद्यमियों को ऋण प्रदान करके वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में सहायक हैं, जिन्हें पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाई हो सकती है। ये समितियां ग्रामीण विकास, स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने और सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे मे अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर स्वास्थ्य शिविर लगा कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य की जांच की गई मौके पर डॉ इरफान अख्तर, डॉ आनंद कुमार, सिंपी कुमारी सहकारिता कर्मचारी प्रियंका कुमारी के साथ मौके पर मुखिया रवि प्रकाश समेत कई लोग शामिल रहे।

# सरकारी स्कूलों में अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन शुरू, बच्चों में उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**फुलवारीशरीफ।** प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में आज से अर्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा की शुरुआत हो गई. सुबह से ही विद्यालयों में बच्चों का उत्साह देखने लायक था. नीली यूनिफॉर्म में सजे संवरे विद्यार्थी समय पर स्कूल पहुँचे और पूरी तन्मयता के साथ परीक्षा में शामिल हुए। कक्षाओं में गंभीर माहौल रहा और बच्चे एक-एक प्रश्न का उत्तर लिखने में मग्न दिखे। दीवारों पर टंगे रंग-बिरंगे चार्ट, चित्र और शिक्षण सामग्री बच्चों के आत्मविश्वास को और बढ़ाते नज़र आए. वहीं शिक्षक भी अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए बच्चों को पूरी तरह अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल कराने में जुटे रहे। शिक्षकों ने बताया कि अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन से बच्चों की शैक्षणिक प्रगति का अंदाज़ा लगाया जा सकेगा और आगे की पढ़ाई को और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी वहीं बच्चों ने कहा कि परीक्षा उनके लिए केवल अंक प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि खुद को परखने और आगे बढ़ने का मौका है। विद्यालय परिसर में अभिभावकों का भी उत्साह दिखा, कई माता-पिता अपने बच्चों को समय से स्कूल पहुँचा कर प्रोत्साहित करते नज़र आए।

# पिंडदान करने वालों की बेवजह पिटाई, पुनपुन स्टैंड पर नशे में धुत बदमाशों का आतंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** पिंडदान करने आए लोगों के लिए बुधवार की शाम ख़ुशियों की जगह डर व खौफ में बदल गई, जब परसा बाजार थाना क्षेत्र के शिव नगर पुनपुन स्टैंड के पास नशे में धुत 4-5 बदमाशों ने बेवजह पिंडदान करने वालों पर हमला कर दिया. कई पिंडदानियों को पीटा गया और उनके कपड़े फाड़ दिए गए. कई राहगीर पिटाई के जद में आ गए कई के कपड़े में फाड़ डाले गए.बेवजह रोककर नशे में धुत्त बदमाशों ने कई को बेवजह थप्पड़ो घूंसो की बरसात कर दी तो कई को डंडा से भी पिटा गया. जब तक लोग अचानक हमले से संभालना चाहे उन्हें बदमाशों ने खदेड़ दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस समय पुनपुन में पितृपक्ष का मेला लगा हुआ है, और दुनिया भर से लोग पहले पुनपुन में पिंडदान करते हैं और उसके बाद गया जी रवाना होते हैं. घटना के समय कई बाहर के पिंडदानी भी वहां मौजूद थे, जिन्हें बदमाशों ने निशाना बनाया. डर के मारे पिंडदानी पुलिस को सूचना नहीं दे पाए और सुरक्षित रहने के लिए किसी तरह पुनपुन से निकलकर गया जी रवाना हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनभर इस इलाके में 112 डायल की गाड़ियाँ मौजूद रहती हैं, लेकिन देर शाम के बाद अचानक गायब हो जाती हैं।

# पांच महीने से नहीं हुई नगर परिषद बोर्ड की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** नगर परिषद की बैठक करीब पांच महीने से नहीं हुई है. जबकि हर दो महीने के अंतराल में परिषद की विशेष बैठक बुलाने का नियम है. जबकि मानसून की तैयारी को लेकर भी विशेष बैठक नही किया गया था. जिसके कारण पूरे नगर में इस बार जल जमाव से त्रस्त रहा. बाजवूद मुख्य पार्षद विशेष बैठक को बुलाने के लिए गंभीरता नही दिखा रहे है. जबकि 15 अगस्त को बोर्ड के बैठक के लिए मॉडल सभाकक्ष का उदघाटन मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी ने किया था. इसके बाद भी बोर्ड की बैठक नही किया गया है. कई पार्षदों व पार्षद प्रतिनिधियों ने नाम नही छापने के शर्त पर बताया कि मुख्य पार्षद को पुराने योजनाओं का उदघाटन करने का समय है, परंतु बोर्ड की बैठक करने के लिए उनके पास समय नही है. जिसको लेकर पार्षदों व पार्षद प्रतिनिधियों में रोष व्याप्त है. पार्षद प्रतिनिधियों ने बताया कि बोर्ड की बैठक नही होने से इस साल अभी तक कोई विकास के लिए कोई योजना पारित नही किया गया है. जबकि नगर पालिका अधिनियम के तहत निकायों को प्रत्येक 60 दिन के अंतराल से निर्वाचित पार्षदों बैठक बुलाना होता है जबकि नगर परिषद में पिछले 29 मार्च को आम बजट को लेकर बैठक हुई थी. जबकि पिछले साल भी नगर परिषद में साढे तीन माह के बाद बैठक हुई थी. एक्ट के अनुसार 20 फीसदी पार्षद बैठक की मांग कर सकते हैं और मुख्य पार्षद द्वारा बैठक आयोजित नहीं करायी जाती तो डीएम के समक्ष शिकायत की जा सकती है, लेकिन अधिकतर पार्षद नियमों से अंजान हैं।

### एक्ट के अनुसार हर महीने मीटिंग जरूरी

म्युनिसिपल एक्ट की धारा 25 के अनुसार नगर पार्षदों की हर महीने बैठक आयोजित होनी चाहिए. बैठक में ही पार्षद अपने एजेंडे व समस्याओं को रख सकते हैं. शहर के विकास को लेकर मंथन किया जाना जरूरी है. पिछले जुलाई माह में परिषद के सशक्त समिति की बैठक किया गया था. बोर्ड की बैठक नही होने से पार्षदों में कडी नाराजगी जाहिर की है। पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि पूर्व की बैठक में सडक व नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है और परिषद द्वारा सफाई को लेकर उपकरण की खरीदारी किया जा रहा है. पार्षद प्रतिनिधियों कहना है कि बोर्ड की बैठक हो या नही, लेकिन वार्ड में विकास कार्य किया जा रहा है. परिषद के नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि म्युनिसिपल एक्ट के तहत हर माह बैठक करना जरूरी है. मुख्य पार्षद के सहमति से आम बैठक बुलाई जाती है. उन्होंने बताया कि इसी माह में सशक्त समिति बैठक की जाएगी और जल्द ही बोर्ड की बैठक होगी। वही परिषद के ईओ पंकज कुमार के फोन पर संपर्क किया तो कनीय अभियंता दिवाकर कुमार ने फोन रिसिव कर बताया कि बोर्ड की बैठक के बारे में कोई जानकारी नही है।

### कार्यों की समीक्षा

**फुलवारीशरीफ।** गोपाल नगर स्थित स्व. नेता शर्मा स्मृति अनाथ आश्रम की कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष संजना शर्मा ने की जबकि संचालन सचिव कृष्ण कुमार शर्मा ने किया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण के क्षेत्र में संस्था के अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही बिहार के अन्य जिलों में संस्था के क्रियाकलापों का आकलन कर छूटे हुए जिलों में विस्तार करने पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर संस्था की ओर से बेहतर कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित भी किया गया. पुरस्कृत सदस्यों में कोषाध्यक्ष संतोष कुमार चौधरी, मीना देवी, डॉ. लाल बहादुर शास्त्री, मनोरंजन कुमार और महानंद प्रसाद शामिल रहे। बैठक में संस्था के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।


**Govt. of Bihar**

**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, RCD, ROAD DIVISION No. 1, Aurangabad**

**Email ID:- eercdaurangabad01@gmail.com, Mob:- +91-9470001281**

**SBD BASED DETAILED SHORT NOTICE INVITING E-TENDER**

**(Through e-procurement mode only https://www.eproc2.bihar.gov.in)**

**NIT No.- RCD / AURANGABAD/SBD/07/2025-26 (Re-Tender)**

1. **Designation And Address of The Advertiser** :- **Executive Engineer, R.C.D., Road Division No. 1 Aurangabad**
2. Date Of Issue of Notice Inviting Tender :- **06.09.2025**
3. Period For Download of Tender Document :- From **17.09.2025** to **26.09.2025** Up to 15:00 hrs. **(From Website:** https://www.eproc2.bihar.gov.in **) Only.**
4. Date, Time & Place of Pre-Bid Meeting :- **18.09.2025** at 11:00 hrs. at Office of The Chief Engineer, South, RCD, Bihar, Patna
5. Last Date & Time for Uploading Tender Document By Bidder :- **26.09.2025** Up to 15:00 hrs. **On Website**: (https://www.eproc2.bihar.gov.in ) Only.
6. Date, Time & Place Of Opening Of Technical Bid :- Date- **26.09.2025** after 15:30 hrs. **On Website :** https://www.eproc2.bihar.gov.in

7. Details Of Works:-

| Group No. | Name of work | Estimated Cost ( Rs in Lakh) | Amount of Earnest money ( Rs in Lakh) | Cost of B.O.Q (to be paid through online mode) (non-refundable) (in Rs.) | Bid Processing Fee (to be paid through online mode) (non-refundable (in Rs.) | Time of completion of work (in month) Including monsoon period. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Widening and Strengthening of Gaya to Aurangabad Via Paraiya Gururu Rafiganj (Part -B) (Km 27.80 to Km 64.170) from Intermediate to Double Lane under RCD, Road Division No. 1, Aurangabad for the year 2024-25. | 10393.87824 | 113.94 | 10,000.00 | As appeared on e-proc2 | 18 Month |

8. Date, Time & Place of opening of Financial Bid:-To be announced after approval of Technical Bid by Competent Authority **(on Website : https://www.eproc2.bihar.gov.in)**
9. Bid Validity :- 120 Days
10. Detailed NIT can be seen on website https://www.prd.bihar.gov.in or https://www.eproc2.bihar.gov.in or the notice board of the office of the undersigned.

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**Executive Engineer, RCD, Road Division No. 1, Aurangabad**

**PR. No. 014312 (RCD) 2025-26**

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

# 278348 लाभार्थियों के खाते में बढ़ी हुई पेंशन राशि हस्तांतरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बुधवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के खाते में बढ़ी हुई पेंशन राशि का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लाभार्थियों को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषित निर्णयानुसार सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि माह जून 2025 से 400 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दिया गया है। इसके आलोक में माह अगस्त की पेंशन राशि बुधवार को डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित की गई। समाज कल्याण विभाग, बिहार के सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के निदेशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त सहित सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कुल 106 लाभार्थी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि औरंगाबाद जिले में संचालित सभी छह प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को बढ़ी हुई दर 1100 रुपये माह-अगस्त की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। इनमें मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1,42,010 लाभार्थी, बिहार राज्य निःशक्तजन पेंशन योजना के 27,054 लाभार्थी, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 25,915 लाभार्थी, इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन योजना के 73,813 लाभार्थी, इंदिरा गांधी निःशक्तजन पेंशन योजना के 1,864 लाभार्थी तथा इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना के 7,692 लाभार्थी शामिल हैं।



# उद्यमियों को 35 प्रतिशत तक मिलेगा अनुदान : जीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला उद्यान पदाधिकारी के सभाकक्ष में स्वयं का उद्योग स्थापित करने संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक, जिला उद्यान पदाधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, कृषि सलाहकार सहित बड़ी संख्या में किसान एवं उद्यमी उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र जैसे-आटा मिल, नूडल्स निर्माण, तेल मिल, दाल मिल, बिस्कुट उत्पादन, जूस इकाई, अचार, पापड़, मुरब्बा, मिठाई निर्माण, आइसक्रीम उत्पादन, मसाला मिल, नमकीन उत्पादन, पशु आहार निर्माण आदि से संबंधित नया उद्योग लगाने अथवा पूर्व से स्थापित इकाई का विस्तार करने के इच्छुक उद्यमी, किसान, शिक्षित एवं बेरोजगार युवक-युवतियां बैंक के माध्यम से ऋण स्वीकृति एवं भुगतान प्राप्त कर उद्योग स्थापित कर सकते हैं। साथ ही उन्हें उद्योग विभाग द्वारा अधिकतम 35 प्रतिशत तक अनुदान का लाभ भी प्रदान किया जाएगा। योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक आवेदक अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, मशीनरी का विवरण, मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी के साथ जिला उद्योग केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं। तत्पश्चात बैंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। महाप्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत खाद्य प्रसंस्करण के अतिरिक्त अन्य विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में भी नए उद्योग स्थापित करने हेतु आवेदन किया जा सकता है।

# स्वर्ण व्यवसायी से सात लाख के आभूषण की लूट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के फ़ेसर रोड में अवस्थित चतरा गांव के पास हथियारबंद अपराधियों ने एक स्वर्ण व्यवसायी से दिनदहाड़े लगभग सात लाख रुपए के सोने व चांदी का आभूषण छिन लिया। छिनतई का शिकार हुआ युवक धीरज कुमार सोनी फ़ेसर थाना क्षेत्र के उन्थु गांव का रहने वाला है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसने बताया कि वह अपने घर से बाइक पर सवार होकर अजमेरी बिगहा गांव जा रहा था। इस दौरान चतरा गांव से पहले एक अपाची बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने पीछा कर पहले उसकी बाइक में धक्का मारा जिससे वह सड़क पर गिर गया। इसके बाद एक अपराधी ने उसका बैग छीनने लगा। जब उसने विरोध किया तो अपराधियों ने पिस्टल के बट से मारकर उसका सिर फोड़ दिया। पिस्टल का भय दिखाते हुए आभूषण से भरा बैग लेकर फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जख्मी स्वर्ण व्यवसायी को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही जख्मी स्वर्ण व्यवसायी के परिजन भी अस्पताल पहुंचे और इलाज की प्रक्रिया में जुट गए। जख्मी स्वर्ण कारोबारी धीरज ने बताया कि वह गांव-गांव में घूम कर आभूषण बेचने का काम करता है। रोजाना की तरह अपने घर से बाग में आभूषण लेकर अजमेरी बिगहा गांव जा रहा था। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। जख्मी स्वर्ण कारोबारी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। अपराधियों का पता लगाया जा रहा है। आवेदन या फर्द बयान मिलने के बाद मामले में एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पुनपुन नदी में डूबे किशोर का शव बरामद, माहौल गमगीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा।** ओबरा मुख्यालय के व्यापार मंडल के सामने मुहल्ले में रहने वाले संतन गुप्ता का 10 वर्षीय पुत्र विष्णु कुमार रविवार को पुनपुन नदी में नहाने के क्रम में डूब गया था। दोस्तों के साथ स्नान कर रहे विष्णु को अचानक गहराई में जाते देख साथी बच्चों ने शोर मचाया और परिजनों को सूचना दी लेकिन तत्काल उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और आसपास के ग्रामीण पुनपुन घाट पहुंचे और खोजबीन शुरू की परंतु सफलता नहीं मिली। बालक के लापता होने से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने औरंगाबाद पथ को जाम कर दिया। उनका आरोप था कि प्रखंड प्रशासन खोजबीन में कोई मदद नहीं कर रहा है और अब तक एन.डी.आर.एफ. टीम को मौके पर नहीं भेजा गया है। जाम की सूचना पर सीओ हरिहरनाथ पाठक और थानाध्यक्ष नितीश कुमार पहुंचे और समझा-बुझाकर जाम हटवाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही गोताखोरों और एनडीआरएफ टीम को लगाया जाएगा। सोमवार सुबह एनडीआरएफ टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया और कई घंटों की मशक्कत के बाद खुदवा थाने के अहिराडी पुनपुन से विष्णु का शव बरामद किया। बताया गया कि संतन गुप्ता मूल रूप से विशुनपुरा गांव के निवासी हैं और पिछले 15 वर्षों से ओबरा में मकान बनाकर रह रहे हैं। घटना की सूचना पाकर महुआव पंचायत के मुखिया ब्रह्मदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि पुष्कर अग्रवाल और आनंद विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी।

# राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटना की 23वीं बरसी पर दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर अवस्थित रफीगंज रेलवे स्टेशन से चार किलोमीटर दूर पश्चिम दिशा में धावा नदी के पास राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटना की 23वीं बरसी पर रेल कर्मचारी एवं समाजसेवियों श्रद्धांजलि दी। मंगलवार की रात्रि लगभग 10:45 बजे के आसपास रेल कर्मचारी एवं समाजसेवियों ने रेलवे ट्रैक का पूजन कर दो मिनट मौन रख मृतकों के आत्मा की शांति एवं कभी भी ऐसी घटना का दोहराव न हो, इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की। ज्ञात हो कि 23 वर्ष पूर्व 9 सितंबर 2002 को रात्रि लगभग 10:45 बजे के आसपास इसी स्थान पर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हुई थी जिसमें दर्जनों लोगों की मौत हो गई थी। पीडब्लूआई इंचार्ज अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उपस्थित लोगों ने धावा नदी पुल के समीप रेल पटरी की पूजा कर इस रेल दुर्घटना में मृत लोगों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा। इस तरह की दुर्घटना दोबारा नहीं हो इसके लिए भी ईश्वर से प्रार्थना की गयी। कांग्रेस नेता डॉ तुलसी यादव ने बताया कि दुर्घटना के बाद प्रत्येक वर्ष 9 सितंबर को रेलवे कर्मियों, आरपीएफ एवं स्थानीय लोगों द्वारा निश्चित समय पर पटरी की पूजा एवं कैण्डल जलाकर बरसी मनाई जाती है। मौके पर रफीगंज थाना के एसआई गौरव कुमार, दीपेंद्र, राजबल्लभ, अरविंद कुमार निराला, दिलीप कुमार, प्रेमचंद लकड़ा, एयर मार्शल, सत्य प्रकाश आजाद, रात्रि प्रहरी महिप कुमार, रविशंकर, आरपीएफ के संजय, डीके सूरज, मनोज मधुकर, मनोज कुमार, सुनील मिश्रा, पप्पू यादव बाबा, संदीप कुमार, सूरज कुमार, इरफान आलम, मनीष कुमार, राहुल कुमार, सुधीर कुमार उर्फ लड्डू, मसूद आलम, मनदीप कुमार, गोविंद कुमार, सत्येंद्र यादव, मनोज कुमार मधुकर, दिनेश कुमार सूरज, सुनील कुमार दिप, पूर्व उप मुख्य पार्षद हरेंद्र कुमार, जदयू नेता किशु गुप्ता, कुंदन यादव, पप्पू कुमार, भाजपा नेता अजय कुमार, लाला, मंदिप कुमार, राहुल गुप्ता, जितेंद्र कुमार, विशाल, चिंटू, गौतम कुमार, अतूल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# राजस्व महाअभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पंचायतों में लगेंगे दो से अधिक शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राजस्व महाअभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पंचायतों में दो से अधिक शिविर लगाने का निर्णय लिया है। विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर कहा है कि अब किसी भी हलके (पंचायत) में आवश्यकता पड़ने पर दो से अधिक शिविर लगाए जाएंगे। राज्य में बीते 16 अगस्त से शुरू हुआ राजस्व महाअभियान 20 सितम्बर तक चलेगा। इस दौरान ऑनलाइन जमाबंदी पंजी की प्रति एवं विभिन्न प्रपत्रों का घर-घर वितरण किया जा रहा है। शिविरों में जमाबंदी में त्रुटि सुधार, छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन करने, बंटवारा नामांतरण एवं उत्तराधिकार नामांतरण के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी डीएम को पत्र लिखकर कहा है कि अभियान की प्रगति समीक्षा में यह अनुभव हुआ है कि कई हलकों में मात्र दो शिविरों से सभी आवेदकों की समस्याओं का समाधान संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए अंचल अधिकारी अपने स्तर से अतिरिक्त शिविर लगा सकेंगे। साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि अतिरिक्त शिविरों से अभियान की अन्य गतिविधियां प्रभावित न हो। सचिव ने यह भी निर्देश दिया है कि महादलित टोलों एवं बस्तियों में विशेष ध्यान पर दिया जाए। वहां तक प्राथमिकता देकर जमाबंदी की प्रति जरूर उपलब्ध कराएं। कई स्थानों पर बंदोबस्त की गई भूमि की जमाबंदी पंजी की प्रति महादलित परिवारों तक समय पर नहीं पहुंच पा रही है।

# बच्चों को नशे की लत से बचाना पूरे समाज का दायित्व : डॉ. रवि रंजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला स्वास्थ्य समिति और सोसियो-इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी (सीड्स) के संयुक्त तत्वावधान में सादर अस्पताल के प्रशिक्षण कक्ष में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन ने की और इसमें जिले के गैर संचारी रोग पदाधिकारी, अस्पताल प्रतिनिधि एवं मीडिया कर्मी शामिल हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू की लत से बचाना और समाज में इसके दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर विशेष रूप से जोर दिया गया कि शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा जिला प्रशासन और पुलिस संयुक्त रूप से इसे अभियान के रूप में लागू करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन ने कहा कि तंबाकू को जड़ से समाप्त करने के लिए सामाजिक संस्थानों और आम जनता की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए इसे पंचायत स्तर तक ले जाना होगा, तभी समाज को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य पूरा हो सकेगा। सीड्स के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक सुदर्शन सिंह ने अपने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण में बताया कि बिहार में प्रतिदिन औसतन 440 बच्चे तंबाकू सेवन की शुरुआत करते हैं, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। सिविल सर्जन ने अपने संबोधन में कहा कि जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए इसे एक जन-आंदोलन का रूप देना होगा। उन्होंने आह्वान किया कि समाज के सभी वर्ग यह संकल्प लें कि बच्चों और युवाओं को इस घातक लत से दूर रखकर स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जाए। कार्यशाला में सीड्स से सुनिल कुमार चैधारी, बीआईईएस से चितरंजन सहाय, स्वर्ण विजय पांडे और आशीष सिंह सहित कई प्रतिभागी उपस्थित रहे।




# पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने सी.पी. राधाकृष्णन को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने देश के उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने पर सी.पी. राधाकृष्णन को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व सांसद ने कहा कि उनका विराट व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका जीवन समाज के हर वर्ग की सेवा और गरीबों तथा वंचितों को सशक्त करने के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनका कार्यकाल स्वर्णिम और शानदार होगा, जो न केवल संवैधानिक मूल्यों को और मजबूत करेगा बल्कि राष्ट्र सेवा के प्रति उनका अनुभव और समर्पण लोकतंत्र की मजबूती और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। उपराष्ट्रपति के निर्वाचित होने पर भाजपा और एनडीए के अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी हर्ष व्यक्त किया। इनमें वरीय भाजपा नेता सुनील सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र चन्द्रवंशी, देव के पूर्व उपप्रमुख मनीष पाठक, युवा नेता प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला पार्षद रामेश्वर बैठा, भाजपा नेता आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, नलिनी रंजन, प्रफुल्ल सिंह, बिनोद सिंह, राजेश सिंह, नरेश सिंह उर्फ मुखिया, पिन्टू सिंह, अमरीश सिंह, बुलबुल सिंह, सोनू सिंह, अखिलेश मेहता, विनय शर्मा, रविन्द्र शर्मा, राकेश कुमार देवता, मुनीन्द्र राम, जदयू नेता रणजीत चन्द्रवंशी, प्रवीण गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, भरत सिंह, उदय सिंह, विनय सिंह, जुलेखा खातून, अंजली सिंह, सारिका शेखर, गुड़िया सिंह, सुबोध सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता और समाजसेवी शामिल हैं।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# खादी वस्त्रों की खरीद पर 25 प्रतिशत की छूट

**औरंगाबाद।** भूदान यज्ञ प्रणेता संत विनोबा भावे की 130वीं जयंती पर भारत व बिहार सरकार ने 11 सितंबर से खादी के वस्त्रों पर 25 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। यह जानकारी शहर के रमेश चौक स्थित खादी भंडार के व्यवस्थापक मोहन पांडेय ने दी। श्री पांडेय ने बताया कि यह पहला मौका है कि जब गांधी जयंती के पूर्व से ही खादी वस्त्रों पर विशेष छूट देना सरकार ने प्रारंभ कर दिया है। कहा कि स्वदेशी वस्त्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार समय-समय पर इस प्रकार की रियायत देती है। खादी वस्त्र न केवल परंपरा और और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है बल्कि इसे पहनना स्वास्थ्य और मौसम की दृष्टि से भी बेहतर माना जाता है। इस अवसर पर श्री पांडेय ने अधिक से अधिक खादी वस्त्र खरीदने की अपील आमलोगों से की है।

# नाबालिग के अपहरण मामले में सश्रम कारावास

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने बारून थाना कांड संख्या -383/24, पोक्सो केस नम्बर -21/25 में सज़ा की बिन्दु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त विशुनपुर रिसियप निवासी अविनाश कुमार सिंह उर्फ चिंकू को पांच साल कारावास की सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त को कल दोषी ठहराया गया था। आज सज़ा की बिन्दु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त को बी एन एस की धारा 137(2) में पांच साल कारावास की सजा और बीस हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। वहीं पोक्सो की धारा 12 में तीन साल की सजा और दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। अधिवक्ता ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पीड़िता नाबालिग के पिता ने 24 अगस्त 24 को अपहरण का केस दर्ज कराया किया था। अनुसंधान के क्रम में अभियुक्त का नाम आया था। अभियुक्त घटना के बाद दस माह नौ दिन जेल में बिताया है।

